**All capitalised terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the RHP.**

**Place:** Jaipur, Rajasthan
**Date:** July 22, 2025

For **LAXMI INDIA FINANCE LIMITED**
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Sourabh Mishra
Company Secretary and Compliance Officer

**LAXMI INDIA FINANCE LIMITED** is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Equity Shares and has filed a red herring prospectus dated July 21, 2025 with the RoC. The RHP is made available on the website of the SEBI at www.sebi.gov.in as well as on the website of the BRLM i.e., PL Capital Markets Private Limited at www.plindia.com, the website of the NSE at www.nseindia.com and the website of the BSE at www.bseindia.com and the website of the Company at www.lifc.co.in. Any potential investor should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to such risks, please see the section *"Risk Factors"* beginning on page 33 of the RHP. Potential investors should not rely on the DRHP for making any investment decision but should only rely on the information included in the RHP filed by the Company with the RoC.

This advertisement is not an offer of securities for sale in the United States or elsewhere. This advertisement has been prepared for publication in India only and is not for publication or distribution, directly or indirectly, in or into the United States. The Equity Shares offered in the Offer have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended ("**U.S. Securities Act**"), or any state securities laws in the United States, and unless so registered, may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and in accordance with any applicable U.S. state securities laws. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold only outside the United States in "offshore transactions" as defined in, and in reliance on, Regulation S under the U.S. Securities Act and applicable laws of the jurisdictions where such offers and sales occur. Any public offering of securities to be made in the United States will be made by means of a prospectus that may be obtained from the issuer or the selling security holder and that will contain detailed information about the company and management, as well as financial statements. No public offering or sale of securities in the United States is contemplated. The Equity Shares have not been and will not be registered, listed or otherwise qualified in any other jurisdiction outside India and may not be issued or sold except in compliance with the applicable laws of such jurisdiction.

CONCEPT

DNA 361722

Scanned with OKEN Scanner

# संपादकीय



हमसे जुड़ने के लिए QR Code स्कैन करें

दैनिक नवज्योति
आपके लिए, आपके साथ
dainiknavajyoti.com
जयपुर, बुधवार, 23 जुलाई, 2025

89
सफलता, निष्पक्ष और विश्वसनीयता के


## सजगता जरूरी

इन दिनों देश के विभिन्न राज्यों के शिक्षा मंदिरों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल मिल रहे हैं। जो सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर और बड़ी चिंता का विषय है। सोमवार को प्रदेश की राजधानी जयपुर के विद्याधर नगर इलाके में एमजीपीएस स्कूल को ऐसी ही धमकी भरा ई-मेल मिला। मचे हड़कंप के बाद स्कूल भवन को आनन-फानन में खाली कराया गया। पुलिस, बम निरोधक दस्ता, नागरिक सुरक्षा एवं श्वान स्क्वायड टीमों ने छह घंटे तक गहन तलाशी ली। जब वहां कुछ नहीं मिला, तो सभी लोगों ने राहत की सांस ली। लेकिन इस अफवाह से साढ़े तीन हजार बच्चियों के अध्ययन और अध्यापन के बेशकीमती छह घंटे यूं ही बर्बाद हो गए। बच्चियों, उनके अभिभावकों और शिक्षिकाओं को उपजे भय से अनहोनी की आशंकाएं अलग झेलनी पड़ीं। इस स्कूल को तो पहले भी ऐसी ही एक धमकी मिल चुकी थी। पिछले डेढ़ साल की अवधि में राज्य के कई इलाकों की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं को मिली हैं। ऐसी धमकियों के दौर से हॉस्पिटल, सरकारी कार्यालय, मैट्रो स्टेशन और न्यायालय भी गुजर चुके हैं। जांच के बाद देवयोग से यह सब अफवाहें ही साबित हुईं। प्रदेश ही नहीं, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के करीब 45 स्कूलों को बम विस्फोट की अब तक धमकियां मिल चुकी हैं। पिछले सप्ताह सात स्कूलों को विस्फोट की धमकियां मिली थी। दिन-प्रतिदिन बढ़ती ऐसी घटनाएं हमारे सुरक्षा तंत्र के लिए भी चुनौती का विषय बना हुआ है। ऐसे में बेहद सजग और सतर्क रहने की जरूरत है। अगर ऐसी घटनाएं शरारतन होती है, तो भी क्षमा योग्य नहीं है। धमकियों से तनाव भी पैदा होता है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। हालांकि अभी तक की जांच में पुलिस ने पाया है कि यह सभी धमकी भरे संदेश फर्जी हैं। लेकिन फर्जी होने के बावजूद जांच को एक अंजाम तक तो पहुंचाया जाना चाहिए। कौन अपराधी है, जो ऐसी धमकियां दे रहा है? अगर यह किसी शरारती बच्चों को किया धरा है, तो भी उसका इलाज तो किया जाना ही चाहिए। ऐसी धमकियों का मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी पड़ता है। समाज में भय पैदा होता है यदि ऐसी हरकतों के प्रति नजर अंदाज करने की प्रवृत्ति बढ़ती है। कल्पना करें यदि कभी यह धमकी सचमुच सही निकली या इसे अंजाम दे दिया गया तो हालात कैसे बनेंगे? हमें 'सियार' वाली कहानी और कहावत नहीं भूलनी चाहिए। ऐसे में शिक्षकों और विद्यार्थियों को भी ऐसी अफवाहों और धमकियां से निपटने, सुरक्षा, बचाव और उन्हें मनोवैज्ञानिक रूप से प्रशिक्षित करने की जरूरत है। शिक्षण संस्थाओं में चेतावनी, निगरानी व्यवस्था के साथ पर्याप्त अग्नि शमन एवं अन्य आधुनिकतम इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा सामग्रियों का बंदोबस्त कराने की भी जरूरत है। ऐसी धमकियों की रोकथाम के लिए सरकार के स्तर पर खुफिया एवं सुरक्षा एजेंसियों को भी अपनी कार्य प्रणाली को पूरी तरह से सजग और सतर्क करने की जरूरत है। आखिर ऐसी धमकियों और धमकी देने वालों को कतई हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

## हेल्थ इज वेल्थ

बीपी हाई रहता है, तो खाली पेट भूलकर भी न पिएं चाय-कॉफी, सेहत को हो सकते हैं कई नुकसान।

1.हाई ब्लड प्रेशर को साइलेंट किलर भी कहा जाता है।

2.ब्लड प्रेशर हाई होने के कारण सिरदर्द, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन जैसी समस्याएं होती हैं।

3. जिन लोगों को हाई बीपी बना रहता है, उन्हें अपने हेल्थ एक्सपर्ट की सलाह पर ही चाय-कॉफी लेनी चाहिए।

4.हाई बीपी में कॉफी के बजाय अगर आप ग्रीन टी लेते हैं, तो यह ज्यादा फायदेमंद होता है।

5.ग्रीन टी में फ्लेवोनॉइड्स होते हैं ओवरऑल हेल्थ के लिए यह जरूरी होते हैं।

## आज का विचार





बहू को घर में एडजेस्ट होने के लिए समय दें। 25 साल की लड़की से 50 साल की महिला जैसी समझदारी और जवाबदारी की उम्मीद करेंगे तो बहू से हाथ धो बैठेंगे।

-श्री चन्द्रप्रभ जी

## अपनों से अपनी सी बात

### परिवार में प्रेम-प्यार

सुख-समृद्धि से भरपूर परिवार ही धरती का स्वर्ग है। ऐसे परिवार की कल्पना सभी लोग करते हैं। हर व्यक्ति की इच्छा होती है कि उसका सुखी व सम्पन्न परिवार हो। घर की व्यवस्था इतनी उत्तम हो कि बड़ों को उचित आदर व श्रद्धा मिले तथा छोटो को स्नेह व भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिले। इस तरह के परिवार के निर्माण में हर व्यक्ति का परस्पर सहयोगी होना अत्यन्त आवश्यक है वरना कभी कभी गृह-क्लेश और वैचारिक मतभेदों के कारण अच्छे भले परिवार भी नष्ट हो जाते हैं। अतः परिवार की खुशहाली के लिए एक दूसरे की कोमल भावनाओं व संवेदनाओं को समझकर उनका आदर करना चाहिए। परिवार के सभी रिश्तों में अटूट बन्धन होता हैं, जिनकी मर्यादा का सम्मान करना प्रत्येक सदस्य का नैतिक कर्तव्य है। अपने लिए दूसरों को कष्ट देने और एक-दूसरे की उपेक्षा करने से रिश्ते की यह कोमल डोर टूट भी सकती है। आर्थिल स्थिति सुदृढ़ करने के लिए पारिवारिक आर्थिक नीति इस प्रकार की होनी चाहिए कि प्रतिमाह बजट बनाने की आवश्यकता न पड़ें। यह सुविधा बहुत ही सरलता से परिवार में आपसी सामजस्य से उपलब्ध हो सकती है। इस समस्या पर गम्भीरता से विचार करना चाहिए। परिवार के बड़े व्यक्तियों की जिम्मेदारी है कि वे अपनी आय को पूरे परिवार पर खर्च करें,नाकि अपनी अनावश्यक निजी पूर्ति के लिए उसका उपयोग करें। इसी प्रकार छोटे सदस्यों को चाहिए कि वे सभी बड़ों को सम्मान दें, जिससे बड़े उन पर गर्व कर सकें। परिवार के बीच स्नेह,सदभाव व सहयोग होना आवश्यक है। छोटे छोटे कार्यों के लिए बाजार पर निर्भर रहना मतभेदों को जन्म दे सकता है, इसलिए जहां तक हो सके सभी को मिलजुलकर काम करते हुए एक-दूसरे का सहयोगी होना चाहिए।

-ललित अकिंचन

Feedback@dainiknavajyoti.com

**यह यात्रा न केवल धार्मिक है, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक बन चुकी है**

# कांवड़ यात्रा आस्था और समर्पण का पर्व

## प्रसंगवश



कांवड़ यात्रा सावन मास में शिवभक्तों द्वारा गंगाजल लाकर शिवलिंग पर अर्पित करने की परंपरा है। इसकी शुरूआत से जुड़ी अनेक कथाएँ हैं, जिनमें परशुराम, राम, रावण और श्रवण कुमार प्रमुख हैं। यह यात्रा आज सर्वधर्म समभाव, सामाजिक समरसता और शिवकृपा का प्रतीक बन चुकी है।

सावन के आरंभ के साथ ही कांवड़ यात्रा शुरू हो गई थी, जो 23 जुलाई 2025 श्रवण शिवरात्रि तक चलेगी। फिलहाल तो सड़कों पर कावड़ की धूम मची हुई है। ऐसा नहीं की शिव कावड़ केवल इसी शिवरात्रि तक ही सीमित रहेगी, बल्कि शास्त्रों के अनुसार इच्छुक शिव भक्त इसके बाद भी इसी सावन मास में व्यक्तिगत रूप से कांवड़ लाना चाहें, तो ला सकते हैं इसके लिए कोई बाध्यता या रोक नहीं है। यदि श्रवण में चलने वाली इस कांवड़ यात्रा पर एक दृष्टि डालें तो पता चलता है कि प्रति वर्ष सावन में शिव भक्त गंगातट से कलश में गंगाजल लाकर उसे कांवड़ से अपने क्षेत्र के शिवालयों में शिवलिंग पर अर्पित करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सावन में कांवड़ यात्रा करने से भगवान शिव भक्तों की मनोकामना विशेष रूप से पूरी करते हैं और सभी संकटों को दूर करते हैं।

**पहला कांवड़िया कौन**

अलग-अलग मिथकों के अनुसार परशुराम से लेकर श्रवण कुमार तक को पहला कांवड़िया होने के प्रसंग मिलते हैं। एक मान्यता के अनुसार, भगवान परशुराम ने सबसे पहले कांवड़ यात्रा की शुरुआत की थी। माना जाता है कि परशुराम गढ़ मुक्तेश्वर धाम से गंगाजल लेकर आए थे और वर्तमान उत्तर प्रदेश के बागपत के निकट स्थित पुरा महादेव का गंगाजल से अभिषेक किया था। उस समय सावन मास ही चल रहा था, इसी के बाद से कांवड़ यात्रा की शुरुआत हुई । आनंद रामायण के अनुसार भगवान राम पहले कांवड़िया थे। इस मिथक के अनुसार भगवान राम ने बिहार के सुल्तानगंज से गंगाजल भरकर देवघर स्थित बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग का अभिषेक किया था। उस समय भी सावन मास ही चल रहा था।

**प्राचीन ग्रंथों में**

कुछ प्राचीन ग्रंथों में रावण को भी पहला कांवड़िया बताया गया है। समुद्र मंथन के दौरान जब भगवान शिव ने हलाहल पान किया था, तब भगवान शिव का कंठ विष के प्रभाव से नीला हो गया था और वे तभी से नीलकंठ कहलाए थे। लेकिन हलाहल विष के पीने के बाद नकारात्मक शक्तियों ने भगवान नीलकंठ को घेर लिया था। तब परम शिवभक्त रावण ने महादेव को नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति के लिए ध्यान किया और गंगाजल भरकर पुरा महादेव का अभिषेक किया, जिससे महादेव नकारात्मक ऊर्जाओं से मुक्त हो गए थे। तभी से कांवड़ यात्रा की परंपरा भी प्रारंभ हो गई।

**पितृ भक्त श्रवण कुमार**

कुछ विद्वानों की मान्यता है कि सबसे पहले त्रेतायुग में श्रवण कुमार ने कांवड़ यात्रा शुरू की थी। श्रवण कुमार ने अंधे माता पिता को तीर्थ यात्रा पर ले जाने के लिए कांवड़ में बैठाया था। श्रवण कुमार के माता पिता ने हरिद्वार में गंगा स्नान करने की इच्छा प्रकट की थी, माता पिता की इच्छा को पूरा करने के लिए श्रवण कुमार कांवड़ में ही हरिद्वार ले गए और उनको गंगा स्नान करवाया। वापसी में वे गंगाजल भी साथ लेकर आए थे। बताया जाता है कि तभी से कांवड़ यात्रा की शुरुआत हुई थी।

**गंगा को लाने वाले**

इसके अतिरिक्त कुछ विद्वान गंगा को पृथ्वी पर लाने वाले भागीरथ को भी पहले कांवड़िया होने की मान्यता देते हैं, उनके अनुसार अपने पूर्वजों सगर पुत्रों के मोक्ष के लिए भागीरथ गंगा का जल कांवड़ में भरकर अपने पुरखों के तर्पण के लिए लाए थे, इसलिए उन्हें भी एक विशिष्ट कावड़िया कहा जा सकता है।

**समुद्र मंथन के दौरान**

एक अन्य मान्यता के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान जब महादेव ने हलाहल विष का पान कर लिया था, तब विष के प्रभाव को दूर करने के लिए सभी देवगणों द्वारा भगवान शिव पर पवित्र नदियों का जल चढ़ाया गया था, ताकि विष के प्रभाव को जल्दी से जल्दी कम किया जा सके। सभी देवताओं ने मिलकर गंगजल और दूध, दही, शहद, घृत एवं बेलपत्र आदि से भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

**देश भर से कांवड़िए**

यह शिव का प्रभाव ही है कि कलयुग में भी कांवड़ की शुरुआत होते ही देश भर के कोने-कोने से कांवड़िए करोड़ों की संख्या में शिवजी का अभिषेक करने के लिए कांवड़ का जल लेने के लिए उमड़ पड़ते हैं। इन कांवड़ियों में हर आयु वर्ग के कावड़िए शामिल हैं, जिनमें बच्चे, किशोर, युवा एवं वृद्ध यहां तक कि विकलांग भी शामिल हैं। इतना ही नहीं हिंदू धर्म के अतिरिक्त सिख एवं जैन धर्म के भी अनुयाई काफी संख्या में कांवड़ लेने के लिए जाते हैं। पिछले वर्ष तो बिहार से कुछ मुस्लिम भी कांवड़ लेकर आए थे।

**सर्वधर्म समभाव की यात्रा**

यदि इस दृष्टि से कांवड़ को सर्वधर्म समभाव की यात्रा कहा जाए, तो गलत नहीं होगा क्योंकि कावड़ का अधिकांश सामान जिसमें प्रसाद से लेकर कांवड़, कलश, कांवड़ सजाने का कार्य व सज्जा सामग्री तथा कावड़ से संबंधित झांकियों के निर्माण में मुस्लिम समुदाय का भी विशिष्ट योगदान रहता है अतः हम उन्हें भी कावड़ परंपरा से अलग नहीं कर सकते हैं।

-डॉ घनश्याम बादल
यह लेखक के अपने विचार हैं।

## जल तरंग

### बातों की रसीली दुनिया

मनुष्य जीवन सरस और गतिमय बनाने के लिए भले ही आज मोबाइल टीवी उपलब्ध है। लेकिन इन सबसे हटकर भी लोगों के बीच होने वाली अपनेपन की बातचीत का कोई सानी नहीं। मित्रों के बीच होने वाली गपशप भरी बातों का तो कहना ही क्या,वह लोगों का मनोरंजन ही नहीं करती, बल्कि उन्हें एक दूसरे को जोड़े भी रखती हैं। कई बातें तो रसगुल्ले सी मीठी रसदार होती हैं। कुछ बातें बिना कुंडी खटखटाये एक घर से दूसरे घर हवा की तरह दीवारों के पार पहुंच जाती है। बातों की इस रसीली दुनिया में महिलाओं की बातों का तो कहना ही क्या! उनकी पारिवारिक बातों से हटकर जब वह अपनों के बीच किसी समारोह में जाती हैं, तो वहां कई प्रकार की बातों का सुनने का अवसर मिलता है। वहां कई बातें ऐसी होती है कि उन्हें सुनकर चटकारे भरते बैठे ठाले उनका आनंद लेते जाओ। इन बातों का मजा तो तब और अधिक आता है जब कोई कथा वाचक या संत महात्मा श्रद्धालुओं के बीच धार्मिक समारोह में प्रवचन दे रहे हों। वहां बैठी औरतों के लिए यह भरपूर मनोरंजन का समय होता है। वहां पास पड़ोस की तथा परिचित औरतों का मिलना जुलना हो जाता है। कथा के बीच होने वाला टी ब्रेक औरतों के लिए आनंद भरे मनोरंजन का समय होता है। वहां बैठी महिलाएं,अपनी लुभावनी लच्छेदार बातों के लिए जानी जाने वाली बातूनी औरतों के पास सिमट आती हैं। और वह भी बिना किसी देरी के सबको अपने झमेले में घेर लेती हैं। वह अपने हाव भाव और हवा में हाथों को इधर-उधर उछालते हुए अपनी चटपटी और तेरी-मेरी यहां-वहां की बातें सुना कर दरिया दिली से मनोरंजन करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़तीं। वह स्वयं भी हंसमुख रहती हैं और दूसरों को भी हंसने खिलखिलाने का अवसर देती हैं। हमारे मोहल्ले में भी एक ऐसी ही रुनझुन काकी रहती है। वह बातों की दुनिया की सिरमौर है साथ ही सामाजिक भूमिका निभाने में भी अग्रणी बनी रहती है। वह पड़ोस में कोई भी सामाजिक या धार्मिक कार्यक्रम हो, सब जगह महिलाएं उसकी प्रतिज्ञा करती रहती हैं। उसके बिना तो ऐसा लगता है जैसे खीर फीकी रह गई हो। हर औरत के पास न तो बातों का खजाना होता है और न आकर्षक अभिव्यक्ति। जिस पर ईश्वर की कृपा होती है वहीं कुछ बातों को घुमा फिरा कर कहने की कला में एक्सपर्ट होती है। लगता है जैसे उसने बातों की कला में पीएचडी की डिग्री प्राप्त कर रखी हो। यह घर के टेंशन को अपने स्वास्थ्य पर हावी नहीं होने देती। उन्हें बीपी शुगर भी प्रभावित नहीं करता। और न घर की खटपट को लिफ्ट देती है। बस जब देखो मस्त बनी रहती हैं। वह तो अपनी बातों की दुनिया में ऐसी रच बस जाती है कि अन्य पास की महिलाएं भी उसकी राह पर आगे बढ़ने के लिए सोचने लगती हैं। सच तो यह है की बातूनी होने से मनोरंजन और मुस्कान दोनों बनी रहती है।

-दिनेश विजयवर्गीय
यह लेखक के अपने विचार हैं।

## जीवन बोध

### जीवन का आधार



महापुरुष इस सत्य परमात्मा, निराकार का बोध हासिल करके इसी को ही जीवन का आधार मान कर चल रहे हैं। भाव इनका यही है कि इस संसार में जितने भी इन्सान पैदा हुए हैं,उनको अपनी आत्मा का कल्याण करने का एक अमोलक अवसर मिला है। इस परमपिता परमात्मा की पहचान हासिल करके, जहां पर इस आत्मा को आवगमन के बन्धनों से निजात हासिल होगी, वहां पर इस जीवन को जीने का सलीका प्राप्त हो जाएगा। क्योंकि यह रौशनी जीवन में आने से हमारा जीवन का सफर प्रकाशमयी और उज्ज्वल हो जाता है। इस सफर को तय करते हुए, जो कदम हम धरते हैं,यह उजाला हमारे लिए लाभदायक साबित होता है। हम ठोकरों से बच जाते हैं। हमारी भ्रांतिया, हमारे भ्रम दूर हो जाते हैं। जितनी देर अन्धकार होता है, उतनी देर भ्रम होते हैं। उजाला होता है, तो एक हकीकत स्थापित हो जाती है। इसलिए महापुरुष यही पैगाम दे रहे हैं, कि हमने अपना लोक सुखी, परलोक सुहेला करना है। जहां पर हमने इस आत्मा का कल्याण करना है,वहां पर इस लोक को भी सुखमयी बनाना है, इस लोक की यात्रा को भी हमने सजाना और सवारना है। यह यात्रा तो तय हो रही है और हो जाएगी। कितने है, जो यहां पर पैदा हुए, यात्रा तय कर गए और आज उनके अस्तित्व हमारे सामने नहीं है। महापुरुष सदैव से कहते आ रहे हैं कि कहां पर है, जिन्होंने तुझे जन्म दिया, तुझे पाला पोसा। वे नजर नहीं आ रहे हैं।

-निरंकारी बाबा

## विंडो टू द वर्ल्ड

### उत्तराखंड की सातताल झील



सातताल झील नैनीताल से लगभग 23 किमी की दूरी पर और भीमताल से 3 किमी दूरी पर और समुद्र तल से 1370 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। सातताल एक अनोखी और बेहतरीन जगह है। इस स्थान पर सात झीलों का समूह है, जिनमें से कुछ अब विलुप्त हो चुकी है।

## स्वास्थ्य चर्चा

**रील्स की तुलना से हीन भावना, एंजायटी और डिप्रेशन बढ़ रहे हैं, खासकर युवाओं में आत्म-संतोष की कमी**

# दिखावे की दौड़ में मानसिक स्वास्थ्य की कीमत

आज के डिजिटल युग में, इंस्टाग्राम और टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद छोटी वीडियो क्लिप्स, जिन्हें हम रील्स कहते हैं, ने भारतीय समाज पर गहरा और जटिल प्रभाव डाला है। मनोरंजन का साधन रहीं ये रील्स अब धीरे-धीरे हमारी सामाजिक जड़ों को खोखला कर रही हैं। यह सिर्फ वीडियो क्लिप्स नहीं, बल्कि एक नई आदत है, जिसने हमारे व्यवहार, सोच और रिश्तों को बदलना शुरू कर दिया है। रील्स हमारे समाज के पतन का एक बड़ा कारण बनती जा रही हैं, जिसके दूरगामी परिणाम हमारी कल्पना से कहीं अधिक गंभीर हो सकते हैं।

**घटती एकाग्रता**

एक समय था, जब लोग किसी विषय पर गहन चिंतन करते थे, लेकिन रील्स के आने से यह सब बदल गया है। 15 से 60 सेकंड की ये वीडियो क्लिप्स हमारे मस्तिष्क को इतनी तीव्र गति से उत्तेजना देती हैं कि हमारा दिमाग अब किसी एक चीज पर ज्यादा देर तक टिक नहीं पाता। यह निरंतर विजुअल उत्तेजना हमारे दिमाग को तत्काल संतुष्टि का आदी बना देती है। नतीजतन, पढ़ाई, गंभीर बातचीत या कोई भी ऐसा काम जिसमें धैर्य और एकाग्रता की आवश्यकता होती है, हमें उबाऊ लगने लगता है। यह सतहीपन हमारी सोचने और समझने की शक्ति को कम कर रहा है।

**नकारात्मक प्रभाव**

रील्स की दुनिया चमक-दमक से भरी है। हर कोई अपनी शानदार जिंदगी का प्रदर्शन कर रहा है,महंगी गाड़ियां, विदेश यात्राएं, ब्रांडेड कपड़े भले ही वे असल में वैसे न हों। जब हम इन रील्स को देखते हैं, तो अनजाने में अपनी जिंदगी की तुलना उनसे करने लगते हैं। यह तुलना एक गहरी जलन और हीन भावना को जन्म देती है।

हम अपने सामान्य जीवन से असंतुष्ट होने लगते हैं और लगातार कुछ बड़ा और बेहतर पाने की दौड़ में शामिल हो जाते हैं। जब लाइक्स, शेयर ही सफलता का पैमाना बन जाएं, तो मेहनत और वास्तविक उपलब्धियों की अहमियत कम हो जाती है। युवा इस जाल में आसानी से फंस जाते हैं, यह मानते हुए कि सोशल मीडिया पर प्रसिद्धि ही जीवन का अंतिम लक्ष्य है। इसका सीधा असर हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है।



रील्स ने भारतीय समाज में एक नई आदत को जन्म दिया है, जिससे एकाग्रता, मानसिक स्वास्थ्य, नैतिक मूल्य और पारिवारिक रिश्ते प्रभावित हो रहे हैं। यह प्रवृत्ति युवाओं को भ्रमित कर रही है और समाज को कमजोर बना रही है।

**नैतिक मूल्यों का क्षरण**

प्रसिद्धि पाने की अंधी दौड़ में, युवा अक्सर ऐसी हरकतें कर जाते हैं, जो न सिर्फ खतरनाक होती हैं, बल्कि हमारी संस्कृति और नैतिक मूल्यों के खिलाफ भी होती हैं। अश्लील भाषा, हिंसा को बढ़ावा देना या समाज के नियमों को तोड़ने वाले वीडियो आम हो गए हैं, और हैरानी की बात यह है कि इन्हीं पर सबसे ज्यादा व्यूज आते हैं। जब लोग गलत चीजों को देखकर उसे सही मानने लगते हैं, तो समाज में अनुशासनहीनता और अराजकता बढ़ती है। बच्चे और किशोर, जो इन रील्स को अपना आदर्श मानते हैं, वे ऑनलाइन देखे गए व्यवहार की नकल करते हैं, बिना यह समझे कि इसके वास्तविक जीवन में क्या परिणाम हो सकते हैं। जब समाज का युवा वर्ग अपनी संस्कृति और नैतिक मर्यादाओं से विमुख होने लगे, तो यह एक गंभीर खतरे की घंटी है।

**रिश्तों में गिरावट**

आजकल परिवार के लोग एक साथ होते हुए भी अलग-थलग महसूस करते हैं। डाइनिंग टेबल पर हो या लिविंग रूम में, सब अपने-अपने फोन में रील्स देखने में व्यस्त रहते हैं। त्योहारों पर भी लोग उन पलों को जीने की बजाय, उसे रिकॉर्ड करके रील बनाने में लगे रहते हैं, ताकि वे उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर सकें। यह डिजिटल जुड़ाव हमें अपनों से दूर कर रहा है और रिश्तों में खालीपन ला रहा है। हम वर्चुअल दुनिया में तो जुड़े हैं, लेकिन असलियत में अकेले होते जा रहे हैं।

**करियर और भविष्य**

रील्स की चकाचौंध युवाओं को यह सोचने पर मजबूर कर रही है कि वे रातों-रात मशहूर होकर पैसा कमा सकते हैं। वे अपनी पढ़ाई, कौशल विकास और एक ठोस करियर पर ध्यान देने की बजाय, केवल रील्स बनाने में अपना समय और ऊर्जा बर्बाद कर रहे हैं। यह एक खोखला सपना है, जो अक्सर टूट जाता है और निराशा, हताशा और बेरोजगारी को जन्म देता है। कुछ मुट्ठी भर लोग शायद सफल हो जाएं, लेकिन अधिकांश युवा अपना बहुमूल्य समय एक ऐसे रास्ते पर बर्बाद कर देते हैं, जिसका कोई ठोस भविष्य नहीं होता।

-रंजना मिश्रा
यह लेखक के अपने विचार हैं।

Scanned with OKEN Scanner

# महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, पिता ने हत्या के लगाए आरोप

ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। श्याम नगर थाना इलाके में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस संबंध में मृतका के पिता योगेश चंद जैन ने दहेज उत्पीड़न और साजिश के तहत हत्या का मामला बताते हुए रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में मृतका स्वप्निल के पति अक्षय जैन, ससुर लालचंद जैन, सास सुनीता जैन और देवर आशिक जैन पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।



### नशे की हालत में पति पत्नी मारपीट करता था

योगेश चंद जैन निवासी अलवर ने रिपोर्ट दी कि उसकी बेटी स्वप्निल का विवाह 11 जुलाई 2013 को अक्षय जैन के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही स्वप्निल को दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि अक्षय शराब और नशीली दवाओं का सेवन करने का आदी है, नशे की हालत में उसकी बेटी के साथ मारपीट करता था। स्वप्निल ने अपने नौ वर्षीय पुत्र ओजस के साथ कई बार अपने मायके में शरण ली, लेकिन परिवार के भविष्य को देखते हुए उसे मजबूरन ससुराल लौटना पड़ता था।

### स्वप्निल की गर्दन पर चोट के निशान

20 जुलाई 2025 को दोपहर करीब 12:22 बजे योगेश को उनके नाती ओजस ने स्वप्निल के फोन से कॉल कर बताया कि उनकी मां जमीन पर पड़ी है और कुछ बोल नहीं रही है। इस सूचना से स्तब्ध योगेश ने अपने भतीजे को तुरंत स्वप्निल के घर भेजा। भतीजे ने बताया कि जब वे एसएमएस अस्पताल पहुंचे, तो स्वप्निल का शरीर नीला पड़ चुका था और उनकी गर्दन पर चोट के निशान थे। योगेश ने आरोप लगाया कि अक्षय, लालचंद, सुनीता और आशिक ने मिलकर उनकी बेटी की हत्या की और अब साक्ष्य मिटाने की कोशिश कर रहे हैं।

### पहले भी दी थी रिपोर्ट

स्वप्निल ने पहले भी दहेज उत्पीड़न और मारपीट की शिकायत भांकरोटा थाने में की थी, लेकिन वहां समझौता करवाकर उन्हें वापस भेज दिया गया। इसके बाद 1 फरवरी 2024 को अलवर के महिला थाने में अक्षय और उनके परिवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसके बाद अक्षय को जमानत मिल गई। वर्तमान मामले में योगेश ने 20 जुलाई, 2025 को श्याम नगर थाने में शिकायत दर्ज की, जिसके आधार पर 21 जुलाई 2025 को एफआईआर दर्ज की गई। प्रकरण की जांच इंस्पेक्टर दलवीर सिंह कर रहे हैं।

### शव परिजनों को सौंपा

थानाप्रभारी दलवीर सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों की दी हुई रिपोर्ट पर जांच शुरू कर दी है। बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

# थाने के पास लूटी चेन तमाशबीन बने लोग



ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। मानसरोवर इलाके में थाने के पास ही लुटेरे सरेआम महिला के गले से चेन लूटकर फरार हो गए। महिला चिल्लाती रही और लोग खड़े देखते रहे। पास ही पुलिस चेतक पर तैनात थी लेकिन वह बदमाशों का पीछा नहीं कर सकी। पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। पुलिस ने बताया कि प्रेरणा जैन (35) स्वर्णपथ मानसरोवर सोमवार को बेटी को स्कूल से लेकर घर लौट रही थी। इस दौरान पीछे से आए दो बदमाशों ने गले पर झपट्टा मारकर चेन तोड़ ली। बदमाशों ने हैलमेट नहीं लगा रखा था जबकि मुंह को कपड़े से हल्का ढक रखा था। मेडिकल की दुकान करने वाले पीड़िता के पति नवीन जैन ने बताया कि मानसरोवर में चेन लूट की घटना नई नहीं है। पहले भी कई बार लुटेरे यहां महिलाओं के गले से चेन और हाथ से पर्स लूट की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं।

# नाबालिग बालिका के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। शास्त्री नगर थाना पुलिस ने नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि आठ जून 2025 को एक पीड़िता ने रिपोर्ट दी कि मेरी नाबालिग बेटी घर से बिना बताए गायब हो गई। इस रिपोर्ट पर टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालकर नाबालिग बच्ची के घर से जाने का रूट तैयार किया तो पता चला कि नाबालिग रात को एक लड़के के साथ रेलवे स्टेशन जाकर ट्रेन में बैठकर गई है। इसके बाद लड़के के बारे में जानकारी जुटाई तो उसने अपना मोबाइल बंद कर लिया। इसके बाद उसके सोशल मीडिया अकाउंट और दोस्तों के मार्फत घर का एड्रेस पता किया गया। इसके बाद आरोपित पंकज (19) निवासी लखतार गुजरात हाल कोतवाली मुजफ्फरनगर उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि आरोपित नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ लेकर फरार हो गया था। घटना के बाद अपना मोबाइल फोन बंद करके शाहजहांपुर यूपी में ढाबे पर काम कर रहा था। वह इंस्टाग्राम के जरिए अपने परिवार व दोस्तों के सम्पर्क में था। आरोपित फरार होने के बाद ट्रेन से आगरा फिर दिल्ली एवं अंत में शाहजहांपुर यूपी में जाकर अपनी पहचान छिपाकर रह रहा था।

## देसी कट्टे के साथ एक जना गिरफ्तार

नवज्योति, जयपुर। ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने मंगलवार को अवैध देसी कट्टे के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित निहालउद्दी अंसारी (27) फरीदपुर बरेली उत्तरप्रदेश हाल किराएदार ईदगाह कच्ची बस्ती दिल्ली बाइपास रोड गलता गेट का रहने वाला है।



# मोबाइल स्नैचर गिरफ्तार, चोरी की दो बाइकें बरामद



नवज्योति,जयपुर। मालपुरा थाना इलाके में मोबाइल स्नैचर बात कर रहे युवक से दिन दहाड़े मोबाइल छीन कर फरार हो गया, जिस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया तो मोबाइल के अलावा उससे चोरी की दो मोटरसाइकिलें भी बरामद हुई। आरोपित चोरी की मोटरसाइकिलों को चुराकर मोबाइल छीनने की वारदातों को अंजाम देता है। पुलिस उपायुक्त पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि आरोपित विजय चौहान (25) गांव भंडरेड़ा मानटाऊन, सवाई माधोपुर हाल किराएदार मुहाना को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिल और मोबाइल बरामद किए हैं। आरोपित के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

SBI भारतीय स्टेट बैंक
स्थानीय प्रधान कार्यालय,
तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005

## परियोजना प्रबंधन सलाहकार की नियुक्ति

भारतीय स्टेट बैंक आवासीय/वाणिज्यिक/संस्थागत भवनों के परियोजना प्रबंधन परामर्श में न्यूनतम 7 वर्षों का अनुभव (30.06.2025 तक) रखने वाली एक कुशल, संसाधन संपन्न वास्तुकार/परामर्शदाता फर्म से निम्नलिखित परियोजनाओं के लिए परियोजना प्रबंधन सलाहकार फर्मों की नियुक्ति की पूर्व योग्यता हेतु आवेदन आमंत्रित करता है:-

1. हसनपुरा, जयपुर स्थित बैंक के अपने आवासीय परिसर में पुराने महाप्रबंधक बंगले सहित मौजूदा 6 आवासीय भवनों (G+3) को ध्वस्त करना और परिसर में प्रस्तावित 7 आवासीय ब्लॉकों (स्टिल्ट प्लस दस मंजिला आवासीय ब्लॉकों 280 फ्लैट) और बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण।

विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया हमारी बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/ पर प्रोक्योरमेंट समाचार के अंतर्गत देखें। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन 22.08.2025 को अपराह्न 3 बजे तक या उससे पहले हमारे पास पहुँच जाने चाहिए। एसबीआई बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

दिनांक: 23.07.2025 — सहायक महाप्रबंधक (परिसर एवं संपदा)

DNJ-361668

# दो साल से फरार पर्स लूट का आरोपित गिरफ्तार, तीन मोबाइल बरामद

**10 हजार का इनामी हैदराबाद, मुम्बई समेत अन्य शहरों में काट रहा था फरारी**



नवज्योति, जयपुर। जवाहर नगर थाना इलाके में पुलिस ने मंगलवार को दो साल से अलग-अलग जगहों पर फरारी काट रहे एक पर्स लुटेरे को गिरफ्तार किया है। आरोपित आदतन अपराधी है, जिस पर पुलिस ने 10 हजार का इनाम रखा हुआ था। पुलिस ने आरोपित से लूट के तीन मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस उपायुक्त पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि आरोपित वसीम उर्फ समीर उर्फ मोनू (32) निजामतपुरा गंज बिजनौर, उत्तर प्रदेश हाल किराएदार वैशाली नगर थाना किश्चियनगंज, अजमेर को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह वर्ष 2017 में गांव से काम करने के लिए जयपुर आया था। वह मालवीय नगर स्थित एक सैलून में कटिंग का काम भी करने लगा। शौक मौज के लिए रुपयों की जरूरत पड़ती तो महिलाओं के पर्स, नगदी और मोबाइल छीन कर भाग जाता है। आरोपित अधिकतर सुनसान इलाके से गुजरने वाली महिलाओं को अपना निशाना बनाता था।

# हाथोज क्षेत्र में पकड़ी बिजली चोरी, 4.56 लाख का जुर्माना

जयपुर। जयपुर डिस्कॉम की सतर्कता शाखा ने मंगलवार को हाथोज क्षेत्र में जांच के दौरान रिद्धि सिद्धि नगर द्वितीय निवारू लालचंदपुरा में दो उपभोक्ताओं के परिसर में विद्युत चोरी पकड़ी। इनमें से अघरेलू उपभोक्ता द्वारा विद्युत कनेक्शन के थ्री फेज मीटर को टेम्पर्ड करके एवं घरेलू उपभोक्ता द्वारा सिंगल फेज मीटर के इनपुट टर्मिनल में सीधे दो तार जोड़कर चोरी की जा रही थी। मौके पर इनकी वीसीआर भरी गई एवं कनेक्शन काटकर विद्युत मीटर जब्त किए। अधीक्षण अभियंता सतर्कता बीएल शर्मा ने बताया कि दोनों मामलों में 4 लाख 56 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यदि उपभोक्ता द्वारा जुर्माना राशि निर्धारित समयावधि में जमा नहीं करवाई जाती है तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा।

## मंदिर से दानपात्र चोरी करने वाले पकड़े

नवज्योति,जयपुर। हरमाड़ा थाना इलाके में मंदिर से दानपात्र चोरी करने वाले बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी बच्चा उर्फ धर्मेश भोपा उर्फ भैरू नायक और रामबाबू नायक भोपा बस्ती बैनाड़ का रहने वाला है। इनके कब्जे से चोरी किया दानपात्र और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। पुलिस ने बताया कि गोविंद शरण जांगिड़ निवासी गोविंदपुरा ने रिपोर्ट दी कि वह खाखीजी महाराज के मंदिर में सेवा-पूजा करते हैं। रविवार सुबह मंदिर पहुंचे तो दानपात्र गायब मिला। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर चोरों की तलाश की और आरोपित को पकड़ लिया। दानपात्र में करीब छह हजार रुपए थे।

## भ्रूण को लेकर घूम रहे श्वान को देख हड़कम्प

जयपुर। मालवीय नगर थाना इलाके के रिहायशी इलाके में मानव भ्रूण को लेकर घूम रहे आवारा श्वान को देख सनसनी फैल गई। लोगों ने कुत्तों के झुण्ड से मानव भ्रूण को छुड़ाया। सूचना पर पहुंची मालवीय नगर थाना पुलिस ने भ्रूण को अस्पताल के मुर्दाघर पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि सीटू प्लाजा के सामने सोमवार देर रात करीब एक बजे आवारा श्वान झुण्ड बनाकर जोर-जोर से भौंक रहे थे। श्वानों की आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर आए तो श्वान के मुंह में भ्रूण लगा देखा। लोगों ने किसी तरह भ्रूण को उनसे छुड़ाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दो नकबजन गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद



नवज्यातिं,जयपुर। हरमाडा थाना इलाके में पुलिस ने मंगलवार को दो नकबजनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया मंदिर का दानपात्र, नगदी और वारदात में प्रयुक्त वाहन मोटरसाइकिल को पुलिस ने बरामद किया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम आलोक सिंघल ने बताया कि बच्चा उर्फ धर्मेश भोपा उर्फ भैरू नायक (22) भोपा बस्ती बैनाड़ हरमाड़ा और रामबाबू नायक (26) भोपा बस्ती बैनाड़ हरमाड़ा को गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ में सामने आया कि दोनों नशे के आदी हैं। वे दिन के समय घरों के बाहर रैकी करते हैं और रात में मौका पाकर नकबजनी को अंजाम देते हैं।

## 25 दिन से लापता वृद्ध का नहीं लगा सुराग

जयपुर। बरकत नगर टोंक फाटक से 58 वर्षीय रामचन्द्र सैनी (गोलू) का 25 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लगा है। जानकारी के अनुसार रामचन्द्र की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और वह घर से अचानक गायब हो गए हैं। रामचंद्र का कद पांच फीट और रंग सांवला है।

# आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

Aavas — SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

## कब्जा नोटिस

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए 'वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002' की धारा 13 (12) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। चूंकि ऋणी सम्बन्धित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणियों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाइनेंस आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में 'एयू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड' के नाम से ज्ञात) के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| किरन कंवर, भंवर सिंह जमानतदार : नरपत सिंह राजपोत खाता सं. LNRTN00516-170032333 & LNRTH01817-180051424 | 10 मई 2025 ₹ 854744/- व ₹ 441859/- 9 मई 2025 | पट्टा नं. 27 पर स्थित आवासीय सम्पत्ति, ग्राम बिरानिया, तहसील-फतेहपुर, सीकर, राजस्थान क्षेत्रफल 2472.5 वर्ग गज | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| गेमर लाल मेघवाल, मांगी बाई खाता सं. LNUDA02919-200123704 | 10 मई 2025 ₹ 241668/- 8 मई 2025 | गांव रूंडेरा, ग्राम पंचायत रूंडेरा, पंचायत समिति-भिंडर, तहसील-वल्लभनगर, जिला-उदयपुर, राजस्थान क्षेत्रफल 380 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| प्रेम देवी, ओम प्रकाश मीणा जमानतदार : अनिल कुमार मीणा खाता सं. LNHNT02919-200118762 व LNNKA04320-210168740 व LNNKA11721-220181041 | 10 मई 2025 ₹ 181848/- व ₹ 117491/- व ₹ 16730/- 8 मई 2025 | पट्टा नं. 27, ग्राम नयाबास में स्थित प्लॉट, ग्राम पंचायत नयाबास, तहसील-नीम का थाना, जिला सीकर, राजस्थान क्षेत्रफल 286.68 वर्ग गज | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| सजनाई देवी, सीता राम, भंवर लाल खाता सं. LNNAG02919-200121135 | 10 मई 2025 ₹ 541260/- 8 मई 2025 | पट्टा नं. 158, गांव-मातासुख, तहसील-जायल, जिला-नागौर, राजस्थान 341030 क्षेत्रफल 2220 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| प्यारी देवी, त्रिलोक सिंह जमानतदार : किशन सिंह खाता सं. LNPAL00619-200129353 | 10 मई 2025 ₹ 463766/- 8 मई 2025 | पट्टा नं. 15, बुक नं. 132, ग्राम जूनी कुलाद, उपला कच्यावला, तहसील मारवाड़ जंक्शन, जिला पाली, राजस्थान 306023 क्षेत्रफल 2600 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| पवन कुमार, स्व. श्री कर्मवीर जरिए उनके विधिक उत्तराधिकारी श्री पवन कुमार, श्रीमती संतोष, संतोष संतोष जमानतदार : नरेश कुमार खाता सं. LNRJH06819-200137450 & LNRJH09621-220205427 | 10 मई 2025 ₹ 263689/- व ₹ 151633/- 8 मई 2025 | पट्टा नं. 26, गांव गोष्यान छोटी में स्थित सम्पत्ति, तहसील राजगढ़, जिला-चुरू, राजस्थान क्षेत्रफल 132.88 वर्ग गज | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| मूलचन्द मूलचन्द, लक्ष्मी बाई राणा जमानतदार : अशोक छगनलाल खाता सं. LNABH07220-210148241 व LNABR09420-210177177 व LNABR09421-220207690 | 10 मई 2025 ₹ 470398/- व ₹ 183530/- व ₹ 145578/- 8 मई 2025 | प्लॉट नं. 28 पर स्थित आवासीय सम्पत्ति, खसरा नं. 189, वार्ड नं. 28, धोबीघाट पर आबूरोड जिला सिरोही, राजस्थान क्षेत्रफल 1010.5 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| आलम गुर्जर, गुलाब बाई जमानतदार : रामस्वरूप रामस्वरूप खाता सं. LNBND05820-210153393 | 10 मई 2025 ₹ 225284/- 8 मई 2025 | पट्टा नं. 15439 पर सम्पत्ति, मिसल नं. 17, केएच नं. 116, गांव-डेरोली, ग्राम पंचायत मंगली कलां, पंचायत समिति हिन्डोली, जिला-बूंदी, राजस्थान क्षेत्रफल 972 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| स्व. श्री गणपत सिंह जरिए उनके विधिक उत्तराधिकारी श्रीमती सुशीला कंवर, श्री रेवन्त सिंह चौहान, श्री दिलीप सिंह चौहान, सुशीला कंवर, दिलीप सिंह चौहान, रेवन्त सिंह चौहान जमानतदार : तरू राम खाता सं. LNBIK02919-200110728 | 10 मई 2025 ₹ 2058706/- 8 मई 2025 | पट्टा एसआर नं. 90, कृष्णू नं. 7 ग्राम नाल बड़ी, बीकानेर, राजस्थान क्षेत्रफल 1400 वर्ग गज | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| नरेन्द्र दास, कंवरी देवी खाता सं. LNDWN03520-210168647 | 10 मई 2025 ₹ 311424/- 8 मई 2025 | पट्टा नं. 11, बुक नं. 11, गांव-छपरा, तहसील-जायल, जिला-नागौर, राजस्थान क्षेत्रफल 134.29 वर्ग गज | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| आशु रामकलाल, कमला देवी खाता सं. LNBHI02919-200134332 व LNBHW11721-220182427 | 10 मई 2025 ₹ 695045/- व ₹ 29150/- 8 मई 2025 | पट्टा नं. 49 ग्राम कालाखेड़ी में स्थित, ग्राम पंचायत बोराना तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा, राजस्थान क्षेत्रफल 2640 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| पुष्कर लाल, मंजू ओड जमानतदार : पूरण मल खाता सं. LNUDA02917-180052490 व LNUDA01018-190094020 | 10 मई 2025 ₹ 218732/- व ₹ 134922/- 8 मई 2025 | वार्ड नं. 2, ओडीए पाला मोहल्ला, चांदपोल के अंदर, तहसील वल्लभ नगर, जिला उदयपुर (राज.) (विक्रय विलेख नं. 1271) क्षेत्रफल 449.50 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| देबी लाल सेन, घनश्याम सेन, किशन सेन जमानतदार : बद्री नाथ योगी खाता सं. LNBHI00517-180069290 & LNBHI04319-200114534 | 10 मई 2025 ₹ 146290/- व ₹ 56265/- 8 मई 2025 | पट्टा नं. 16, ग्राम पंचायत-आसींद, तहसील-कोटड़ी, जिला-भीलवाड़ा, राजस्थान क्षेत्रफल 350 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| राकेश कुमार सैनी, कविता देवी, रतन लाल लाल जमानतदार : मुंशी राम सैनी खाता सं. LNDAU02917-180072598 & LNDAU04319-200114187 | 10 मई 2025 ₹ 1103836/- व ₹ 449998/- 8 मई 2025 | पट्टा नं. 40 पर स्थित आबादी भूमि, गांव मानपुर, पुरोहितों का बास, पंचायत मानपुर, तहसील सिकराय, जिला-दौसा, राजस्थान क्षेत्रफल 497.77 वर्ग गज | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| हरि सिंह, कंचन कुंवर जमानतदार : सोमा राम खाता सं. LNABH02918-190085116 & LNABH04319-200143402 | 10 मई 2025 ₹ 586394/- व ₹ 307949/- 8 मई 2025 | पट्टा नं. 4266, गांव-सिरोली, ग्राम पंचायत नया सांवरा, तहसील पिंडवाड़ा, जिला-सिरोही, राजस्थान क्षेत्रफल 2287.5 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| कमला देवी, संतोष खण्डेलवाल, स्व. श्री राम बाबु जरिए उनके विधिक उत्तराधिकारी श्रीमती कमला देवी, श्री संतोष खण्डेलवाल जमानतदार : राजेंद्र सिंह खाता सं. LNJAR02918-190084443 | 10 मई 2025 ₹ 730184/- 8 मई 2025 | प्लॉट नं. 335, लीज डीड एसआर नं. 3466, स्थित वार्ड नं. 22 स्कीम हसनपुरा-ए के.बी जयपुर, राजस्थान क्षेत्रफल 27.21 वर्ग गज | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| सुभाष सुभाष, मंजू मंजू जमानतदार : महेंद्र महेंद्र खाता सं. LNNGR03520-210170764 | 10 मई 2025 ₹ 547720/- 8 मई 2025 | पट्टा नं. 18, आवासीय सम्पत्ति एसआईटी ग्राम शीलगांव, तहसील मुंडावा, जिला नागौर, राजस्थान क्षेत्रफल 172.44 वर्ग गज | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| जगदीश नायक, केसर देवी जमानतदार : मदनलाल लाल खाता सं. LNBHW02021-220205366 | 10 मई 2025 ₹ 849736/- 8 मई 2025 | पट्टा नं. 5, रेडवास, ग्राम पंचायत गैंदलिया, पंचायत समिति कोटड़ी, तहसील कोटड़ी, जिला भीलवाड़ा क्षेत्रफल 1300 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| रतिराम गुर्जर, विमला बाई, मुकेश गुर्जर खाता सं. LNBND00621-220203280 | 10 मई 2025 ₹ 150257/- 8 मई 2025 | पट्टा नं. 407, खसरा नं. 155 धनपुरा छतरगंज बी.ओ हिंडोली बूंदी क्षेत्रफल 1932 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| कंकू देवी, हजारी रैगर, प्रकाश रैगर, संपतलाल रैगर जमानतदार : रूपेशकुमार रैगर खाता सं. LNGAN16322-230244876 व LNGAN17723-240316706 | 10 मई 2025 ₹ 522913/- व ₹ 287715/- 8 मई 2025 | पट्टा नं. 2009, नगर पालिका गंगापुर तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा राजस्थान, 311801 क्षेत्रफल 1208.14 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| महेंद्र सिंह पंवार, छगन कुंवर पंवार, आजाद सिंह, श्रवण सिंह पंवार जमानतदार : जोध सिंह खाता सं. LNSRH02918-190086295 | 10 मई 2025 ₹ 1218751/- 8 मई 2025 | सम्पत्ति स्थित लीज नं. 267/1999 सीनियर सेकेंडरी स्कूल सरूपगंज के पीछे, मावरी, सरूपगंज तहसील पिंडवाड़ा, सिरोही क्षेत्रफल 552.06 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| नरेंद्र सिंह, मंजू कंवर जमानतदार : विजेंद्र सिंह राठौड़ खाता सं. LNCHI00717-180064930 व LNCHI17723-240289712 | 10 मई 2025 ₹ 1100440/- व ₹ 496290/- 9 मई 2025 | आवासीय प्लॉट नं. 28 चित्तौड़गढ़ तहसील चित्तौड़गढ़ क्षेत्रफल 1100 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| माला राम, सुभाष बिश्नोई, गोमा देवी जमानतदार : गोविंद राम खाता सं. LNNKO00517-180066510 | 10 मई 2025 ₹ 283738/- 8 मई 2025 | पट्टा नं. 41, फ्री होल्ड सम्पत्ति स्थित ग्राम हिम्मतसर, तहसील : नोखा, जिला: बीकानेर क्षेत्रफल 2690.18 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| माया बम्बरवाल, उदाराम बम्बरवाल खाता सं. LNJAR00618-190076824 | 10 मई 2025 ₹ 946806/- 8 मई 2025 | प्लॉट नं. बी-37 बजरंग वाटिका-4-बी सिरसी रोड, हिम्मतपुरा, जयपुर क्षेत्रफल 116.66 वर्ग गज | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| मुरली उपाध्याय, संतोष देवी जमानतदार : आसू सिंह खाता सं. LNNKO00518-190077871 | 10 मई 2025 ₹ 388278/- 8 मई 2025 | आवासीय सम्पत्ति स्थित पट्टा संकल्प नं. 04, ठाकुरजी मंदिर के पास, ग्राम हियादेसर तहसील नोखा जिला बीकानेर, राज. क्षेत्रफल 1129 वर्ग गज | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| मंगला राम, संतोष संतोष खाता सं. LNDWN00618-190092068 | 10 मई 2025 ₹ 485108/- 8 मई 2025 | आवासीय सम्पत्ति स्थित पट्टा नं. 32, ग्राम चंदारूण तहसील डेगाना जिला नागौर,राजस्थान क्षेत्रफल 835 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| जितेंद्रकुमार लुहार, अंजली लोहार जमानतदार : राजेंद्र कुमार खाता सं. LNSRH17723-240287787 व LNSRH00521-220209150 | 10 मई 2025 ₹ 271432/- व ₹ 194943/- 8 मई 2025 | आवासीय सम्पत्ति स्थित पट्टा नं. 484, नया सांवरा, तहसील पिंडवाड़ा, जिला-सिरोही, राजस्थान क्षेत्रफल 693 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| बादामी देवी, मुकेश कुमार, कालू कालू, फूल चंद खाता सं. LNRJP02022-230228916 | 10 मई 2025 ₹ 760187/- 8 मई 2025 | प्लॉट नं. बी-197, स्कीम आर.के. वाटिका सिटी-I, स्थित मोहनपुरा रोड, ग्राम वाटिका, टोंक रोड, जिला जयपुर, राजस्थान क्षेत्रफल 138.88 वर्ग गज | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| पृथ्वीपालसिंह राठौड़, दुर्गा कंवर राठौड़ जमानतदार : मीरा बक्स नीलगर खाता सं. LNBNH00618-190086413 | 10 मई 2025 ₹ 591655/- 8 मई 2025 | आवासीय सम्पत्ति स्थित पट्टा नं. 27, ग्राम पंचायत - रूपाहेली, पंचायत समिति हुरड़ा, तहसील हुरड़ा, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान क्षेत्रफल 300 वर्ग गज | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| काना के राम, संतोष संतोष जमानतदार : रामदेवा राम खाता सं. LNKMH00618-190087868 | 10 मई 2025 ₹ 250300/- 8 मई 2025 | पट्टा नं. 09, ग्राम बड़ाबारा, ग्राम पंचायत - मंडूकरा, पंचायत समिति-मोलासर, तहसील- डीडवाना जिला नागौर, राजस्थान क्षेत्रफल 143.083 वर्ग गज | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| गुलाब कंवर, दिलीप सिंह खाता सं. LNSOJ03718-190090408 व LNSOJ01818-190096762 व LNSOJ11721-220182806 | 10 मई 2025 ₹ 298620/- व ₹ 266195/- व ₹ 53461/- 8 मई 2025 | सम्पत्ति स्थित पट्टा नं. 5, ग्राम पंचायत शिवपुरा पंचायत समिति सोजत, जिला- पाली, राजस्थान क्षेत्रफल 270.83 वर्ग गज | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| मुकेश कुमार जाट, शारदा रानी जमानतदार : रामेश्वर प्रसाद सैनी खाता सं. LNKTP02918-190097201 व LNKTP04319-200135415 व LNKTP11721-220181141 | 10 मई 2025 ₹ 451917/- व ₹ 185454/- व ₹ 47090/- 8 मई 2025 | प्लॉट नं. 26, खसरा नं. 814/0.84 एच, स्थित ग्राम पराणपुरा तहसील कोटपूतली जिला जयपुर राजस्थान क्षेत्रफल 125 वर्ग गज | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| रमेश चंद कुम्हार, प्रीति देवी खाता सं. LNDKB03621-220182108 | 10 मई 2025 ₹ 581950/- 8 मई 2025 | आवासीय सम्पत्ति स्थित खसरा नं. 200, कुम्हारों की ढाणी, ग्राम-सिरसी, तहसील- आमेर, जयपुर, राजस्थान क्षेत्रफल 133.77 वर्ग गज | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| स्व. श्री लाभचंद जैन जरिए उनके विधिक उत्तराधिकारी श्रीमती पद्मा जैन, श्री ऋषभ जैन, श्रीमती आरती जैन, पद्मा जैन खाता सं. LNBEG03521-220219774 | 10 मई 2025 ₹ 350705/- 8 मई 2025 | सम्पत्ति स्थित पट्टा नं. 04-ग्राम व ग्राम पंचायत धमांचा तहसील बेगुन जिला चित्तौड़गढ़ (राज.) 312023 क्षेत्रफल 765 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| दीप सिंह, राधा देवी, सवाई सिंह जमानतदार : राम सिंह खाता सं. LNGAN00622-230238656 | 10 मई 2025 ₹ 686483/- 8 मई 2025 | पट्टा नं. 14, ग्राम सरेवाड़ी तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा राजस्थान 311803 क्षेत्रफल 2678 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| शांति शांति, ईश्वर राम, महिराम महिराम, राकेश धायल जमानतदार : दिनेश कुमार खाता सं. LNNOK16322-230247752 | 10 मई 2025 ₹ 597406/- 8 मई 2025 | पट्टा नं. 28, ग्राम पीथरासर तहसील नोखा जिला बीकानेर राजस्थान क्षेत्रफल 5985 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| संतोष कंवर, गजेंद्र सिंह खाता सं. LNBRM00621-220195667 व LNBRM09422-230254302 | 10 मई 2025 ₹ 586983/- व ₹ 248164/- 8 मई 2025 | के नं.-3372/1681, शिवकर रोड, राजवेस्ट कॉलोनी के सामने बाड़मेर,राजस्थान क्षेत्रफल 1800 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| निराणाराम मेघवाल, रुक्मणी रुक्मणी, सागर मल खाता सं. LNSDR03722-230268055 | 10 मई 2025 ₹ 1303109/- 8 मई 2025 | संपत्ति नं. 01- पट्टा नं. 36, ग्राम कनाकवास, ग्राम पंचायत - ढाणी पंचेरा, तहसील सरदारशहर, जिला चूरू, राजस्थान व संपत्ति नं. 02- पट्टा नं. 36677, ग्राम कानकवास, ग्राम पंचायत - ढाणी पंचेरा, तहसील सरदारशहर, जिला चूरू, राजस्थान क्षेत्रफल नं. 01-4367 दर गज व संपत्ति नं. 02-2535 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| बदर श्री सिंह, गजेंद्र सिंह, शानू कंवर जमानतदार : शैतान सिंह खाता सं. LNGAN00523-240291649 | 10 मई 2025 ₹ 916154/- 8 मई 2025 | पट्टा नं. 42 ग्राम भीटा तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा, राजस्थान क्षेत्रफल 2677 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| शांता देवी, रामा राम जमानतदार : उमा राम खाता सं. LNABR16822-230271862 | 10 मई 2025 ₹ 312352/- 8 मई 2025 | आवासीय सम्पत्ति स्थित खसरा नं. 27, ग्राम थल, ग्राम पंचायत- थवली, तहसील रेवदार, जिला-सिरोही, राजस्थान क्षेत्रफल 2400 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| संतरा देवी, स्व. श्री नाथु राम सैनी जरिए उनके विधिक उत्तराधिकारी, श्रीमती संतरा, श्री अशोक सैनी, कुमारी जैस्मिन, कुमारी मानसी, अशोक सैनी खाता सं. LNNKA17423-240292713 | 10 मई 2025 ₹ 1211191/- 8 मई 2025 | आवासीय प्लॉट नं.-42 बी, स्थित भूमि खसरा नं. 579 रकबा 2.78 हेक्टेयर राजस्व ग्राम गोदावास पटवार हल्का गोदावास तहसील नीम का थाना जिला सीकर राजस्थान क्षेत्रफल 203.43 वर्ग गज | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| हड़मान सेवक, स्व. श्री संतोष कुमार सेवाग जरिए उनके विधिक उत्तराधिकारी, श्रीमती सीता देवी, श्री राहुल सेवाग, सीता देवी, संजय कुमार खाता सं. LNNOK17623-240306661 | 10 मई 2025 ₹ 1480057/- 8 मई 2025 | आवासीय सम्पत्ति पट्टा नं.बी-24 जोरावरपुरा, नोखा बीकासर, बीकानेर राजस्थान क्षेत्रफल 360 वर्ग गज | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| शिवदान शिवदान, सरोज देवी जमानतदार : महावीर सिंह खाता सं. LNMRT17423-240336670 | 10 मई 2025 ₹ 373842/- 8 मई 2025 | पट्टा नं. 14 के भाग पर स्थित आवासीय प्लॉट स्थित - ग्राम- बासनी सेजा में स्थित बासनी सेजा, नागौर, राजस्थान, राजस्थान क्षेत्रफल 1300 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| पप्पू लाल, शंकर खटीक, सीता देवी जमानतदार : चांद मल खाता सं. LNBHI00517-180070140 | 6 जून 2024 ₹ 394973/- 4 जून 2024 | पट्टा नं. 782, ग्राम पंचायत- सांगरिया, तहसील- शाहपुरा, जिला भीलवाड़ा राजस्थान क्षेत्रफल 1248 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जुलाई 2025 |
| लक्ष्मी देवी, सोनू मीणा, नवीन कुमार मीणा खाता सं. LNNEM03422-230238717 | 6 दिसम्बर 2023 ₹ 2046887/- 4 दिसम्बर 2023 | पट्टा नं.-04, ग्राम - पनेरा, ग्राम पंचायत-बनार, पंचायत समिति-कोटपूतली, जिला-जयपुर, राजस्थान क्षेत्रफल 294 वर्ग गज | भौतिक कब्जा दिनांक 18 जुलाई 2025 |
| संजया देवी, नन्दलाल वर्मा जमानतदार : नरेन्द्र कुमार मीणा खाता सं. LNREN17623-240302603 | 6 दिसम्बर 2024 ₹ 582320/- 5 दिसम्बर 2024 | पट्टा नं. 67 पर स्थित आवासीय सम्पत्ति, बुक नं. 04-गांव सुलियावास, पंचायत समिति, दांतारामगढ़ जिला-सीकर राजस्थान, पिन-332702 क्षेत्रफल 131.70 वर्ग मीटर | भौतिक कब्जा दिनांक 20 जुलाई 2025 |

स्थान : जयपुर — दिनांक 23.07.2025 — प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

DNJ-361670


Scanned with OKEN Scanner

वर्गीकृत
CLASSIFIED



अगर आप खाते पीते बहुत है पर सेहत नहीं बनती तो हमारी सलाह द्वारा औषधी का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें। सिर्फ 650रु. महीना।



सन्यासी आयुर्वेदा
शॉप नं 102, पहली मंजिल, प्रकाशद्वीप बिल्डिंग, नजदीक मयंक सिनेमा, सिंधी कैम्प, जयपुर।
फ्री सलाह: 09351553719
4080

नाम -परिवर्तन
मैंने मेरा नाम देवली गुर्जर से बदलकर देविका गुर्जर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। देविका गुर्जर पुत्री रामस्वरूप गुर्जर, राजस्थान पुलिस टोंक, ग्राम- चैनपुरा, तहसील- निवाई, जिला- टोंक (राज.) मो. नं. 7375953191
DNJ-361717

खोया-पाया
मैं सुशीला देवी पुत्री आनंदीलाल गैर रजीस्टर नम्बर 61391-A प्लॉट नम्बर 159, 100 वर्गगज बाबा आर एन गॉड गृह निर्माण सहकारी समिति की सिकसिटी नगर योजना, बरखेड़ा शिवदासपुरा टोंक रोड जयपुर योजना के मूल कागजात कहीं खो गए है। मिले तो इन नम्बरों पर सूचित करें, 6376354744
DNJ-361747

पाठकों को परामर्श

पाठकों को परामर्श दिया जाता है कि विज्ञापनों के सम्बन्ध में कोई भी कार्यवाई करने से पहले तथ्यों की समुचित जांच स्वयं ही अवश्य कर लें क्योंकि 'दैनिक नवज्योति' विज्ञापन दाताओं द्वारा किए गए किसी भी दावे की सच्चाई का न तो कोई आश्वासन देता है और न ही समर्थन करता है। इसलिए पाठकों को स्वयं ही अपने आधार पर सभी तथ्यों की जांच करनी चाहिए। किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिए समाचारपत्र उत्तरदायी नहीं होगा।

# भौम प्रदोष पर शिव मंदिरों में किया भोलेनाथ का पूजन

**सजी विशेष झांकियां**





नवज्योति, जयपुर। भौम प्रदोष व्रत पर छोटी काशी के नाम से विख्यात जयपुर में शिवालय हर हर महादेव, बोल बम और ताड़क बम के जयघोष से गूंज उठे। ब्रह्म मुहूर्त से ही भक्तों की भीड़ मंदिरों में उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का जल, दूध, बिल्वपत्र, फल, पुष्पों से अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। शहर के प्रमुख शिवालयों में रुद्राभिषेक, सहस्त्रघट और शिव चालीसा पाठ जैसे अनुष्ठान दिनभर चलते रहे। ओम नमः शिवाय के जाप के साथ वातावरण पूरी तरह शिवमय बना रहा। भौम प्रदोष व्रत पर महिलाओं की आस्था भी देखते ही बनती थी। पारंपरिक लहरिया साड़ी पहनकर महिलाओं ने भगवान शिव-पार्वती का पूजन किया।

### मंदिरों में भजन संध्याएं हुईं

बनीपार्क के जंगलेश्वर महादेव मंदिर में श्वेत शिवलिंग पर दिनभर जलाभिषेक हुआ। रात्रि को अनेक शिव मंदिरों में भजन संध्याएं हुईं। भौम प्रदोष पर विश्वपुरा बालाजी धाम स्थित प्राचीन श्री रघुनाथ जी एवं श्री बालाजी मंदिर परिसर में विराजित विलक्षण 108 लिंगी श्री रामेश्वरम महादेव का श्रावण मास के भौम प्रदोष को भव्य श्रृंगार एवं विशेष जलाभिषेक हुआ।

### सुबह 3.30 बजे खोले गए पट

ताड़केश्वर महादेव मंदिर में सुबह 3.30 बजे पट खोले गए और चार बजे से अभिषेक शुरू हो गया, जो दोपहर तक चला। शाम को मंदिर में विशेष झांकी सजाई गई। आमेर रोड स्थित काला महादेव मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में पंचामृत अभिषेक हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। झोटवाड़ा रोड स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही दर्शनार्थियों की कतारें सड़क तक लगी रहीं। यहां श्रद्धालुओं ने अर्द्धनारीश्वर रूप के दर्शन कर शिव चालीसा का पाठ किया।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा कर जयपुर लौटे श्रद्धालु काले हनुमान और गोविंद देवजी के किए दर्शन

जयपुर। पांच वर्षों के अंतराल के बाद लिपुलेख मार्ग से शुरू हुई कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए राजस्थान के श्रद्धालु 22 दिन बाद मंगलवार को सकुशल जयपुर लौटे। तीर्थयात्रियों का दल सोमवार रात दिल्ली पहुंचा, जहां गाजियाबाद स्थित कैलाश मानसरोवर सेंटर पर उनका स्वागत किया गया। राजस्थान से यात्रा में सम्मिलित हुए वरिष्ठ नागरिक राजेश नागपाल, नरेंद्र बैद और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एस सेंगथिर भी इस दल का हिस्सा थे। मंगलवार शाम को चांदी की टकसाल स्थित काले हनुमान जी मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने गोविंद देव जी मंदिर में भी दर्शन किए। यात्रियों ने बताया कि 21000 फीट से अधिक ऊंचाई पर स्थित कैलाश मानसरोवर की यह यात्रा बेहद चुनौतीपूर्ण रही। यात्रा का सबसे कठिन हिस्सा डेरापुक से शुरू हुआ। जहां 15000 फीट से चढ़कर 19500 फीट तक जाना पड़ा।

**विद्याधर नगर में मंदिर विवाद**

## कांग्रेसजनों ने मंदिर के बाहर किया हनुमान चालीसा पाठ

जयपुर। विद्याधर नगर में झोटवाड़ा इंडस्ट्रियल एरिया में बालाजी मंदिर के आस-पास गतिविधियों के कारण बढ़े विवाद में मंगलवार को स्थानीय लोग विरोध करने पहुंच गए। स्थानीय लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर फैक्ट्री मालिक से मिलीभगत के आरोप लगाते हुए शाम को मंदिर के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। पीसीसी पूर्व सचिव महेंद्र सिंह खेड़ी ने बताया कि एक फैक्ट्री के मालिक की तरफ से बड़ पिपली बालाजी धाम मंदिर के आस-पास का माहौल जानबूझकर खराब किया जा रहा है। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को परेशान करना, अशोभनीय गतिविधियों को बढ़ावा देना और अब मंदिर को षड्यंत्रपूर्वक तुड़वाने की कोशिश हो रही है। क्षेत्रीय विधायक डिप्टी सीएम ने भी इस पूरे मामले पर आज तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। अब औद्योगिक क्षेत्र के व्यापारियों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने आवाज उठाई है। अधिकारी और विधायकों से मुलाकातों को डेढ़ वर्ष बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कांग्रेसजनों और स्थानीय लोगों ने दिन में विरोध के बाद मंगलवार शाम मंदिर के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया।

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुतफरिक) वाद सं. 106/25
विषय: उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना -पत्र।
प्रार्थी- नाम कालूराम साहू पुत्र स्व श्री मोहन लाल साहू जाति ...... R/O म.सं. 2, श्याम नगर, कस्बा आमेर, डूंगरी वालों की ढाणी, त. आमेर, जि. जयपुर।
विवाद स्थान: ..............
मृतक बाबू लाल तेली पुत्र स्व. श्री रामूलाल तेली की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक: 06.08.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम बाबू लाल तेली पुत्र स्व. श्री रामूलाल तेली जाति साहू निवासी म. नं. 2, श्याम नगर कस्बा आमेर डूंगरी वालों की ढाणी त. आमेर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे। अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 06 माह 08 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। आज दिनांक 16 माह 07 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सेशन न्यायालय
जयपुर महानगर द्वितीय
RNJ-15278 J/O
DNJ 361685

NOTICE TO SHOW CAUSE
(Appendix No. Form 4)
IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN BENCH AT JAIPUR
S.B. CIVIL WRIT PETITION NO. 12693/2023
AND
S.B. CIVIL MISC. STAY APPLICATION NO. 11970/2023
Smt. Manju Chauhan & Anr.
V/S
State through Sub-Registrar & Ors.
3- Shri Lalit Singh Chauhan S/o Shri Pratap Singh Chauhan R/o House No. 10/24, Malviya Nagar, Jaipur.
WHEREAS THE ABOVE NAMED Petitioner, has made A writ-petition to this court under Article 226 of the Constitution a copy of which is enclosed. You are hereby informed that you may appear in person or by a pleader duly instructed on the 12.08.2025 (Court Date) at 10.30 A.M. to show cause why the writ petition should not be admitted failing where in the said Writ Petition will be heard and admitted ex-parte. Given under may hand the seal of this Court on 09.07.025.
(मोहर) प्रशासनिक अधिकारी न्यायिक, राजस्थान उच्च न्यायालय पीठ, जयपुर
DNJ-361724

कार्यालय पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा जिला दौसा
क्रमांकः- प.स.रा.प/ई-टेण्डर / 2025-2026 / 3763 दिनांक :- 18.07.2025
पुनः ई-निविदा सूचना संख्या :- 08/2025-2026
पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा में पार्किंग शेड निर्माण कार्य नवीन पंचायत समिति भवन परिसर पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा के कार्य हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 के नियमों के तहत पंजीकृत सक्षम श्रेणी की फर्मो से निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। जिसके NIB NO. RPW2526A0063 एवं UBN NO. RPW2526WSRC00061 है।
निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/ व www.eproc.rajasthan.gov.in पर निम्नानुसार दिनांक 22/07/2025 को 11:00 AM से 31/07/2025 को 6:00 PM तक देखी व डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है।
कमल, प्रधान पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा
विकास अधिकारी पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा J/O
DNJ-361682

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची।
ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
टेन्डर रेफरेन्स नं0–प0नि0वि0 / राँची–21 / 2025–26
दिनांक :– 22.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | अरगोड़ा (पुराना अरगोड़ा चौक) (MDR-018 पर) से नया सराय (रिंग रोड) (MDR-013 पर) भाया पुन्दाग पथ (कुल लम्बाई–6 .175 कि0मी0) के चार लेन में निर्माण (पुल निर्माण सहित) कार्य वर्ष 2025–26. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | रू0 3104.12750 लाख (रूपये इकतीस करोड़ चार लाख बारह हजार सात सौ पचास रूपये) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू0 लाख में) | रू0 31.05 लाख (रूपये इकतीस लाख पांच हजार) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 14 (चौदह) माह |
| 5. | वेबसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 24.07.2025 10.30 बजे पूर्वाहन |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि / समय | 18.08.2025 12.00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा खोलने तिथि / समय | 19.08.2025 12.30 बजे |
| 8. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल राँची, मोहराबादी, राँची–834008 |
| 9. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 10. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2401010 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे Tender Online Upload में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए UCAN निबंधन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्तें के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखें।

PR 357935 Road Construction Dept Road Division Ranchi(25-26)D
कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,राँची।
DNA 361679

**श्रद्धा, सेवा और सम्मान की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना**

# आज जयपुर से रामेश्वरम के लिए रवाना होगी ट्रेन

**अगले चरण के लिए 10 अगस्त तक किए जा सकेंगे ऑनलाइन आवेदन**

**इस वर्ष 56 हजार वरिष्ठजनों को मिलेगा तीर्थयात्रा का अवसर**



ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना संचालित की जा रही है, जो सेवा और सम्मान का उत्कृष्ट उदाहरण है। बजट घोषणा के अनुरूप इस बार कुल 56 हजार वरिष्ठजन को तीर्थयात्रा का अवसर मिलेगा, जिनमें से 50 हजार को एसी ट्रेन और 6 हजार को हवाई जहाज से यात्रा कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने गत 6 जून को वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना का फीता काटकर शुभारंभ किया था। योजना के तहत प्रथम वातानुकूलित राजस्थान वाहिनी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन को दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस एसी ट्रेन से वरिष्ठ नागरिकों ने रामेश्वरम एवं मदुरई के तीर्थ स्थलों की यात्रा की। योजना के तहत 23 जुलाई बुधवार को भी एक अन्य ट्रेन जयपुर से रामेश्वरम् के लिए रवाना हो रही है।

### तीर्थयात्रा के लिए ऑनलाइन भी होगा आवेदन

योजना के अगले चरण के तहत देवस्थान विभाग ने फिर से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है, जिसके तहत विभाग की वेबसाइट पर 10 अगस्त तक आवेदन किया जा सकेगा। ऐसे यात्री जिनका चयन विगत वर्षों में हो गया और वे स्वेच्छा से यात्रा पर नहीं गए, उन्हे इस बार शामिल नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात जिला स्तर पर कमेटी पात्र लोगों का चयन करेगी। यात्रा के लिए 100 प्रतिशत अतिरिक्त यात्रियों की प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जाएगी। चुने गए पात्र लोगों को यात्रा पर भेजा जाएगा। एक ट्रेन में 800 वरिष्ठ जन यात्रा कर सकेंगे।

### 15 रेलमार्गों से लगभग 40 तीर्थस्थलों के हो सकेंगे दर्शन

योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को हवाई यात्रा के माध्यम से नेपाल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करवाए जाएंगे। वहीं रेल यात्रा के 15 रेलमार्गों के जरिए लगभग 40 तीर्थस्थलों के दर्शन करने का अवसर मिलेगा। यात्रा के दौरान बुजुर्गों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, भोजन और सहयात्रियों के साथ गरिमामयी व्यवहार का विशेष ध्यान रखा जाता है।

## मंदिरों के विकास कार्य के लिए स्वस्तिवाचन कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अभिनंदन



ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मंगलवार को सीएमआर पर प्रदेश के विभिन्न मंदिरों के महंत, पुजारी और प्रबन्धन समिति के सदस्यों के प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट की। प्रतिनिधिमण्डल ने सीएम का विभिन्न मंदिरों के विकास कार्य और धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में किए गए निर्णयों के लिए आभार व्यक्त किया और स्वस्तिवाचन कर उनका अभिनन्दन भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उनसे धर्म, अध्यात्म और संस्कृति से संबंधित विषयों पर सारगर्भित चर्चा की। सीएम ने कहा कि विकास के साथ-साथ विरासत के संकल्प पर राज्य सरकार प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। मंदिर हमारी आस्था के केन्द्र और सनातन संस्कृति के वाहक हैं।

उनके विकास के लिए राज्य सरकार नीतिगत निर्णय ले रही है। प्रतिनिधिमण्डल में मोती डूंगरी गणेश मंदिर के महंत कैलाश शर्मा के साथ-साथ प्रदेशभर के प्रमुख मंदिरों के महंत और पुजारी उपस्थित थे।

नाम परिवर्तन
मैंने अपना नाम (Fakhruddin Mansoori) से बदलकर (Muhammed Fakhruddin Mansoori) पुत्र अब्दुल गनी एवं मेरी पत्नी का नाम (Raziya Mansoori) से बदलकर (Raziya Begum ) रख लिया है। भविष्य में मुझे व मेरी पत्नी को उपरोक्त नये नामों से जाना जावे। 6- ए, हाड़ावाड़ी रोड, सांगानेर।
DNJ- 361775

### चार दिन बाद भी नहीं हुई अज्ञात मृतक की पहचान

जयपुर। खोह नागोरियान थाना इलाके में चार दिन पहले रेलवे स्टेशन के पास अचेत मिले एक अज्ञात वृद्ध ने एसएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जिस पर पुलिस ने शव को अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है। जीआरपी थाना पुलिस ने बताया कि 18 जुलाई को रात करीब 12 बजे एक अज्ञात वृद्ध को एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# हरियाली अमावस्या पर काला महादेव मंदिर में होगा पार्थिव शिवलिंग का पूजन





नवज्योति, जयपुर। हरियाली अमावस्या के मौके पर गुरुवार को कनक घाटी स्थित श्री गोविंद देव जी ठिकाने के काला महादेव मंदिर में पार्थिव शिवलिंग पूजन का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार को गोविंद देव जी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने आयोजन के पोस्टर का विमोचन किया गया। आयोजन में करीब 200 जोड़ों ने पंजीकरण कराया। कार्यक्रम सुबह 8 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 12.30 बजे तक चलेगा। विभिन्न तीर्थों के जल और दुग्ध मिश्रित जल से महाभिषेक किया जाएगा। इस दौरान रुद्री पाठ होंगे। फूलों से मनोरम श्रृंगार कर सामूहिक आरती की जाएगी।

## गॉसिप गलियारा

### दी-राजा साहब ने रिलीज से पहले कमाए 100 करोड़

प्रभास की हॉरर कॉमेडी फिल्म दी राजा साहब के ओटीटी राइट्स खरीदने के लिए कई प्लेटफॉर्म्स कतार में हैं। नेटफ्लिक्स ने मेकर्स को 100 करोड़ की डील ऑफर की है। ये फिल्म 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### श्रेयस ने सुनाया दिल का हाल...

बॉलीवुड और क्रिकेट दोनों एक दूजे से ऐसे जुड़े है, जैसे दिल से धड़कन और इस बार दिल क्रिकेटर श्रेयस अय्यर का धड़का है। जिनकी कथित गर्लफ्रेंड इन दिनों वेकेशन पर एन्जॉय कर रही है। अय्यर की टीम के साथ आईपीएल-18 के पूरे सीजन 30 साल की बॉलीवुड एक्ट्रेस साहिबा बाली जुड़ी रहीं।

### डॉन-3 का विलेन बिग बॉस विनर बनेगा

विक्रांत मेस्सी डॉन-3 में विलन नहीं बनेंगे। अब इस खेल में बिग बॉस-18 के विनर ने न केवल एंट्री मारी है, बल्कि डॉन 3 के विलन बनने वाले एक्टर्स के दावेदारों में करणवीर मेहरा ही सबसे आगे हैं।

### आ-रहे हैं ऋतिक और एनटीआर

अयान मुखर्जी के डायरेक्शन में बनी वॉर-2 साल 2019 की हिट वॉर का सीक्वल है। ये फिल्म वाईआरएफ स्पाई-यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसके ट्रेलर की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। फिल्म का ट्रेलर 25जुलाई को रिलीज हो रहा है।

### राकेश अस्पताल से डिस्चार्ज

डायरेक्टर राकेश रोशन की गर्दन की एंजियोप्लास्टी की गई थी। इसके लिए निर्देशक अस्पताल में भर्ती रहे। हालांकि अब उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। राकेश ने इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर करते हुए लिखा, ये हफ्ता वास्तव में आंखें खोलने वाला रहा है।

**फिल्म पहेली-513**

खलनायक अमरीश पुरी की पहली फिल्म कौनसी थी और उनके दो बड़े अभिनेता भाइयों के क्या नाम है।

इस फिल्म पहेली का जवाब हमें इस व्हाट्सएप नंबर पर भेजें। 7849914249

फिल्मी पहेली क्रमांक-512 का उत्तर

राज बब्बर की पहली बतौर-खलनायक फिल्म इन्साफ का तराजू के निर्माता- निर्देशक बी.आर.चोपड़ा के बैनर- बी.आर.फिल्म्स की पहली फिल्म नया-दौर थी।

## शिव महापुराण में शिव पार्वती विवाह कथा



जयपुर। गलता गेट स्थित मंदिर श्री गीता गायत्री जी द्वादश ज्योतिर्लिंग पंडित राजकुमार चतुर्वेदी के सानिध्य में शिव महापुराण कथा के अंतर्गत मंगलवार को व्यास पीठ से आचार्य मोहित अवस्थी ने शिव पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। सभी ने भाव विभोर होकर मां पार्वती और शिव के प्रसंग पर मंगल गीत गाए। कथा में बुधवार को कार्तिकेय व गणेश जी का जन्म उत्सव और गणेश जी के विवाह की कथा होगी।

## किसके दबाव में सरिस्का की खानें खोदने दी जा रही: डोटासरा



ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। सरिस्का अभयारण्य में क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट (सीटीएच) क्षेत्र की सीमा बढ़ाने के विरोध के बीच पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है।

डोटासरा ने कहा कि भाजपा सरकार में संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाको में खनन गतिविधियों को खुली छूट मिल गई है। सरिस्का जैसे संरक्षित टाइगर रिजर्व तक को नहीं बख्शा जा रहा। सरकार कथित तौर पर विकास और रोजगार के नाम पर क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट क्षेत्र की सीमा को घटाने-बढ़ाने की योजना बना रही है। यह फैसला खनन माफियाओं के लिए सीधे दरवाजे खोलने जैसा है। इस खनन को हरी झंडी देने के पीछे केन्द्रीय और राज्य के मंत्रियों पर मिलीभगत के आरोप लग रहे हैं।

# गोविंद देव जी मंदिर में श्रावणी झूला उत्सव शुरू



नवज्योति, जयपुर। ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देव जी में वार्षिक हिंडोलोत्सव (उत्सव झूला) का शुभारंभ श्रावण कृष्ण द्वादशी मंगलवार से विधिवत रूप से हुआ। यह उत्सव रक्षाबंधन पूर्णिमा 9 अगस्त तक मनाया जाएगा। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुरजी को झूले में विराजमान किया गया। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्सव के अंतर्गत ठाकुर श्रीजी को रियासतकालीन चांदी के हिंडोले पर विराजित किया गया है। हरियाली अमावस्या के दिन ठाकुर श्रीजी का विशेष पोशाक परिवर्तन होगा। प्रातःकाल धूप झांकी के साथ लहरिया जामा में सेवा शुरू होगी। तीज से ठाकुर श्रीजी का विधिवत झूला झूलना आरंभ हो जाएगा। श्रद्धालुओं को ठाकुरजी के श्रृंगार, भोग और झूले की दिव्य झांकी प्रतिदिन देखने को मिलेगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत राणासर , पंचायत समिति नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं
क्रमांकः 25-26 दिनांक :- 18.07.2025
निविदा सूचना संख्या 03 (वित्तीय वर्ष 2025-26 )
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत राणासर पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं / फर्मों से निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा फार्म / शर्तें ऑनलाईन / कार्यालय में उपलब्ध हैं।

| क्र. सं. | बोली का विवरण | अनुमानित लागत राशि (रुपये में) | बोली प्रतिभूति राशि (रुपये में) | बोली प्रपत्र शुल्क (रुपये में) | बोली प्रपत्र डाउनलोड एवं अपलोड शुरू करने की दिनांक व समय | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक व समय | बोली खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ग्राम पंचायत राणासर के समस्त गांवों में घर-घर (आवासीय एवं व्यवसायिक) से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, सड़क एवं नाली सफाई तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित कार्य | 498000 | 2 प्रतिशत | 500 रुपए | 18.07.2025 को प्रातः 11.00 बजे से | 28.07.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक | 28.07.2025 को दोपहर 2.00 बजे |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत राणासर से व्यक्तिशः अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है।
NIB CODE:- ZJU2526A0368 UBN CODE :- ZJU2526WSOB00696
सुनिता, प्रशासक ग्राम पंचायत राणासर पं. स. नवलगढ़, झुन्झुनूं
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत राणासर पं. स. नवलगढ़, झुन्झुनूं J/O
DNJ- 361659

पश्चिम रेलवे - वडोदरा मंडल
विभिन्न इंजीनियरींग कार्य
ई–निविदा सूचना सं. DRM-BRC 083 से 088 वर्ष 2025-26
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (W A/c.), पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा–390 004 द्वारा निम्नानुसार कार्यों हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं. | निविदा सं. एवं कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (₹ में) | जमा करने की बीड सुरक्षा (₹ में) |
|---|---|---|---|
| 01 | DRM BRC 083 वर्ष 2025-26. वडोदरा मंडल : वरि. अनुभाग अभियंता (वर्कस) डभोई के अधिकारक्षेत्र आधिन (24 माह के लिए) डभोई, छुछापुरा, बोडेली, पावी, छोटाउदेपुर, पडालीया, मोटीसढली, अंबारी, अलीराजपुर, खंडाला, जोबट, चांदोद एवं एकतानगर अंतर्गत रेलवे कॉलोनी तथा रेलवे स्टेशन अंतर्गत क्लोरिनेशन द्वारा पीने के पानी की आपूर्ति का कीटाणुनाशन करने का कार्य। | 7,44,596.14 | 14,900.00 |
| 02 | DRM BRC 084 वर्ष 2025-26. वडोदरा मंडल : वरि. DEN पूर्व BRC के अधिकारक्षेत्र में रबराइज्ड सतह का प्रावधान कर के (11 नंग LCs) रोड सतह का सुधार करने का कार्य। | 1,82,61,033.90 | 2,41,300.00 |
| 03 | DRM BRC 085 वर्ष 2025-26. प्रतापनगर कारखाना : विभिन्न शेड्स के संबंध में पेंटींग, फिनिशींग तथा संबंधित मिश्र कार्य। (पुनःआमंत्रित) (R–2) | 84,56,586.56 | 1,69,100.00 |
| 04 | DRM BRC 086 वर्ष 2025-26. वडोदरा मंडल : आणंद–गोधरा अनुभाग – आणंद–गोधरा अनुभाग में पुल सं. 32, 35 एवं 51 का पुनःनिर्माण करने का कार्य। | 3,92,57,548.15 | 3,46,300.00 |
| 05 | DRM BRC 087 वर्ष 2025-26. वडोदरा मंडल : हथुरण एवं काशीपुरा सरार स्टेशन अंतर्गत PFs का उच्च स्तर तक उत्थापन करने का कार्य। | 5,59,29,091.50 | 4,29,700.00 |
| 06 | DRM BRC 088 वर्ष 2025-26. चांपानेर स्टेशन अंतर्गत गुड्स शेड के सुधार के संबंध में ट्रैक तथा सहायक कार्य। (पुनःआमंत्रित) (R–1) | 1,91,35,448.45 | 2,45,700.00 |

निविदा जमा कराने एवं निविदा खोलने की तिथि एवं समय: निविदा दिनांक 12/08/2025 को 15:00 बजे तक जमा की जाएगी एवं उसी तिथि के 15:30 बजे खोली जाएगी। वेबसाईट का विवरण एवं नोटीस का स्थान जहाँ से विवरण देखे जा सकते हैं एवं कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र खरीद सकते है: वेबसाईट: @ www.ireps.gov.in मंडल रेल प्रबंधक (W A/C), पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा–4।
BRC-119
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: x.com/WesternRly
DNA 361709

## लहरिया लहराए, मीठा-मीठा घेवर खाए...




सावन चल रहा है, कुछ ही दिन बाद तीज का त्योहार आने वाला है। इसे लेकर बाजारों में महिलाएं लहरिया की खरीदारी में जुटी है। साथ ही तीज पर सबसे अधिक बिकने वाली मिठाई घेवर भी अब हलवाई की दुकानों पर दिखाई देने लगे हैं।

### परसराम मदेरणा जयंती पर आज पीसीसी में कार्यक्रम

नवज्योति, जयपुर। पीसीसी के पूर्व चीफ परसराम मदेरणा की जयंती पर बुधवार को पार्टी मुख्यालय पर पुष्पांजलि कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर पीसीसी पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

### नाटक अमर शहीद का मंचन 25 को

नवज्योति, जयपुर। नाटक अमर शहीद (विजय पर्व) का मंचन 25 जुलाई को सायं 7 बजे रवीन्द्र मंच के स्टूडियो थियेटर में दिलीप भट्ट के निर्देशन में खेला जाएगा।

## पीएम मोदी से मिला सांसद तिवाड़ी और उनका परिवार



ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी तथा उनके परिवार ने मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने उनके परिवार के लोगों से आत्मीयता से बातचीत की। साथ ही तिवाड़ी से देश और प्रदेश से संबंधित विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की, जिसमें राजस्थान की राजनीति और विकास के मुद्दे प्रमुख रूप से शामिल है।

# जामडोली हत्याकांड: मृतक का कड़ी सुरक्षा में अंतिम संस्कार

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। जामडोली थाना इलाके में रविवार रात को ताबड़तोड़ चाकुओं से 17 वार कर विपिन नायक की नृशंस हत्या के मामले में मंगलवार को उसके शव का कड़ी सुरक्षा में अंतिम संस्कार किया गया।



मामले की जांच आदर्श नगर एसीपी लक्ष्मी सुथार को सौंपी है। गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। एसीपी सुथार ने बताया कि विपिन के शव का मंगलवार सुबह एसएमएस अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर दोपहर को शव परिजनों को सौंप दिया। विपिन की रविवार रात को आरोपी अनस व उसके साथियों ने मिलकर चाकू से घोंपकर हत्या कर दी थी। हत्या के आरोप में अनस को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उसके पांच साथी हिरासत में हैं। इसके अलावा फरार एक आरोपी की तलाश की जा रही है। हिरासत में चल रहे पांचों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। इस हत्याकांड के बाद पुलिस अधिकारियों ने इलाके में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया है।

अंतिम संस्कार में पहुंचे विधायक कैलाश वर्मा और भाजपा नेता रवि नैयर ने विपिन के परिजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने और परिवार की सुरक्षा का आश्वासन दिया है।

## शिक्षा विभाग ने अब तक लगाए 2.78 करोड़ से अधिक पौधे

### 22 लाख से अधिक पौधों की हुई जीओ टैगिंग

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। शिक्षा विभाग ने प्रदेश में मंगलवार तक दो करोड़ 78 लाख 75 हजार 154 पौधे लगाने और 22 लाख 37 हजार 260 पौधों की जियो टैगिंग की जाने का दावा किया है शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने विभाग को बधाई देते हुए कहा कि जिस तेजी से विभाग पौधारोपण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए काम कर रहा है वो तारीफ के काबिल है। विभाग के जारी आंकड़ों के अनुसार अभी तक सर्वाधिक वृक्षारोपण जयपुर जिले में 24.35 लाख हुआ है, जबकि दूसरे स्थान पर भीलवाड़ा जिला है। जहां 13.60 लाख पौधे लगाए गए है। सबसे कम वृक्षारोपण जैसलमेर जिले में 1.78 लाख हुआ है।



## वृद्धा के गले से जंतर तोड़ने वाला गिरफ्तार

नवज्योति, जयपुर। जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने वृद्ध महिला के गले से सोने का जंतर तोड़कर ले जाने वाले आरोपी को जयपुर, दौसा और सीकर से पीछा कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि चार जुलाई 2025 को वृद्धा खेत से जानवरों को भगाने के लिए गई तो सड़क पर आए दो लोगों ने गले से सोने का जंतर तोड़ लिया। इस रिपोर्ट पर टीम ने सीसीटीवी के आधार पर आरोपी का पीछा किया। पुलिस ने भी उसका पीछा कर पकड़ लिया। आरोपित जगदीश उर्फ जाखड़ा (32) हरीरामपुरा बस्सी का रहने वाला है। इसके खिलाफ पूर्व में भी गैंगरेप, मारपीट, चोरी के मामले दर्ज है।



## 24 घंटे में पांच बांध लबालब

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में पांच बांध फुल हो गए है। राज्य के बांधों में कुल भराव क्षमता का 69.22 प्रतिशत पानी आ गया है, जो पिछले साल जुलाई से 33.50 प्रतिशत पानी अधिक है।

इस मानसून अब तक बांधों में कुल भराव क्षमता का 27.80 प्रतिशत पानी आया है। जल संसाधन विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान 88.07 एमक्यूएम पानी की आवक हुई है। इस मानसून में अब तक 181 बांध लबालब हो चुके हैं। जयपुर संभाग के बांधों में कुल भराव क्षमता का 75.97 प्रतिशत पानी, भरतपुर संभाग के बांधों में 50.73 प्रतिशत पानी, जोधपुर संभाग के बांधों में कुल भराव क्षमता का 44.69 प्रतिशत पानी, कोटा संभाग के बांधों में 84.65 प्रतिशत पानी, बांसवाड़ा संभाग के बांधों में कुल भराव क्षमता का 66.51 प्रतिशत पानी, उदयपुर संभाग के बांधों में कुल भराव क्षमता का 44.77 प्रतिशत पानी आया है।

## दिया कुमारी ने की आमजन की जनसुनवाई

नवज्योति, जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित अपने कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर कई मामलों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों ने अतिक्रमण, पुलिस प्रकरण, पेयजल, सड़क और अन्य स्थानीय मुद्दों को लेकर अपनी समस्याएं रखीं। जनसुनवाई के उपरांत उपमुख्यमंत्री ने वन एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया।



## प्रदेश में एक स्पेशल ड्राइव की होगी शुरुआत

नवज्योति, जयपुर। विद्याधन, सरोजिनी दमोदरन फाउंडेशन (एसडीएफ) की एक छात्रवृत्ति और मार्गदर्शन योजना है, जो शिबुलाल फैमिली फिलान्थ्रॉपिक इनिशिटिव्स का हिस्सा है। ये कहना है फाउंडेशन के प्रिंसिपल कंसल्टेंट पंकज त्रिपाठी और ऑपरेशन मैनेजर भुवनेश्वरी श्रुपाली का। उन्होंने मंगलवार को प्रेसवार्ता के दौरान ये बात कहीं। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन के जरिए छात्रों का चयन कक्षा 11 में किया जाता है। यह छात्रवृत्ति वर्तमान में 20 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में दी जा रही है। अब विद्याधन-राजस्थान शुरू करने जा रहा है। जिससे राज्य के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के योग्य छात्र इस छात्रवृत्ति का लाभ उठा सकेंगे। इसके लिए गोमबाई फाउंडेशन के साथ विद्याधन इस वर्ष राजस्थान में एक स्पेशल ड्राइव की भी शुरुआत करने जा रहा है। राजस्थान के सभी जिलों के साथ ही एमपी के दो जिलों में डिग्री प्रथम वर्ष में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति दी जाएगी।



# श्री माहेश्वरी समाज के चुनाव में कोर्ट का दखल से इनकार

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। जयपुर मेट्रो प्रथम की अपर सिविल न्यायाधीश कोर्ट ने श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के 27 जुलाई को होने वाले चुनाव और चुनाव प्रक्रिया में दखल देने से मना कर दिया है। प्रार्थी के नामांकन पत्र को रद्द करने वाले 15 जुलाई, 2025 के आदेश को स्थगित करते हुए उसे भी चुनाव में भाग लेने की मंजूरी दी है। कोर्ट ने यह निर्देश आलोक झंवर के अस्थाई निषेधाज्ञा प्रार्थना पत्र पर दिया। कोर्ट ने आदेश में कहा कि चुनाव प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और कोर्ट इसमें दखल नहीं दे सकता। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में कहा था कि 27 जुलाई को श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के त्रिवार्षिक चुनाव 2025-28 हो रहे हैं, लेकिन यह चुनाव पूर्व विधान के बजाए संशोधित विधान के अनुसार हो रहे हैं। पूर्व विधान में सदस्यों की संख्या 72 थी, जिसे अब बढ़ा दिया है। उसने 22 अप्रैल, 2025 को समाज के अध्यक्ष को अभ्यावेदन देकर इस संबंध में आपत्ति जताई थी, लेकिन उसके बावजूद भी उसके अभ्यावेदन को तय नहीं किया गया है।

## जिलों के विभागीय अधिकारियों की वीसी से समीक्षा बैठक

नवज्योति, जयपुर। शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल ने मंगलवार को पंत कृषि भवन के सभा कक्ष में सभी जिलों के विभागीय अधिकारियों की वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की गति बढ़ाकर ज्यादा से ज्यादा पात्र कृषकों को लाभान्वित करें। उन्होंने बैठक में यूरिया डाईवर्जन, कालाबाजारी, उर्वरकों का अवैध भंडारण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। राजन ने कहा कि टैगिंग करने और निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य लेने पर उर्वरक विक्रेताओं के खिलाफ लाइसेंस निरस्तीकरण तक की कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि यूरिया व डीएपी की बिक्री कृषि पर्यवेक्षकों की देख-रेख में करवाई की जाए जिससे टैगिंग व कालाबाजारी पर रोक लगाई जा सके। बैठक में आयुक्त कृषि एवं उद्यानिकी चिन्मयी गोपाल, अतिरिक्त निदेशक कृषि (आदान) गोपाल लाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## पाइपलाइन से नेचुरल गैस पहुंचाने की पंचवर्षीय योजना बनेगी

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। डोमेस्टिक पाइप्ड नेचुरल गैस (डीपीएनजी) और पेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) के लिए संरचनात्मक ढांचा विकास और सुविधा विस्तार के लिए पांच साल की कार्य योजना बनाकर पाइपलाइन नेटवर्क बिछाने पर काम होगा। इस साल 1 लाख 25 हजार घरों तक डीपीएनजी कनेक्शन पहुंचाने और 89 नए सीएनजी स्टेशन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।

मंगलवार को सचिवालय में खान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकांत ने राज्य की 13 सीजीडी संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में यह जानकारी दी। आगामी पांच साल की कार्य योजना बनाते समय केन्द्र सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस द्वारा जारी लक्ष्यों को ध्यान में रखना होगा। सीजीडी संस्थाओं को समयबद्ध अनुमतियां जारी करने, जिला स्तर की समस्याओं के समाधान व बेहतर तालमेल के लिए जिला स्तरीय कमेटी भी बनाई गई है। डीओआईटी के सहयोग से फ्रैण्डली पोर्टल तैयार किया जा रहा है, जिससे अनुमतियां प्राप्त करने से लेकर अन्य कार्यों का निष्पादन, समन्वय व मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से हो सकेगी। सीएनजी-पीएनजी परिवहन वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त और गैस लीक होने से होने वाली घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सीजीडी संस्थाओं को हिदायत दी की वाहनों की फिटनेस, वाहन चालकों के प्रशिक्षण, वाहनों में जीपीएस, एआई आधारित एलार्म सिस्टम, कैमरा व वाहनों के ट्रेकिंग सिस्टम जैसी व्यवस्थाओं के साथ ही अग्निशमन यंत्रों, उनकी वैधता और उनके उपयोग के संबंध में चालकों को प्रशिक्षण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएं। राजस्थान स्टेट गैस के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने बताया कि सरकार की सीजीडी नीति प्रदेश में हरित उर्जा को बढ़ावा देने के साथ ही सीजीडी संस्थाओं के संरचनात्मक सुविधाएं ढांचा विकसित करने में सहयोगी होगी।

## दहेज प्रताड़ना से परेशान विवाहिता ने की आत्महत्या

नवज्योति, जयपुर। वैशाली नगर थाना इलाके में तीन साल से प्रेम विवाह कर पति के साथ रह रही विवाहिता ने दहेज प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि मृतका भारती कंवर निवासी कोटपुतली ने 21 जुलाई को आकाश सिंह नाम के युवक के खिलाफ रिपोर्ट दी कि आरोपित ने तीन साल पहले उसकी बेटी से लव मैरिज की और वैशाली नगर में रहने लगे। पिछले कई दिनों से आकाश सिंह उसे दहेज के परेशान कर रहा था। भारती की मां राजबाला बोली बेटी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर स्टोरी लगाई थी। जिसे देखकर घबराहट हुई तो उन्होंने कॉल किया, लेकिन रिसीव नहीं किया। दूसरे दिन आत्महत्या करने की जानकारी मिली। इसके बाद मां जयपुर पहुंची और दामाद आकाश सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दी।


## रेल कोच फैक्टरी कपूरथला

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से पीसीएमएम, आरसीएफ द्वारा निम्नलिखित मदों के लिए ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित की जाती हैं:-

| क्र. सं. | निविदा संख्या और देय दिनांक | विवरण | मात्रा (नग/सेट्स) | ईएमडी (रुपये) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 05251533 20/08/2025 | दरवाजे के कट का सम्पूर्ण सेट | 740 सेट | 7,15,150/- |
| 2. | 05251382 11/08/2025 | ई.पी. ब्रेक उपकरण को (2 भांतियां) आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और परीक्षण | 509 नग | 20,00,000/- |
| 3. | 01251103A 11/08/2025 | वंदे भारत ट्रेन के लिए पूरी तरह से असेंबल्ड की गई बोगी (चार मदें) | 120 नग | 20,00,000/- |
| 4. | 01251157A 14/08/2025 | अनुदैर्ध्य स्टॉप ईएनडी प्लेट | 7734 नग | 58,220/- |
| 5. | 05251538 20/08/2025 | सामने के हिस्से का सेट | 18 सेट | 1,21,320/- |
| 6. | 01251292 21/08/2025 | डोम-कम-एयर रिजर्वायर असेंबली का सेट | 602 सेट | 11,03,900/- |

1. विस्तृत जानकारी और ऑन-लाइन बोलियां लगाने के लिए, वेबसाइट http://ireps.gov.in पर जाएं। जहां भी आवश्यक हो, ड्राइंग/ विनिर्देशन RCF वेबसाइट http://www.rcf.indianrailways.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। ऑन-लाइन बोली लगाने के लिए आवश्यक क्लास IIIb डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र, वेबसाइट http://www.cca.gov.in पर सूचीबद्ध लाइसेंस प्राप्त प्रमाणन एजेंसियों से प्राप्त किया जा सकता है। 2. निविदाएं निर्धारित तिथि को क्रमशः 14:25 बजे बंद हो जाएंगी और 14.30 बजे खोली जाएंगी। निविदाएं निविदाएं क्रमांक 1 से 6 तिलक ब्रिज, नई दिल्ली में खोली जाएंगी। 3. पूछताछ के लिए 011-24102855, 011-24105180 या IREPS हेल्पडेस्क 011-23378658 पर से संपर्क करें। नोट: "RCF का GST नंबर 03AAAGM0289C1ZT है। सभी आपूर्तिकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपने द्वारा की गई आपूर्ति के लिए प्रेषण दस्तावेजों में इसका उल्लेख करें"।

-पीसीएमएम

### शुद्धिपत्र

निम्नलिखित संशोधन के विरुद्ध को अधिकृत है (1) निविदा संख्या 17251028अ, जो एलएचबी (03भांतियां) के लिए एसएस फ्लोरिंग के साथ एल्युमीनियम मॉड्यूलर टॉयलेट की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग के लिए 21.07.2025 को देय है। अंतिम तिथि 21.07.2025 के बजाय 11.08.2025 पढ़ी जाए। (2) स्टेनलेस स्टील स्टेप कम्प्लीट की खरीद के लिए निविदा संख्या 17251171, जो 18.07.2025 को देय है। अंतिम तिथि 18.07.2025 के बजाय 06.08.2025 पढ़ी जाए। (3) निविदा संख्या 12251057, जो एल एचबी एससीएन कोच के लिए एएल एफआर एचपीएल शीट के साथ हनीकॉम्ब पार्टीशन फ्रेम सेट के लिए 19.07.2025 को देय है के स्थान पर 19.08.2025 पढ़ी जावे। (4) निविदा संख्या 052551232 अ, मेमु 3 चरण/ डीएमसी व मेमु 3 चरण/ टीसी हेतु अण्डर फ्रेम मुकम्मल का प्रापण के लिए 05.08.2025 को पीएस- 311115543, मात्रा 47के स्थान पर 38 के रूप में पढ़ी जावे। तथा पीएल- 31111555 हेतु मात्रा 220 के स्थान पर 132 के रूप में पढ़ी जावे। (5) LHB AC 3 टियर कोचों के लिए नॉन एसी एरिया सीलिंग व्यवस्था की खरीद के लिए निविदा संख्या 12231399D जो 17.07.2025 को देय इसे 17.07.2025 के बजाय 01.08.2025 पढ़ी जाए। (6) निविदा संख्या 17251204 की अंतिम तिथि 23.07.2025 के स्थान पर 30.07.2025 पढ़ी जाए। (7) निविदा संख्या 14251082 की अंतिम तिथि 22.07.2025 के स्थान पर 06.08.2025 पढ़ी जाएगी। (8) निविदा संख्या 17251211 की अंतिम तिथि 23.07.2025 के स्थान पर 30.07.2025 पढ़ी जाए।

अन्य सभी निबन्धन व शर्तें समान रहेंगी। -पीसीएमएम

आर.ओ. नं. 50-एस/2025-26 दिनांकित: 22.07.2025

DNA 361090



## एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

### परिशिष्ट IV (देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना)

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए 'वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 13(12) का सपठित नियमों के नियम (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणीयों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमित कर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

| ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता/ जमानतदार का नाम /ऋण खाता सं. | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ऋण खाता सं.: L9001060117339851 हीरा लाल डांगी (ऋणी), उषा डांगी (सह-ऋणी) | 6 जुलाई 2022 ₹ 912622/- रु. नौ लाख बारह हजार छह सौ बाईस मात्र 6 जुलाई 2022 | सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित पट्टा नं. 3924, संकल्प नं. 1,2 ग्राम पंचायत बड़गांव पंचायत समिति भिंडर, जिला- उदयपुर राजस्थान क्षेत्रफल 1131 वर्ग फीट, पूर्व: शांति लाल का मकान व ढोला डांगी का मकान, पश्चिम: देवी लाल का मकान, उत्तर: हीरा लाल का मकान, दक्षिण : हीरा लाल डांगी का मकान | 17 जुलाई 2025 |
| ऋण खाता सं.: L9001060115098397 जगदीश सिंह (ऋणी), विनोद कंवर (सह-ऋणी), बजरंग सिंह (जमानतदार) | 9 मार्च 2023 ₹ 386405/- रु. तीन लाख छियासी हजार चार सौ पांच मात्र 8 मार्च 2023 | सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित पट्टा नं. 77, बुक नं. 476, ग्राम धुपालिया, तहसील नोखा, जिला- बीकानेर, राजस्थान क्षेत्रफल 408.67 वर्ग गज, पूर्व: सीसी ब्लॉक रोड, पश्चिम: कनी सिंह का मकान, उत्तर: रणजीत सिंह का मकान, दक्षिण : रतन सिंह का मकान | 17 जुलाई 2025 |
| ऋण खाता सं.: L9001060127853232 हरि ओम ग्रेनाइट जरिए प्रोपराइटर ओम दास (ऋणी), ओम दास (सह-ऋणी), श्रीमती ललिता कुमारी (सह-ऋणी), पूनम दास (सह-ऋणी) | 16 सितम्बर 2023 ₹ 1271548/- रु. बारह लाख इकहत्तर हजार पांच सौ अड़तालीस मात्र 16 सितम्बर 2023 | सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित पट्टा नं. 48, बुक नं. -3, मिसल नं.- 41, खसरा नं. 210, तहसील व जिला- जालौर, राजस्थान क्षेत्रफल 211.47 वर्ग गज, पूर्व: ठाकुर जी का मंदिर व गोपाल दास, पश्चिम: कन्हैया दास व मोहन दास, उत्तर: सार्वजनिक रास्ता, दक्षिण : गोपाल दास | 17 जुलाई 2025 |
| ऋण खाता सं.: L9001060117688171 देवकी नंदन सैनी (ऋणी), श्रीमती रेखा (सह-ऋणी) | 9 अक्टूबर 2023 ₹ 315318/- रु. तीन लाख पंद्रह हजार तीन सौ अठारह मात्र 7 अक्टूबर 2023 | सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित अथुना मार्केट, तह. तारानगर, जिला - चुरु, राजस्थान क्षेत्रफल 38 वर्ग गज, पूर्व: धुनी नाथ जी की भूमि, पश्चिम: प्रदीप सोनी की दुकान, उत्तर: रास्ता, दक्षिण : आशाराम शर्मा की दुकान | 18 जुलाई 2025 |
| ऋण खाता सं.: L9001060116145466 महेन्द्र जांगीड़ (ऋणी) | 14 मई 2024 ₹ 651297/- रु. छः लाख इक्यावन हजार दो सौ सत्यानवे मात्र 13 मई 2024 | सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित पट्टा नं. 83, बुक नं. 01, महेन्द्र का प्लॉट प्राइमेरी स्कूल के पास इमीरपुर्ज, जिला - अलवर, राजस्थान, 301402, सीमाएँ पूर्व: अन्य रास्ता, पश्चिम: स्वयं का मकान, उत्तर: मनोज का मकान, दक्षिण : घनश्याम का मकान, क्षेत्रफल 200.62 वर्ग गज | 18 जुलाई 2025 |
| ऋण खाता सं.: L9001070233774815 रनजीत सिंह (ऋणी), श्रीमती इन्द्रा बाई (सह-ऋणी), श्रीमती मंजिता (सह-ऋणी) | 15 मई 2024 ₹ 764151/- रु. सात लाख चौंसठ हजार एक सौ इक्यावन मात्र 13 मई 2024 | सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित पट्टा नं. 007, बुक नं. 20, गांव बसई बीरबल शिव मंदिर, ग्राम पंचायत खेड़ा पी एस किशनगढ़ बास, तहसील - किशनगढ़ बास, जिला अलवर, राजस्थान क्षेत्रफल 277.77 वर्ग गज, पूर्व: जीवराज की सम्पत्ति, पश्चिम: रास्ता, उत्तर: कृपाल सिंह की सम्पत्ति, दक्षिण : जांगिर का मकान | 18 जुलाई 2025 |
| ऋण खाता सं.: L9001060126778783 नीजामुद्दीन (ऋणी), श्रीमती सुमन (सह-ऋणी), कालु खान (सह-ऋणी) | 12 जुलाई 2024 ₹ 325124/- रु. तीन लाख पच्चीस हजार एक सौ चौबीस मात्र 11 जुलाई 2024 | सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित पट्टा नं. 16, गांव - रैयतुंडा, तह. - तारानगर, जिला - चुरु, राजस्थान क्षेत्रफल 161.07 वर्ग मीटर | 19 जुलाई 2025 |
| ऋण खाता सं.: L9001070126254150 व L9001070532151164 मनोहर लाल गौतम (ऋणी), श्रीमती पिंकी देवी (सह-ऋणी) | 17 अक्टूबर 2024 ₹ 753998/- रु. सात लाख तरेपन हजार नौ सौ अट्ठानवे मात्र व ₹ 201608/- रु. दो लाख एक हजार छः सौ आठ मात्र 16 अक्टूबर 2024 | सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित खेवट नं. 890, ए-5, सुखी जीवन, ए ब्लॉक, गांव बीदारा, तहसील शाहपुरा, जिला - जयपुर, राजस्थान क्षेत्रफल 560.59 वर्ग फीट | 19 जुलाई 2025 |
| ऋण खाता सं.: L9001070123904345 सुरेन्द्र कुमार शर्मा (ऋणी), श्रीमती ममता शर्मा (सह-ऋणी) | 1 अक्टूबर 2024 ₹ 1095016/- रु. दस लाख पिच्यानवे हजार सोलह मात्र 1 अक्टूबर 2024 | सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित खसरा नं. 890, मकान/फ्लेट नम्बर 123, फ्लोर नं. 3, ए ब्लॉक, सुखी जीवन, गांव - बिदारा, तह. शाहपुरा, जिला - जयपुर, राजस्थान, सीमाएं पूर्व: अन्य भूमि, पश्चिम: अन्य भूमि, उत्तर: रोड, दक्षिण : अन्य भूमि क्षेत्रफल 560.59 वर्ग फीट सुपर बिल्ड अप एरिया | 19 जुलाई 2025 |
| ऋण खाता सं.: L9001060126867081 महावीर कुमावत (ऋणी), मिया राम कुमावत (सह-ऋणी), श्रीमती सीमा कुमावत (सह-ऋणी) | 8 मई 2024 ₹ 759627/- रु. सात लाख उनसठ हजार छह सौ सत्ताईस मात्र 8 मई 2024 | सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित पट्टा नं. 25, ग्राम छाजलो का खेड़ा, ग्राम पंचायत खेरिया, तहसील- मांडल, जिला- भीलवाड़ा, राजस्थान क्षेत्रफल 1298.5 वर्ग फीट, पूर्व: रास्ता, पश्चिम: दूदा राम, उत्तर: रास्ता, दक्षिण : सीता राम | 19 जुलाई 2025 |
| ऋण खाता सं.: L9001060813235692 बाबू लाल (ऋणी), श्रीमती चंपा देवी (सह-ऋणी), कमलेश कुमार (सह-ऋणी), विक्रम कुमार (जमानतदार) | 7 दिसम्बर 2022 ₹ 537709/- रु. पांच लाख सैंतीस हजार सात सौ नौ मात्र 6 दिसम्बर 2022 | सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित पट्टा नं. 10, ग्राम खीमेल, तहसील- बाली, जिला- पाली, राजस्थान क्षेत्रफल 1225 वर्ग फीट, पूर्व: रास्ता, पश्चिम: मोहन लाल जी का मकान, उत्तर: मोहन लाल जी का मकान, दक्षिण : मांगी लाल जी का मकान | 21 जुलाई 2025 |
| ऋण खाता सं.: L9001060123236287 हनुमान लाल खटीक (ऋणी), मनभरी देवी (सह-ऋणी) | 14 मार्च 2023 ₹ 461285/- रु. चार लाख इकसठ हजार दो सौ पचासी मात्र 13 मार्च 2023 | सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित पट्टा नं. 08, बुक नं. 168, मिसल नं.- 09, डूंगरी, ग्राम पंचायत- जोरपुरा सुंदरियावास, पंचायत समिति- सांभर लेक, तहसील- किशनगढ़ रैनवाल, जिला- जयपुर, राजस्थान क्षेत्रफल 290 वर्ग गज, पूर्व: किरन बाल भारती स्कूल, पश्चिम: आम रास्ता, उत्तर: श्रवण कुमार, दक्षिण : मन्नी देवी का बाड़ा | 21 जुलाई 2025 |
| ऋण खाता सं.: L9001060714029626 लाल चंद जसमतिया (ऋणी), श्रीमती मंजू देवी (सह-ऋणी), नेन मल (सह-ऋणी), राजेंद्र कुमार सोनी (सह-ऋणी), किशोर कुमार (जमानतदार) | 12 जुलाई 2024 ₹ 821525/- रु. आठ लाख इक्कीस हजार पांच सौ पच्चीस मात्र 11 जुलाई 2024 | सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित सोनारो का बास, ग्राम- ओजावर तहसील मारवाड़ जंक्शन, जिला पाली, राजस्थान, पूर्व में: रोड, पश्चिम: गली, उत्तर: पन्ना राम, भंवर का मकान, दक्षिण : नैनालाल व स्वयं का मकान क्षेत्रफल 1125 वर्ग फीट | 21 जुलाई 2025 |

ऋणियों द्वारा यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।

ऋणियों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के साथ सपठित नियम 8(6) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके अन्तर्गत प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय अर्थात इस सूचना से 30 दिवस के सम्बन्ध में है।

ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

स्थान: राजस्थान दिनांक: 22 जुलाई 2025 प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

DNJ-361699

राज्य सरकारों को नहीं दिया कोई निर्देश

# कांवड़ यात्रा में ढाबा मालिक लाइसेंस प्रदर्शित करें: एससी

## कहा: ग्राहकों को संबंधित भोजन के बारे में जानकारी होनी चाहिए


हरिद्वार से मंगलवार को कांवड़ उठाकर चलते कांवड़िये।

एजेंसी/नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कांवड़ यात्रा मार्ग के भोजनालयों पर 'क्यूआर कोड' प्रदर्शित करने संबंधी विवाद पर मंगलवार को राज्य सरकारों को कोई निर्देश नहीं दिया, लेकिन दुकानदारों से कहा कि वे लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदर्शित करें। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने कहा कि ग्राहकों को यह जानने का अधिकार है कि क्या संबंधित भोजनालय में पहले मांसाहारी भोजन परोसा जाता था। अगर कोई केवल कांवड़ यात्रा के दौरान शाकाहारी भोजन परोसता है तो इसके बारे में ग्राहकों को जानकारी होनी चाहिए।

### यात्रा का आखिरी दिन, कोई आदेश जारी नहीं

पीठ ने कहा कि हमें सूचित किया गया है कि आज यात्रा का अंतिम दिन है। इस समय हम सभी संबंधित होटल मालिकों से अनुरोध करते हैं कि वे वैधानिक रूप से आवश्यक लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदर्शित करने के आदेश का पालन करें। हम अन्य विवादित मुद्दों पर चर्चा नहीं कर रहे हैं। पीठ ने कांवड़ यात्रा मार्ग के भोजनालयों पर 'क्यूआर कोड' प्रदर्शित करने संबंधी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों के निर्देश को चुनौती देने वाली याचिका पर यह कहते हुए कोई भी आदेश जारी करने से इनकार कर दिया कि मंगलवार को यात्रा का आखिरी दिन है।

### याचिका में कहा: दुकानदारों को बाध्य नहीं कर सकते

प्रो. अपूर्वानंद झा की ओर से दायर इस याचिका में दलील दी गयी थी कि ये निर्देश शीर्ष अदालत के 2024 के एक आदेश के खिलाफ हैं। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर विक्रेताओं को अपनी पहचान उजागर करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। ऐसे निर्देश संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 17, 19 और 21 का उल्लंघन है।

# 18 महीने चली शादी, महिला ने भरण-पोषण में मांगे 12 करोड़ रुपए, मुंबई में फ्लैट और बीएमडब्ल्यू कार

## आप खुद पढ़ी-लिखी हैं, खुद कमाकर खाइए: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में एक हाई-प्रोफाइल तलाक में गुजारे-भत्ते को लेकर सुनवाई के दौरान सीजेआई भूषण रामकृष्ण गवई ने महिला द्वारा तलाक के एवज में 12 करोड़ रुपए और मुंबई में एक फ्लैट मांगने को लेकर हैरानी जताते हुए नसीहत दी है कि आप पढ़ी-लिखी हैं, आपको खुद कमाकर खाना चाहिए। महिला एक आईटी प्रोफेशनल हैं और मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) पास हैं। उन्होंने कोर्ट से कहा कि वो सिर्फ मुंबई का फ्लैट, एक बीएमडब्ल्यू और 12 करोड़ रुपए चाहती हैं, जो कि मेंटिनेंस है। इस पर सीजेआई ने चौंकते हुए कहा कि शादी तो सिर्फ 18 महीने चली और आप हर महीने के लिए एक-एक करोड़ मांग रही हैं, ऊपर से एक फ्लैट भी वो भी मुम्बई में। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि आप बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे शहरों में आसानी से नौकरी कर सकती हैं। आप इतनी पढ़ी-लिखी हैं। आपको मांगना नहीं चाहिए, बल्कि खुद कमाकर जीवन जीना चाहिए।

### महिला की दलील: पति ने मानसिक रोगी बता एफआईआर दर्ज कराई, नौकरी कैसे करूं

महिला ने जवाब में कहा कि उसके पति ने उसे मानसिक रोगी बताकर शादी रद्द करने की कोशिश की थी और उस पर फर्जी एफआईआर दर्ज कराई थी, जिससे उसकी नौकरी पर असर पड़ा। इस पर कोर्ट ने आश्वासन दिया कि वो एफआईआर को रद्द कर देगा ताकि उसकी नौकरी पर कोई परेशानी नहीं आए।

### पति की दलील: पत्नी ने कानून का दुरुपयोग किया

पति के वकील ने कहा कि महिला की मांगें बेहद अधिक हैं और उसने पहले आपसी सहमति से तलाक के लिए समझौते पर दस्तखत किए थे, जिसमें तय हुआ था कि उसे कल्पतरु पर्यावास सोसायटी में एक फ्लैट दिया जाएगा और इसके बाद दोनों पक्षों के बीच सभी मामले वापस लिए जाएंगे, लेकिन महिला अब अधिक पैसों की मांग कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

डिजिटल एग्रीकल्चर की ओर बढ़ते कदम

# बिना ड्राइवर के खेत में जुताई करेगा ट्रैक्टर

## किसानों के लिए वरदान बनी एआई



लुधियाना। पारंपरित कृषि को पीछे छोड़कर 'डिजिटल एग्रीकल्चर' की ओर कदम बढ़ाते हुए पंजाब कृषि विश्वविद्यालय ने एक ऐसे ट्रैक्टर को प्रदर्शित किया जिसने पूरे खेत की जुताई बिना ड्राइवर के कर दी। यह ट्रैक्टर ग्लोबल नेवीगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) वाले ऑटो स्टीयरिंग सिस्टम पर आधारित है। ट्रैक्टर में लगे जीपीएस, सेंसर, आईपैड कंप्यूटर आधारित टच स्क्रीन कंट्रोल पैनल में खेत के आकार के साथ-साथ उसकी जुताई कैसे करनी है, यह जानकारी फीड की गई। ड्राइवर ने केवल ट्रैक्टर को स्टार्ट किया। उसके बाद ड्राइवर ट्रैक्टर से उतर गया। बिना ड्राइवर ट्रैक्टर चलता रहा और पूरे खेत की जुताई बेहतर तरीके से कर दी।

### अमेरिका से लाए तकनीक

इस तकनीक को अमेरिका से लाया गया है। यूनिवर्सिटी के अधिकारियों का कहना है कि यह पूरी तरह ड्राइवर लेस ट्रैक्टर नहीं था। यह ट्रैक्टर भविष्य की खेती को बहुत आसान कर देगा। ऑटो स्टीयरिंग सिस्टम एक सैटेलाइट निर्देशित कंप्यूटर सहायता प्राप्त उपकरण है जिसे ट्रैक्टर चलाने के दौरान स्टीयरिंग को स्वचालित करने के लिए डिजाइन किया गया है।

### उत्पादकता में होगा सुधार, लेबर की कमी को करेगा पूरा

ऑटो.स्टीयरिंग जैसे डिजिटल उपकरण से जहां उत्पादकता में सुधार कर सकते हैं, वहीं इससे किसानों का काम भी आसान हो जाता है। शारीरिक व मानसिक थकान नहीं होती। डीजल की भी बचत होती है। यह लेबर की कमी को भी पूरा करेगा। किसान मेलों में भी ऑटो स्टीयरिंग सिस्टम वाले इस ट्रैक्टर का लाइव डेमोंस्ट्रेशन दिया जाएगा।

हिंडन एयर बेस पर उतरी पहली खेप

# सेना को मिले तीन अत्याधुनिक लड़ाकू अपाचे हेलिकॉप्टर

## जोधपुर में तैनात किए जाने की संभावना

एजेंसी/नई दिल्ली। भारतीय वायु सेना के बाद अब सेना को भी अत्याधुनिक लड़ाकू अपाचे हेलिकॉप्टरों की ताकत मिल गई है और सेना के लिए तीन अपाचे हेलिकॉप्टरों की पहली खेप मंगलवार को वायु सेना के हिंडन एयर बेस पर उतरी। सेना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए इसे ऐतिहासिक क्षण करार दिया। सेना ने इन बहुउद्देशीय लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की आपूर्ति की तस्वीर साझा करते हुए कहा कि उसकी विमानन शाखा के लिए तीन अपाचे हेलिकॉप्टरों की पहली खेप हिंडन एयर बेस पहुंच गई है।



### एक साल की हुई देरी

दुनिया की बड़ी एयरोस्पेस कंपनियों में शुमार अमेरिका की बोइंग कंपनी ने रक्षा मंत्रालय के साथ छह एएच-64ई अपाचे हेलिकॉप्टरों की खरीद के अनुबंध के तहत यह पहली खेप भेजी है। इन हेलिकॉप्टरों की आपूर्ति पिछले वर्ष शुरू होनी थी लेकिन इसमें एक वर्ष की देरी हो गई। इन हेलिकॉप्टरों को जोधपुर में तैनात किए जाने की संभावना है।

### वायु सेना के पास पहले से ही 22 अपाचे हेलिकॉप्टर

वायु सेना के पास पहले से ही 22 अपाचे हेलिकॉप्टर हैं। वायु सेना को इन हेलिकॉप्टरों से लैस किए जाने के बाद रक्षा मंत्रालय ने 4168 करोड़ रुपए की लागत से सेना के लिए भी छह अपाचे हेलिकॉप्टरों की खरीद के उद्देश्य से बोइंग के साथ अनुबंध किया था।

## मोदी दो देशों की यात्रा पर आज होंगे रवाना

नई दिल्ली। पीएम नरेन्द्र मोदी ब्रिटेन एवं मालदीव की चार दिवसीय यात्रा पर बुधवार को रवाना होंगे। मोदी के साथ ब्रिटेन की यात्रा के दौरान भारत का एक व्यापारिक प्रतिनिधि मंडल भी होगा। कैबिनेट ने मंगलवार को भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते को मंजूरी दे दी है। माना जा रहा है इस समझौते पर 24 जुलाई को लंदन में हस्ताक्षर किए जाएंगे। मोदी 26 जुलाई को मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा वह मालदीव में कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने मंगलवार को बताया कि 23-24 जुलाई को ब्रिटेन प्रवास के दौरान मोदी की वहां के चार्ल्स तृतीय से भी मुलाकात करने की संभावना है।

## मणिपुर में बढ़ सकता है राष्ट्रपति शासन

एजेंसी/इंफाल। मणिपुर में सरकार के गठन की चर्चाओं के बीच केंद्र सरकार राज्य में राष्ट्रपति शासन की अवधि को और बढ़ाने के विकल्प को भी आजमा सकती है। ऐसी चर्चा है कि केंद्रीय नेतृत्व ने संसद के मौजूदा मानसून सत्र में राष्ट्रपति शासन की अवधि को बढ़ाने की मंजूरी के लिए एक प्रस्ताव पेश करने का मन बना लिया है।

प्रदेश

## चाकूबाजी के शिकार युवक ने तोड़ा दम, आरोपी गिरफ्तार

जयपुर। संजय सर्किल इलाके में दो दिन पहले चाकूबाजी की घटना में घायल हुए युवक की मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान 22 वर्षीय वाजिद के रूप में हुई है। जो हाजी कॉलोनी का निवासी था और इलाके में सब्जी का ठेला लगाता था। एडिशनल डीसीपी बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि रविवार देर रात करीब 12.30 बजे नगीना मस्जिद के पास हाजी कॉलोनी निवासी फरमान उर्फ सद्दीक ने वाजिद पर चाकू से हमला किया था। घायल अवस्था में उसे एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां मंगलवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी फरमान गिरफ्तार कर लिया है।

## विभिन्न विषयों की मॉडल उत्तरकुंजी जारी

अजमेर। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने प्राध्यापक एवं कोच (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2024 के ग्रुप डी के विषय जनरल स्टडीज, कोच- हॉकी, फुटबॉल, रेसलिंग तथा खो-खो की मॉडल उत्तरकुंजियां मंगलवार को वेबसाइट पर जारी कर दी है। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि इन विषयों की परीक्षाओं का आयोजन 4 जुलाई को किया गया था। अभ्यर्थी निर्धारित शुल्क के साथ 23 से 25 जुलाई तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है।

## मंदिर के ताले तोड़ चांदी के 130 छत्र ले गए

रतनगढ़। तहसील के ग्राम भानुदा में सोमवार रात चोरों ने मंदिर को निशाना बना लिया। इस दौरान चोर मंदिर के ताले तोड़कर भगवान को चढ़ाए 130 छत्र पार कर ले गए। घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश है। जानकारी के अनुसार तहसील के ग्राम भानुदा में ग्राम देवता भल्लूजी महाराज का मंदिर है, जिसमें श्रद्धालुओं की ओर से चांदी के छत्र चढ़ाए हुए थे।

# केकड़ी का भविष्य सुनहरा होगा, यह मेरा वादा:भजनलाल

## विधायक शत्रुघ्न गौतम के जन्मदिवस पर जनसभा | मुख्यमंत्री ने दी 1 हजार करोड़ के विकास कार्यों की सौगात



केकड़ी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को केकड़ी में विधायक शत्रुघ्न गौतम के जन्मदिवस पर कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित जनसभा में क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

उन्होंने कहा कि केकड़ी विधानसभा क्षेत्र को 1,000 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी जा चुकी है। जल जीवन मिशन के तहत 423 करोड़ की जल परियोजना में बीसलपुर डेम से केकड़ी व 157 गांवों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाया जाएगा। इसके अलावा 291 करोड़ की लागत से बीसलपुर से लाइन बिछाई जा रही है, जिससे मालपुरा व केकड़ी क्षेत्र को वर्षाजल के भरोसे से मुक्त किया जाएगा। राज्य बजट में केकड़ी क्षेत्र के लिए 200 करोड़ से अधिक की सड़क परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इससे औद्योगिक, ग्रामीण और नगरीय आवागमन को मजबूत आधार मिलेगा। उन्होंने जनता को आश्वस्त करते कहा कि जिस विश्वास से आपने हमें सत्ता सौंपी, हम उस विश्वास को विकास में बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि केकड़ी का भविष्य सुनहरा होगा, यह मेरा वादा है। सभा में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, जन स्वास्थ्य मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की धरती पर विकास की नई गाथा लिखी जा रही है।

### कांग्रेस सरकार पर हमला

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने केवल घोषणाएं कीं, धरातल पर कुछ नहीं किया। कांग्रेस ने 5 साल में जितना काम किया, भाजपा सरकार ने उससे तीन गुना काम महज 18 महीनों में कर दिखाया।

### जल संरक्षण से गांवों को आत्मनिर्भर बनाने पर काम

मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण की योजनाओं की जानकारी देते बताया कि 45,000 से अधिक गांवों में एनिकट, तलाई, रिचार्ज स्ट्रक्चर और सरोवरों का निर्माण किया गया है। उन्होंने जोर देते कहा कि जल है तो कल है यह केवल नारा नहीं, बल्कि हमारी विकास प्राथमिकता है। युवाओं को रोजगार के भरोसे के साथ कहा कि अब तक 1.88 लाख भर्तियों की घोषणा हो चुकी है और 75 हजार से अधिक नियुक्तियां दी जा चुकी है। आगामी दिनों में 4 लाख सरकारी और 6 लाख निजी नौकरियों के अवसर सृजित किए जाएंगे।

## स्पा सेंटर पर छापा, 5 महिला और युवक गिरफ्तार

सीकर। कोतवाली पुलिस ने बजाज रोड पर संचालित स्पा सेंटर पर दबिश देकर मौके से पांच महिला और एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बजाज रोड स्थित भाटी मेंशन के पास स्पा सेंटर पर दबिश दी गई, जहां से पांच महिला और युवक राकेश जाखड़ (35) पुत्र अर्जुनराम जाट निवासी सेवा को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार इस स्पा सेंटर के खिलाफ पुलिस को लंबे समय से शिकायत मिल रही थी। पूर्व में भी दो बार इस पर कार्रवाई की गई। स्पा सेंटर के बाहर कैमरे लगे थे, जिससे कि यदि पुलिस आती दिखे तो पहले ही सतर्क हो जाए।

# आरटीआई कानून को कमजोर करने की कोशिश स्वीकार नहीं होगी: टीकाराम जूली

जयपुर। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने केन्द्र सरकार पर आरटीआई कानून को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए ऐसी कोशिश को स्वीकार नहीं करने की बात कही है। जूली ने इस संबंध में पीएम मोदी और सूचना मंत्री को पत्र भी लिखा है। जूली ने कहा है कि डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम (डीपीडीपीए) के माध्यम से सूचना का अधिकार अधिनियम को कमजोर किया जा रहा है, जो लोकतंत्र की पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए एक बड़ा खतरा है। जूली ने पत्र में लिखा है कि इस कानून बनाने के पीछे पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व पीएम डॉ.मनमोहन सिंह की दूरदृष्टि राजनीतिक इच्छाशक्ति और लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस आरटीआई कानून ने देश में सुशासन, जवाबदेही और जनभागीदारी की भावना को मजबूती दी, आज उसी कानून की आत्मा को भाजपा सरकार कमजोर करने का प्रयास कर रही है। आरटीआई कानून नागरिकों को सत्ता की आंखों में आंखें डालकर सवाल जवाब पूछने का अधिकार देता है। यह संशोधन न केवल पारदर्शिता को सीमित करेगा, बल्कि भ्रष्टाचार को पनपने का अवसर भी देगा। इस मुद्दे को लेकर देश के विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लगभग 150 सांसदों ने भारत सरकार को पत्र लिखकर गहरी चिंता जाहिर की है।

## आरपीएससी: 29 और 30 को अजमेर जिला मुख्यालय पर होंगी 3 प्रतियोगी परीक्षाएं

अजमेर। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से अजमेर जिला मुख्यालय पर तीन प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन 29 से 30 जुलाई तक किया जाएगा। आयोग ने परीक्षा कार्यक्रम मंगलवार को जारी कर दिया। प्रवेश पत्र परीक्षा दिनांक से तीन दिन पूर्व आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे।

### ये परीक्षाएं होंगी

- 29 जुलाई प्रातः 10 से 12.30 बजे तक असिस्टेंट फिशरीज डेवलपमेंट ऑफिसर परीक्षा 2024 आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा कुल 8 पद के लिए आयोजित की जा रही है, इसके लिए 4537 आवेदन आए हैं। इसी दिन दोपहर 3 से 5.30 बजे तक ग्रुप इंस्ट्रक्टर/ सर्वेयर/ असिस्टेंट अप्रेंटिशिप एडवाइजर ग्रेड द्वितीय परीक्षा 2024 का आयोजन होगा। यह परीक्षा 68 पद के लिए आयोजित की जा रही है, इसके लिए 5860 आवेदन आए हैं।
- 30 जुलाई को प्रातः 10 से 12.30 बजे तक वाइस प्रिंसिपल/ सुपरिंटेंडेंट आईटीआई परीक्षा 2024 आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा 36 पदों के लिए आयोजित की जा रही है, इसके लिए 9166 आवेदन आए हैं।

## आरपीएससी ने जारी की 5 विभिन्न भर्तियों की प्रस्तावित परीक्षा तिथि

**विभिन्न विभागों में 12 हजार 121 पदों पर होंगी भर्तियां**

अजमेर। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से मंगलवार को 5 विभिन्न भर्तियों की प्रस्तावित परीक्षा तिथि जारी कर दी गई है। आयोग की ओर से 17 जुलाई को इन भर्तियों का विज्ञापन जारी किया गया था। इनके तहत 5 विभिन्न विभागों में 12 हजार 121 पदों पर भर्तियां की जाएगी। आयोग सचिव ने बताया कि इन भर्ती परीक्षाओं का आयोजन वर्ष 2026 के अप्रैल माह से जुलाई माह तक किया जाना प्रस्तावित है। उप निरीक्षक/ प्लाटून कमांडर (गृह ग्रुप-1) विभाग के 1015 पदों के लिए 5 अप्रैल 2026, पशु चिकित्सा अधिकारी (पशुपालन विभाग) के 1100 पदों तथा सहायक कृषि अभियंता (कृषि विभाग) के 281 पदों के लिए 19 अप्रैल 2026 को परीक्षा का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इसी प्रकार प्राध्यापक एवं कोच (स्कूल शिक्षा विभाग) के 3225 पदों के लिए भर्ती परीक्षा का आयोजन 31 मई से 16 जून 2026 तक तथा वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) के 6500 पदों के लिए 12 जुलाई से 18 जुलाई 2026 तक भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### यह है आवेदन की अवधि

सहायक कृषि अभियंता के पदों के लिए 28 जुलाई से 26 अगस्त तक, पशु चिकित्सा अधिकारी के पदों के लिए 5 अगस्त से 3 सितम्बर तक, उपनिरीक्षक/ प्लाटून कमांडर के पदों के लिए 10 अगस्त से 8 सितम्बर तक, प्राध्यापक एवं कोच के पदों के लिए 14 अगस्त से 12 सितम्बर तक तथा वरिष्ठ अध्यापक के पदों के लिए 19 अगस्त से 17 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा होंगे मुख्य अतिथि

# गोयनका रिकग्निशन सम्मान समारोह 22 अगस्त को

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गोयनका समुदाय की ओर से आयोजित गोयनका संगम के दौरान 22 अगस्त को फतेहपुर शेखावाटी में जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने वाले गुमनाम नायकों को इस वर्ष के गोयनका रिकग्निशन सम्मान से अलंकृत करेंगे। श्री शक्ति गोयनका ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी सुशील गोयनका ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से वर्ष 2019 में शुरू किए गए वार्षिक पुरस्कारों में इस वर्ष 22 अगस्त को व्यापार, समाज सेवा, कला, विज्ञान, खेलकूद ,शिक्षा, साहित्य, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गोयनका समुदाय के शूरवीरों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर राजनेता, प्रसिद्ध उद्योगपति, खिलाड़ी भी मंच पर मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि श्री शक्ति गोयनका ट्रस्ट के तत्वाधान में 19 से 23 अगस्त तक फतेहपुर शेखावाटी में पांच दिवसीय गोयनका संगम में देश विदेश से व्यवसायिक घरानों के लगभग छह सौ लोग शिरकत करेंगे। इनमें जी समूह के चेयरमैन सुभाष चन्द्रा, इमामी ग्रुप के को-चेयरमैन आरएस गोयनका, टैली ग्रुप के चेयरमैन भरत गोयनका, पशुपति ग्रुप के चेयरमैन विष्णु गोयनका सहित देश-विदेश के अन्य दिग्गज उद्योगपति भी हिस्सा लेंगे।

भारत-पाक सरहद पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# धोलकिया के धोरों में पुलिस ने पकड़ी एमडी ड्रग्स फैक्ट्री

## भारी मात्रा में ड्रग बरामद, दो लोग हिरासत में लिए, बड़ी चेन खुलने की सम्भावना



नवज्योति/बाड़मेर। जिले के सेड़वा क्षेत्र में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों (एमडी ड्रग्स) की एक बड़ी फैक्ट्री पकड़ी है। यह फैक्ट्री सेड़वा के धोलकिया व कारटिया के बीच रेतीले धोरों के बीच आई हुई थी। इस कार्रवाई में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेने के साथ भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किए हैं। सेड़वा क्षेत्र के धोलकिया और कारटिया के बीच रेतीले टीलों की आड़ में इस फैक्ट्री को संचालित किया जा रहा था। इसकी लोकेशन ऐसी थी कि इसे आसानी से पकड़ना मुश्किल था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस फैक्ट्री में मेफेड्रोन (एमडी) जैसे खतरनाक मादक पदार्थ बनाए जा रहे थे। जो ना केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि अंतरराज्यीय और संभवतया अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सप्लाई किए जा रहे थे। पुलिस ने इस कार्रवाई की सूचना नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को दे दी है। एनसीबी की टीम जल्द ही मौके पर पहुंचकर मामले की गहन जांच शुरू करेगी।

पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया, हिरासत में लिए गए दोनों व्यक्तियों से पूछताछ जारी है, और जल्द ही इस पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा।

### बड़े खुलासे होने की उम्मीद

पुलिस और एनसीबी की संयुक्त जांच से मामले में और भी बड़े खुलासे होने की उम्मीद है। यह माना जा रहा है कि इस फैक्ट्री का नेटवर्क राजस्थान के अन्य हिस्सों के साथ ही पड़ोसी राज्यों तक फैला हो सकता है। हिरासत में लिए गए व्यक्तियों से पूछताछ में ड्रग्स की सप्लाई चेन, इसमें शामिल अन्य लोग, और वित्तीय लेनदेन की जानकारी सामने आ सकती है। पुलिस ने जनता से आग्रह किया, कि है कि वे नशे से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी पुलिस को दें। जिससे ऐसे अवैध कारोबार को पूरी तरह खत्म किया जा सके। इस कार्रवाई ने एक बार फिर साबित कर दिया, कि बाड़मेर पुलिस नशे के सौदागरों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के साथ काम कर रही है।

## प्रो. अग्रवाल एमडीएस यूनि.के कुलगुरु बने

अजमेर। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय को अन्ततः आठ माह बाद स्थाई कुलपति मिल गया। कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को आदेश जारी कर प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल को एमडीएस विश्वविद्यालय का कुलगुरु नियुक्त किया है। वे बुधवार सुबह 11 बजे कार्यभार ग्रहण करेंगे। वह वर्तमान में केंद्रीय विश्वविद्यालय गांधीनगर गुजरात में तुलनात्मक, साहित्य और अनुवाद अध्ययन विभाग में प्रोफेसर हैं। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के पिछले नियमित कुलपति पद पर प्रो. अनिल कुमार शुक्ला का कार्यकाल गत वर्ष 26 नवम्बर को समाप्त हो गया था। इसके अगले ही दिन 27 नवम्बर को राज्यपाल ने वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा के कुलपति प्रो. कैलाश सोडाणी को नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक कार्यवाहक कुलपति का कार्यभार सौंपा गया था।

Scanned with OKEN Scanner

MUNICIPAL BOARD, NATHDWARA DIST.- RAJSAMAND

S.No./M.B.Nath/NIT/Const./2025/ 8982 Date : 11-07-2025

Notice Inviting Bid

Bids for different works Nit No. 26/2025-26 of Municipal Board Nathdwara are invited from interested bidders up to date 28-07-2025 on 18:00 Hours. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state govt.

UBN No. –DLB2526WSOB11682, DLB2526WSOB11683, DLB2526WSOB11684, DLB2526WSOB11685, DLB2526WSOB11686, DLB2526WSOB11687

Raj Samwad/C/25/6587 Commissioner

DNJ-361678

स्टोर्स ई-प्रॉक्योरमेंट

निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है : 1. ई-निविदा संख्या: DB255466, दिनांक: 18-07-2025; आइटम विवरण: एलएचबी जीएस कोचों के लिए 160 केवीए एयर स्प्रिंग असेंबली। मेट विशिष्टता: आरडीएसओ एसटीआर संख्या: आरडीएसओ/सीजी/एस/23002 रेव. शून्य। [वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 72 महीने तक]। पीएल कोड (ग्रुप): 33507181; कुल मात्रा: 80 संख्याएं; अग्रिम राशि: ₹2,30,330/-; ई-निविदा के बंद करने की तिथि और समय 11-08-2025 को 14:30 बजे।

विस्तृत विवरण के लिए कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

उप सीएमएम/डी/डिब्रूगढ़ टाउन

पूर्वोत्तर सीमा रेल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

DNJ-361693

(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय)

जोबनेर 303329, जिला जयपुर (राजस्थान)

फोन नं. 01425–254986(का.) e-mail id : comptroller@sknau.ac.in

क्रमांक: एफ.03( )वि.नि./कोष./श्रीकनकृविवि/2025/3097 दिनांक : 18.07.2025

Bids are invited up to 30.07.2025 at 11.00 AM for printing work. The details are available in the Bidding Documents which can be availed from the office of The Comptroller, SKNAU, Jobner-303329 or can be accessed or downloaded from State Procurement Portal website "sppp.rajasthan.gov.in" or "https://eproc.rajasthan.gov.in" or website "www.sknau.ac.in". The bidding document after filling up properly can be uploaded on website "https://eproc.rajasthan.gov.in" along with payment of Rs. 1500/- (Rs. 750/- for SSI Units of Rajasthan) through banker's cheque/demand draft in favour of The Comptroller, SKNAU, Jobner-303329.

UBN–SKN2526GLOB00148

राज.संवाद/सी/25/6664 Comptroller

DNJ-361684

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण, राजस्थान

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल–कोटा

email : nnksouth@gmail.com, websites : www.urban.rajasthan.gov.in/nnks, Ph. : 0744-2502142

क्रमांक :– ननिको/दक्षिण/निर्माण/2025/522–538 दिनांक :– 18.07.2025

ई–निविदा संशोधन सूचना 01

नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा जारी ई–निविदा सूचना संख्या 23/2025–26 क्रमांक 418–432 दिनांक 04 जुलाई 2025 की तिथियों एवं शर्तों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है। निविदा की शर्त संख्या 02 अनुसार निविदा शुल्क/धरोहर राशि/प्रोसेसिंग शुल्क ऑन–लाइन के साथ–साथ ऑफ–लाइन डी.डी. भी मान्य होंगे। संवेदक ई–निविदा संशोधन सूचना प्रपत्र नगर निगम कोटा की वेबसाइट http://kotamcsouth.org.com, www.urban.rajasthan.gov.in/nnks, http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in से देख/प्राप्त कर सकेंगे।

| क्र. सं. | विवरण | पूर्व में दिनांक | संशोधित दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा डाउनलोड करने की तिथि (वेबसाइट से) | 10.07.2025 से 21.07.2025 तक | 10.07.2025 से 24.07.2025 तक |
| 2 | निविदा की धरोहर राशि, निविदा शुल्क व प्रोसेसिंग शुल्क व तकनीकी बिड के दस्तावेज ऑन–लाईन अपलोड करने की तिथि। | 10.07.2025 से 21.07.2025 तक | 10.07.2025 से 24.07.2025 तक |
| 3 | निविदा/तकनीकी बिड खोलने की तिथि | 22.07.2025 (प्रातः 11.00 बजे) | 25.07.2025 (प्रातः 11.00 बजे) |
| 4 | वित्तीय बिड खोलने की तिथि | तकनीकी बिड परीक्षण के पश्चात् | तकनीकी बिड परीक्षण के पश्चात् |

शेष यथावत रहेगा।

राज.संवाद/सी/25/6592 आयुक्त एवं मेला अधिकारी नगर निगम कोटा दक्षिण

DNJ-361690

Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

e-Procurement Notice

e-Tender Reference No.:-RCD/EMPANELMENT/03/2025-26 Dated 21.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Invitation of Application for Empanelment of Consultants under Category-III for three Years in Road Construction Department Jharkhand Ranchi. |
| 2- | Cost of Tender Document (Application Fee) | Cost of Tender Document - Rs 35,000/- (Rupees Thirty five Thousand)(Non-Refundable) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document (Application fee) will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 3- | Date and Time of Publishing of Notice (RFP) on official website | 24.07.2025, 05.00 PM |
| 4- | Last date and Time of submission of Bid (With Application Fee) | 14.08.2025, 12.30 PM |
| 5- | Date and Timing of Bid opening | 18.08.2025, 12.30 PM |
| 6- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-8051090751 |
| 7- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
PR 357887 (Road) 25-26 (D) Road Construction Department,Ranchi

DNA 361683

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं. : एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/559, दिनांक 21.07.2025, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम ऑफिस, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई/टेली/टी/07/25–26/सीएपी। कार्य का नाम एवं इसका स्थान: सियालदह मंडल के तहत 38 स्टेशनों पर ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड का प्रावधान और 7 स्थानों (बिराटी, बजबज, बसीरहाट, प्रिंसेप घाट, ईडेन गार्डेन, आकड़ा और गोबरडांगा) पर आरडीएसओ टाइप ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड का प्रतिस्थापन तथा तीन वर्ष की गारंटी अवधि की समाप्ति के बाद 5 वर्षों के लिए सिस्टम का सीएमसी (दो पैकेट प्रणाली निविदा)। निविदा मूल्य : रु.15,57,46,963.29, निविदा कागजात का मूल्य : शून्य। बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी : रु.9,28,700/–, कार्य की समापन अवधि: 12 माह। निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि: 04.08.2025, निविदा जमा देने की अंतिम तिथि: 18.08.2025 को 14.00 बजे तक। निविदा बोली के खोलने की तिथि: 18.08.2025 को 14.30 बजे। विवरण www.ireps.gov.in से देखा जा सकता है। तकनीकी पात्रता मानदंड: निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। वित्तीय पात्रता मानदंड: निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए पीछे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। जमा किए जाने वाले अन्य कागजात: निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। समरूप कार्य की प्रकृति: "ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड/कोच गाइडेंस सिस्टम/पीए सिस्टम/क्लॉक/आईपीआईएस/टच स्क्रीन एन्क्वायरी सिस्टम/डिस्प्ले बोर्ड की आपूर्ति और स्थापना का कोई भी कार्य।" टिप्पणी: निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-127/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

DNA 361701

# डॉ. हर्षवर्धन बने गणगौरी अस्पताल के अधीक्षक



जयपुर। राज्य सरकार ने मंगलवार को एक आदेश जारी करके जयपुर के राजकीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय हॉस्पिटल, गणगौरी बाजार के अधीक्षक को बदल दिया है। वर्तमान अधीक्षक डॉ. हरजीत सिंह को हटाकर सीनियर प्रोफेसर डॉ. लोकेश्वर हर्षवर्धन को जिम्मा सौंपा है। साथ ही डॉ. हर्षवर्धन की सेवाएं जो आरयूएचएस मेडिकल कॉलेज में कार्यव्यवस्था के लिए की गई थी, उसे निरस्त करके वापस एसएमएस मेडिकल कॉलेज में कर दी है। डॉ. हर्षवर्धन इससे पहले भी जनवरी 2022 से फरवरी 2024 तक इसी हॉस्पिटल में अधीक्षक रह चुके हैं।

# हर योग्य नागरिक का नाम वोटर लिस्ट में होगा शामिल: महाजन



ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। भारत निर्वाचन आयोग के फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (स्पेशल इंटेंसिव रिविजन) एवं अन्य निर्वाचन संबंधी कार्यों की तैयारियों को लेकर मंगलवार को सचिवालय में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जयपुर संभाग के संभागीय आयुक्त, सभी सात जिला निर्वाचन अधिकारी एवं समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वीसी के माध्यम से मौजूद रहे।

महाजन ने बैठक में राजस्थान में चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के अंतर्गत व्यापक स्तर पर ट्रेनिंग, जनसंपर्क, निगरानी और दस्तावेज संकलन की प्रक्रिया को प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वयन के लिए जयपुर संभाग के जिला निर्वाचन अधिकारियों को आदेश दिए। महाजन ने इस बात पर बल दिया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य हर योग्य नागरिक का नाम वोटर लिस्ट में शामिल करना है। बीएलओज को बेसिक ओरिएन्टेशन देने की जरूरत है। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि बीएलओ के स्तर पर ही जिज्ञासाओं का समाधान हो जाए। उन्होंने नगर निगम में वार्ड लेवल पर हेल्प डेस्क लगाने की जरूरत बताई और कहा कि हेल्प डेस्क पर संजीदा लोगों को लगाया जाए, जिससे सामान्य जन को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

शुद्धिपत्र संख्या 01
ई-निविदा सूचना सं: KIR/ENGG./43 OF 2025
दिनांक: 15-07-2025 की आइटम सं 3 का निरस्तीकरण

प्रशासनिक आधार पर कटिहार मंडल में:- इनसिटू ग्लू जॉइंट निर्माण द्वारा विभिन्न स्थानों में दोषपूर्ण ग्लू जॉइंट को आकस्मिक नवीनीकरण के कार्य के लिए ई-निविदा सूचना सं. KIR/Engg./43 of 2025; दिनांक:15-07-2025 (आइटम सं. 3) को रद्द माना जाएगा।

डीआरएम (कार्य), कटिहार

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

DNJ-361696

इलेक्ट्रिकल जनरल कार्य

ई-निविदा सूचना सं. EL_GEN_31_25-26; दिनांक: 18-07-2025। निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: निविदा सं. EL_GEN_31_25-26; कार्य का नाम: कटिहार मंडल के अधीन, ओल्ड मालदा, बुनियादपुर, गंगारामपुर रेलवे स्टेशन के सॉफ्ट अपग्रेडेशन के संबंध में इलेक्ट्रिकल जनरल कार्य। निविदा मूल्य: ₹82,10,015.35; धरोहर राशि: ₹1,64,200.00। ई-निविदाएं 15-08-2025 को 15.00 बजे बंद होंगी और 15-08-2025 को 15.30 बजे खुलेंगी। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना 15-08-2025 को 15.00 बजे तक वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।

सीनि. डीईई/टीआरडी एंड जीएम/कटिहार

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

DNJ-361664

# आयुक्त ने निगम क्षेत्र की सड़कों, सीवर लाइन और स्ट्रीट लाइट मरम्मत के प्लान बनाने के लिए निर्देश



नवज्योति, जयपुर। नगर निगम हेरिटेज आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने मंगलवार को निगम अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान आयुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आमजन की समस्याओं का जल्द निस्तारण करें। इस दौरान उन्होंने ऑनलाइन पोर्टल राजकाज पर पेंडिंग शिकायतों को लेकर प्रत्येक निगम अधिकारी से वन टू वन संवाद किया। इस दौरान निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने कहा कि संपर्क पोर्टल या अन्य ऑनलाइन पोर्टल पर अधिकांश समस्याएं सीवर, सफाई व्यवस्था को लेकर ही आ रही है। ऐसे में हेरिटेज निगम के सभी जोन उपायुक्त अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक करें। वहीं परकोटे में हो रहे नए निर्माण कार्यों को लेकर हेरिटेज निगम आयुक्त ने सभी अभियंताओं को निर्देश दिए कि वे अपने जोन में सड़क, सीवर और स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं के निस्तारण के लिए ठोस प्लान बनाएं और इन कार्यों की ऑडिट भी कराएं।

**हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ. निधि ने की समीक्षा बैठक**

# चरागाह समितियां पंचायतों में अतिक्रमण हटाएंगी: दिलावर

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने चरागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने तथा चरागाहों की सुरक्षा के लिए अधिकारियों को चरागाह समिति को फिर से क्रियाशील करने का आदेश दिया है। दिलावर के आदेशों के बाद विभाग ने प्रदेश की सभी जिला परिषदों को निर्देशित किया है कि पंचायतों में चरागाहों में उपयुक्त किस्म की घास, झाड़ियां और पौधों के विकास तथा अतिक्रमण रोकने के लिए सभी कदम उठाए जाएं। इसके लिए पंचायत हर गांव की चरागाह भूमि का नियंत्रण पांच व्यक्तियों की समिति को दे। जिसकी अध्यक्षता संबंधित गांव का वार्ड पंच करें और इस समिति के चार सदस्य ग्राम सभा चुनें। इसी तरह चरागाह विकास, चरागाह को अतिक्रमण मुक्त करने, जल एवं भूमि संरक्षण के लिए प्रशासनिक सुधार विभाग के पुराने आदेश के अनुसार ही जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के साथ समन्वय करने एवं चरागाह विकास की योजना की समीक्षा के लिए जिला प्रमुख की अध्यक्षता में एक जिला स्तरीय बंजर भूमि एवं चरागाह विकास समिति का गठन किया गया है। जिसका प्रशासनिक विभाग ग्रामीण विकास विभाग है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद जिला स्तर पर चरागाह भूमि विकास समिति के नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। पंचायती राज विभाग ने सभी जिला परिषदों को निर्देशित किया है कि ग्राम पंचायत की आबादी भूमि एवं चारगाह में हो रहे अतिक्रमण को चिन्हित कर अतिक्रमण हटाए जाने की पालना निरंतर की जाए। ग्राम पंचायत के स्वामित्व वाली भूमि से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया भी तय कर दी गई है।

# जयपुर एपीआई की नई कार्यकारिणी गठित



जयपुर। एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इंडिया जयपुर चैप्टर एपीआई की नई कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न हुए। तीन सदस्यीय चुनाव समिति के सदस्य सीनियर प्रोफेसर और राष्ट्रीय एपीआई कार्यकारिणी मेंबर डॉ. प्रकाश केसवानी, डॉ. पुनीत सक्सेना एवं डॉ. प्रद्युम्न शर्मा ने बताया कि सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का सर्वसम्मति से चयन किया, जिसमें एसएमएस मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. एमके अग्रवाल चेयरमैन, महात्मा गांधी हॉस्पिटल के डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सचिव एवं आरयूएचएस मेडिकल कॉलेज के डॉ. सुरेश यादव कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

# गिरीश बने राजस्थान निजी सहायक संवर्ग महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष



जयपुर। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ निजी सहायक गिरीश जैन को राजस्थान निजी सहायक संवर्ग महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष पद पर चुना गया है। महासंघ के संरक्षक विपिन गोयल ने जैन को नियुक्त किया है। जैन ने बताया कि 25 सितम्बर को संगम-2025 का आयोजन किया जाएगा।

तिनसुकिया मंडल में एस एंड टी का कार्य

निविदा सूचना संख्या: N-2025-26-TSK-NIT-09, दिनांक: 17-07-2025; निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। ई-निविदा संख्या : N-2025-26-TSK-T-09; आइटम का संक्षिप्त विवरण : तिनसुकिया मंडल के डीएसटीई/तिनसुकिया के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत खंड में विश्वसनीयता सुधार के लिए विशेष सिग्नलिंग का कार्य। निविदा मूल्य : ₹2,40,73,758/-; अग्रिम राशि: ₹2,70,400/-; निविदा के बंद करने की तिथि और समय 08-08-2025 को 15:00 बजे और बंद होने के बाद 08-08-2025 को खोला जाएगा। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी।

डीआरएम (एस एंड टी), तिनसुकिया

पूर्वोत्तर सीमा रेल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

DNJ-361665

कार्यालय नगर पालिका मण्डल जोबनेर (जयपुर)

क्रमांक/न.पा.जो./2025–2026/1175 दिनांक 21.07.2025

निविदा आमन्त्रण सूचना/2025–2026

नगर पालिका जोबनेर द्वारा केश/विकास/स्टोर शाखा से कार्य करवाने हेतु कार्य संख्या 3 कार्यों की निविदा आमन्त्रित की जा रही है। उक्त कार्यों की अमानता राशि, बिड की शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर अथवा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है।

UBN NO. - 1. DLB2526WSOB11933, 2. DLB2526WSOB11934

राज.संवाद/सी/25/6599 अधिशाषी अधिकारी

DNJ-361681

कार्यालय नगर परिषद, किशनगढ़ जिला –अजमेर (राज.)

क्रमांक/नपकि/विकास/2025/1311 दिनांक – 21.07.2025

निविदा सूचना संख्या – 12/2025–2026

राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/संवेदकों से मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 28.07.2025 को 12.00 बजे तक निविदा शुल्क मय धरोहर नकद राशि जमा करवाकर प्राप्त की जा सकती है एवं बन्द लिफाफे में निविदा दिनांक 28.07.2025 को मध्यान्ह पश्चात् 02.00 P.M. तक प्राप्त की जाकर उसी दिन उपस्थित संवेदकों के समक्ष 03.00 P.M. पर खोली जावेगी। निविदा स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार परिषद को होगा। निविदाएं बेचने/प्राप्त करने के दिवस को किसी भी कारणवश राजकीय अवकाश घोषित होने पर कार्यवाही आगामी कार्य दिवस को सम्पादित की जावेगी। निविदा शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

यूबीएन नं.–DLB2526A3692

राज.संवाद/सी/25/6662 आयुक्त नगर परिषद, किशनगढ़

DNJ-361688

नगर निगम ग्रेटर जयपुर

क्रमांक :– जराअ/2025/147 दिनांक: 21.07.2025

ई–निविदा सूचना सं. – 121 से 128/2025–26

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत "AA" "A" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से पिड अधि० अभि० (मालवीय नगर जोन) से सम्बन्धित विकास कार्यों की निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यों की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण ई निविदा सूचना संख्या– 121 से 128/2025–26 दिनांक 22.07.2025 से नगर निगम जयपुर ग्रेटर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.raj.nic.in से अपलोड की जा सकती है। स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल का Unique Bid Number (UBN) JMC2526WSOB01084 to JMC2526WSOB01091 तक है।

अधिशाषी अभियंता (मालवीय नगर जोन) नगर निगम ग्रेटर जयपुर

राज.संवाद/सी/25/6674

DNJ-361691

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं० JHS-N-W-20-25 दिनांक 18.07.2025

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

ई-निविदा सूचना संख्या : JHS-N-W-20-25 | कार्य लागत लगभग : Rs. 18749008.92/-

कार्य का नाम : प्रोविजन ऑफ एसाइंटी वर्क इन कनेक्शन विथ वेरियस यार्ड इम्प्रूवमेंट इन अंडर एडीईएन/कानपुर सेंट्रल (15 यार्ड्स)।

धरोहर राशि : Rs. 243800 | निविदा प्रपत्र का मूल्य : Nil

निविदा खुलने की तिथि : 11.08.2025 Time 15:00

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि : 12 माह

• निविदा दिनांक 11.08.2025 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल वेब साइट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T) पर देखें। 1273/25 (C)

@CPRONCR | North central railways | cpronorly | CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

DNJ-361669

कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां (राज0)

E Mail ID-npchhabra5@gmail.com Phone No-07452-222025

क्रमांक :– न0पा0छ0/2025/3430 दिनांक :– 18.07.2025

–:: ई–निविदा सूचना ::–

NIB CODE-DLB2526A3674

नगरपालिका छबड़ा द्वारा अनुमानित 48.00 लाख रूपये की लागत से निम्न कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/डाक दूर संचार विभाग रेल्वे इत्यादी में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत है से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है संवेदक ई–निविदा को पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर देख सकते है एवं पोर्टल www.eprocument.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है।

| क्र.सं. | UBN NO |
|---|---|
| 01 | DLB2526WSOB11703 |

| | |
|---|---|
| Sppp पोर्टल पर ऑनलाईन निविदा फार्म मिलने की दिनांक | 18.07.2025 को सायं 4.00 बजे से |
| ईप्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निविदा प्रस्तुत करने की प्रारम्भ तिथि | 18.07.2025 सांय 5 बजे से |
| ईप्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 28.07.2025 दोपहर 2 बजे तक |
| कार्यालय में दस्तावेज जमा कराने की तिथि | 28.07.2025 सांय 4 बजे तक |
| ईप्रोक्योरमेंट पोर्टल पर प्राप्त तकनीकी बिड खोलने की तिथि | 28.07.2025 सांय 5 बजे बाद |

राज.संवाद/सी/25/6522 अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका छबड़ा

DNJ-361666

कार्यालय नगर पालिका निवाई

क्रमांक–न.पा.नि./निर्माण/2025–26/5083 दिनांक– 18.07.2025

ई. बोली सूचना संख्या :- 18/2025–2026

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका निवाई में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों एवं विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागों के संबंधित श्रेणी में "A" "AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों एवं स्वायत्त शासन विभाग में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों से, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म ऑनलाइन वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है :–

| | |
|---|---|
| बोली का कार्य | NIB Code:- DLB2526A3726 (कुल 06 कार्य) |
| Unique Bid Number | DLB2526WSOB11887, 1888, 1889, 18890, 18891, 18892 |
| बोली की कुल लागत | Rs 120.09 लाख (सभी कार्यों की अनुमानित लागत) |
| बोली जारी करने की दिनांक | दिनांक 23.07.2025 को 13:00 बजे से |
| बोली दस्तावेजों को डाउनलोड करने की शुरूआती दिनांक व समय | दिनांक 23.07.2025 को 13:00 बजे से |
| ऑन लाईन बोली जमा कराने की अन्तिम दिनांक | दिनांक 04.08.2025 सांय 18.00 बजे तक |
| ऑनलाईन तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | दिनांक 05.08.2025 को अपराह्न 12:00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैद्यता समयावधि | 120 Day |

अध्यक्ष नगर पालिका निवाई | अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका निवाई

राज.संवाद/सी/25/6586

DNJ-361680

डूंगरपुर सहकारी उपभोक्ता थोक भण्डार लि. डूंगरपुर

पता-मालपुर रोड इन्दिरा कॉलोनी डूंगरपुर (राज.)

क्रमांक :- 2025/Jun/SPL-68 दिनांक :- 21/07/2025

कार्यालय आदेश

प्री बिड मीटिंग न्यूज़ पेपर में प्रकाशन से पूर्व आयोजित नही की जा सकती है जिस कारण प्री बिड मीटिंग का आयोजन जो 15/07/2025 किया जाना प्रस्तावित था, को बदल कर 25/07/2025 को प्रस्तावित की गयी है। अन्य विस्तृत जानकारी http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/6629 महाप्रबंधक

DNJ-361695

कार्यालय जिला परिषद, जयपुर

सवाई जयसिंह हाईवे, जिला कलेक्ट्रेट, बनीपार्क, जयपुर, E-Mail ID :- jaipuraceo@gmail.com, Phone No. :- 0141-2200724

क्रमांक – छ.प.( )निर्माण/लेखा/निविदा/प.स.भवन झोटवाड़ा/2025/545 दिनांक – 21/07/2025

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 2/2025-26

जिला परिषद जयपुर के अधीनस्थ पंचायत समिति भवन निर्माण एवं स्टाफ क्वाटर्स निर्माण कार्य झोटवाड़ा के निर्माण कार्य हेतु इच्छुक संवेदकों से जीएसटी पंजीकृत एवं "बी" श्रेणी या उच्चतर श्रेणी में पंचायती राज विभाग/राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजीकृत फर्मो/संवेदकों से निर्माण कार्य हेतु ई–प्रोक्यूरमेंट पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी विस्तृत जानकारी वेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध है।

NIB:- ZJP2526A0719, UBN:- ZJP2526WSRC01275

राज.संवाद/सी/25/6633 अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी

DNJ-361694

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. JHS-N-W-32-25 दिनांक : 18.07.2025

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

ई-निविदा सूचना संख्या: JHS-N-W-32-25, कार्य का नाम : कम्प्रेहेन्सिव एनुअल मेंटेनेंस ऑफ मेधा मेक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग एट 5 स्टेशन्स एस हमीरपुर रोड, खैरार, बाँदा, खुरहण्ड, अतर्रा ऑफ झाँसी डिवीजन फॉर ए पीरियड ऑफ थ्री इयर्स।

कार्य लागत लगभग: ₹ 1,28,31,208.20 | धरोहर राशि: ₹ 2,14,200/-

निविदा प्रपत्र का मूल्य: Nil | निविदा खुलने की तिथि: 11.08.2025 Time 15:00

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि: 36 माह

• निविदा दिनांक 11.08.2025 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T) पर देखें। 1272/25 (MG)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

DNA 361655

राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान

क्रमांक: F-49 (10)/SIHFW/Tender-Canteen/25-26/6874 दिनांक: 22.07.2025

बोली सूचना

संस्थान स्थित केन्टीन संचालन के लिये होटल, रेस्टोरेन्ट व्यवसायी, केटरिंग सेवा प्रदाता एवं अनुभवी फेमिली जो केन्टीनमैस संचालन का अनुभव रखते हो, से निम्नलिखित सेवा कार्य आपूर्ति के लिये ई-बोली आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | कार्य | अनुमानित लागत लाखों में | धरोहर राशि रू. में | बोली फार्म राशि रू. में | ई-टेण्डर प्रक्रिया शुल्क राशि रू. में | ई-टेण्डर बोली आवेदन डाउनलोड करने की तिथि | ई-टेण्डर बोली अपलोड करने की अंतिम तिथि | ई-टेण्डर तकनीकी बोली खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 24 घंटे X 7 दिन केन्टीन संचालन कार्य | 70 लाख रूपये (1 वर्ष हेतु) | 140000 (रू एक लाख चालीस हजार मात्र) का बैंकर्स चैक/डी.डी | 1000 बैंकर्स चैक/डी.डी | 1500 बैंकर्स चैक डी.डी | 23.07.2025 शाम 4 बजे से | 01.08.2025 दोपहर 01:00 बजे तक | 01.08.2025 दोपहर 03:00 बजे |

बोली फार्म राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, जयपुर की वेबसाइट www.sihfwrajasthan.com, www.sppp.rajasthan.gov.in और www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। ई-टेण्डर को अपलोड करने की अन्तिम तिथि 01.08.2025 दोपहर 01.00 बजे तक है। बोलीदाता फर्म को धरोहर राशि रूपये 1,40,000/- (रू एक लाख चालीस हजार) एवं बोली फार्म शुल्क रू 1000 (रू एक हजार) का डी.डी अथवा बैंकर्स चैक जो State Institute Of Health & Family Welfare के पक्ष में देय हो एवं ई-टेण्डर प्रक्रिया शुल्क राशि रू 1500 (रू एक हजार पांच सौ) का डी.डी/बैंकर्स चैक जो MD RISL के पक्ष में paybale at Jaipur हो को संलग्न करना अनिवार्य होगा जो दिनांक 01.08.2025 को दोपहर 01.00 बजे तक संस्थान कार्यालय में जमा करा देवें। धरोहर राशि, ई-टेण्डर, प्रक्रिया शुल्क एवं बोली फार्म राशि के बिना प्राप्त बोली पर विचार नहीं किया जायेगा। अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कोई कारण बताए बोली के किसी भी भाग अथवा पूर्ण बोली को रद्द करने अथवा प्राप्त बोली को अस्वीकार करने का अधिकार होगा।

निदेशक

DNJ-361711

Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

शुद्धि पत्र

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा Invitation of Empanelment of Consultants under Road Construction Department in the state of Jharkhand for three years, Dated 16.07.2025 जिसका पी० आर० न० 357573 Road (25–26) D है, अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
PR 357884 (Road)25-26*D Road Construction Department,Ranchi

DNA 361687

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

ई-एक्सटेंडेड टेंडर नोटिस सं 26/ई/2025-26 दिनांक: 18.07.2025

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 11241367 | [illegible] | 117 नग | 19/08/2025 |
| 02 | 03251316 | [illegible] | 151 सेट | 08/08/2025 |
| 03 | 12241497 | [illegible] | 10946 नग | 14/08/2025 |
| 04 | 07251407 | [illegible] | 11 सेट | 06/08/2025 |
| 05 | 07251372 | [illegible] | 22 सेट | 06/08/2025 |
| 06 | 03251419 | [illegible] | 2900 नग | 13/08/2025 |
| 07 | 07251577 | [illegible] | 17 सेट | 08/08/2025 |
| 08 | 03251625 | [illegible] | 200 सेट | 08/08/2025 |
| 09 | 07251399 | [illegible] | 11 सेट | 21/08/2025 |
| 10 | 07241392 | [illegible] | 13 सेट | 26/08/2025 |
| 11 | 05251179 | [illegible] | 4000 | 18/08/2025 |

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 20/ई/2025–26 दिनांक 28.06.2025 | टेण्डर न. 05251053 | [illegible] |
| 02 | 17/ई/2025–26 दिनांक 21.06.2025 | टेण्डर न. 03251415 | [illegible] |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एम एंड सी

ई-निविदा सूचना सं० 18/2025–26 (सुरक्षा) [illegible]

उप मुख्य इंजीनियर–II

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

DNA 361672



**ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने यूएस ओपन से नाम वापस लिया**

न्यूयॉर्क। ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने वर्ष के अंतिम ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन से नाम वापस ले लिया है। झेंग कोहनी की चोट से जूझ रही हैं जिस कारण वह इस टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकेंगी। यूएस ओपन 24 अगस्त से शुरू होगा। चीन की इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने दो दिन पहले घोषणा की थी कि उनकी दाहिनी कोहनी की लगातार दर्द के कारण आर्थोस्कोपिक सर्जरी हुई है। दुनिया में छठी रैंकिंग की खिलाड़ी झेंग पिछले महीने विंबलडन में पहले दौर में हार गई थी।


दैनिक नवज्योति
आपके लिए, आपके साथ
dainiknavajyoti.com
जयपुर, बुधवार, 23 जुलाई 2025
14
89 सफलता, निष्पक्ष और विश्वसनीयता के


## जयपुर जिला जूनियर ओपन और गर्ल्स चेस के पोस्टर का विमोचन



खेप्र/नवज्योति, जयपुर। जयपुर जिला जूनियर ओपन और गर्ल्स चेस टूर्नामेंट का आयोजन 2 और 3 अगस्त को किया जाएगा। जयपुर ग्रेटर नगर निगम की महापौर सौम्या गुर्जर ने मंगलवार को यहां टूर्नामेंट के पोस्टर का विमोचन किया। टूर्नामेंट का आयोजन जयपुर चेस अकादमी और जयपुर चेस क्लब द्वारा आयोजित किया जा रहा है। टूर्नामेंट के कोऑर्डिनेटर जिनेश कुमार जैन ने बताया कि यह एक चयन प्रतियोगिता है, जिसके माध्यम से चयनित खिलाड़ी राजस्थान स्टेट जूनियर चेस चैम्पियनशिप 2025 में जयपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। जयपुर जिला शतरंज संघ के उपाध्यक्ष विक्रम सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में जयपुर जिले के वे खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं, जिनका जन्म 1 जनवरी 2006 या उसके बाद हुआ है। प्रतियोगिता में कुल सात राउण्ड खेले जाएंगे।

## गगनप्रीत बाजवा के अर्धशतक से जीती बीपीएस क्रिकेट अकादमी

खेप्र/नवज्योति, जयपुर। गगनप्रीत बाजवा की अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत बीपीएस क्रिकेट अकादमी ने सोनी कप क्रिकेट टूर्नामेंट के मुकाबले में टीसीए क्रिकेट एकेडमी को 107 रनों से पराजित कर दिया। बीपीएस अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 196 रन बनाए। गगनप्रीत बाजवा ने 91 और आरव सिंह ने 30 रनों का योगदान दिया। टीसीए अकादमी की ओर से मोहन सैनी ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीसीए एकेडमी 20 ओवर में 5 विकेट पर 89 रन ही बना सकी। बीपीएस अकादमी के शिवनंदन ने दो विकेट लिए। गगनप्रीत को मैन ऑफ द मैच चुना गया। एक अन्य मैच में कुलवंत खेजरोलिया के ऑलराउंड खेल से इंस्पायर एकेडमी ने मीरा बागान एकेडमी को 154 रनों से शिकस्त दी। इंस्पायर एकेडमी ने नरेन्द्र तोमर (56), कुलवंत खेजरोलिया (53) और ध्रुव खंडेलवाल (46) की मदद से 20 ओवर में 6 विकेट पर 206 रन बनाए। जवाब में मीर बागान एकेडमी की टीम 13 ओवर में 52 रनों पर सिमट गई।

## ऑल इंडिया वेटरन टीटी में राजस्थान ने जीते नौ पदक

खेप्र/नवज्योति, जयपुर। राजस्थान के खिलाड़ियों ने गुड़गांव में आयोजित ऑल इंडिया ओपन वेटरन टेबल टेनिस प्रतियोगिता में एक स्वर्ण, तीन रजत और पांच कांस्य सहित कुल नौ पदक अपने नाम किए। राजस्थान टीम के संयोजक मनमोहन सिंह रावत ने बताया कि प्रतियोगिता में राजस्थान के 15 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 60+ आयु वर्ग में हरीश माथुर ने रजत और मनमोहन सिंह ने कांस्य, 64+ आयु वर्ग में त्रिलोकचन्द ने रजत और अनंत शर्मा ने कांस्य, लक्की डबल्स में राजीव अग्रवाल ने स्वर्ण, संदीप शर्मा ने रजत और त्रिलोकचन्द्र व हरीश माथुर ने कांस्य पदक जीता। विजेताओं को राष्ट्रीय खिलाड़ी और कोच कुणाल कुमार व विमल ने पदक प्रदान किए।



## साक्षी-भार्गव मेमोरियल चेस में देवेंद्र बने ओवरऑल चैंपियन



खेप्र/नवज्योति, जयपुर। देवेन्द्र कुमार ने सात अंक अर्जित करते हुए मंगलवार को यहां संपन्न अंकित साक्षी-सुनील भार्गव मेमोरियल ओपन शतरंज टूर्नामेंट का ओवरऑल खिताब जीत लिया। उज्ज्वल दीप ने भी इतने ही अंक हासिल किए लेकिन प्रोग्रेसिव अंक गणना के आधार पर उन्हें उपविजेता के रूप में संतोष करना पड़ा। देवेन्द्र को पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी और दस हजार रुपए तथा उज्ज्वल को 7500 रुपए की नगद राशि प्रदान की गई। राजकपूर और सिद्धांत चतुर्वेदी क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। 1600 से 1800 रेटिंग कैटेगरी में मुकेश मंडलोई विजेता, 1400 से 1600 कैटेगरी में आशुतोष गोयल विजेता और 555 से अधिक रेटिंग कैटेगरी में हर्ष पीआर विजेता और महिला वर्ग में अनुष्का जैन विजेता रहे।

## यंग स्टार ने एनसीसी जूनियर को 71 रनों से हराया

खेप्र/नवज्योति,जयपुर। यंग स्टार एकेडमी ने मंगलवार को यहां अंडर-13 चैंपियंस कप में एनसीसी जूनियर को 71 रनों से पराजित किया। यंग स्टार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए यश कुमार के नाबाद 15 रनों की मदद से 24.4 ओवर में 99 रन बनाए। ललित ने 3 व रुद्र और कार्तिक ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में एनसीसी टीम यंग स्टार की शानदार गेंदबाजी के समक्ष मात्र 28 रनों पर ही धाराशायी हो गई। यश कुमार उपमन, राजबीर और देवांश प्रजापत ने दो-दो सफलताएं हासिल की। यश कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।



## खेल परिषद अध्यक्ष का किया सम्मान

खेप्र/नवज्योति, जयपुर। राजस्थान ओलंपिक संघ की ओर से मंगलवार को यहां राजस्थान खेल परिषद के अध्यक्ष डा. नीरज कुमार पवन का सम्मान किया गया। सचिव सुरेन्द्र सिंह गुर्जर और राजस्थान साइक्लिंग एसोसिएशन के महासचिव ओमप्रकाश विश्वकर्मा ने खेल परिषद अध्यक्ष को साफा और शॉल भेंटकर स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया।



### राजस्थान को पहली बार मिली है खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा होंगे आयोजन समिति के अध्यक्ष

## केन्द्रीय खेलमंत्री को-चेयरपर्सन, राज्य के खेलमंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ भी कमेटी में शामिल

खेप्र/नवज्योति, जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर में नवम्बर में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की ऑर्गनाइजिंग/कोर्डिनेशन कमेटी के चेयरपर्सन होंगे। केन्द्रीय खेलमंत्री को कमेटी का को-चेयरपर्सन बनाया जाएगा, जबकि राज्य के खेलमंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ भी ऑर्गनाइजिंग कमेटी में शामिल होंगे। राज्य सरकार के खेल सचिव कमेटी के सदस्य सचिव होंगे। यह समिति कार्यकारी समिति सहित सभी संबद्ध पक्षों को दिशा-निर्देश प्रदान करेगी। समिति के अध्यक्ष किसी भी अधिकारी, विशेषज्ञ, सलाहकार या प्रख्यात व्यक्ति को समिति में शामिल कर सकते हैं। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी पहली बार राजस्थान को सौंपी गई है। राजस्थान के इतिहास में यह सबसे बड़ा बहु खेल आयोजन होगा, जिसमें छह हजार से ज्यादा खिलाड़ी और अधिकारी हिस्सा लेंगे।



खेलों की मेजबानी मिलने के साथ ही राज्य सरकार और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में केन्द्रीय खेलमंत्रालय के संयुक्त सचिव डा. शोभित जैन की ओर से भेजे पत्र के बाद विभिन्न समितियों के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है।

### सीनियर ऑफिसर संभालेंगे फंक्शनल एरिया

खेल आयोजन के दौरान प्रशासनिक, तकनीकी, सुरक्षा, आवास, परिवहन और अन्य कार्य क्षेत्रों की जिम्मेदारी राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपी जाएगी। साथ ही अन्य अधिकारी उनका सहयोग करेंगे। साई की ओर से प्रत्येक फंक्शनल एरिया के लिए अलग नोडल ऑफिसर भी नियुक्त किया जाएगा। इसके साथ ही खेलों के तकनीकी प्रबंधन हेतु साई की ओर से गेम्स टेक्निकल कंडक्ट कमेटी (जीटीसीसी) का गठन किया जाएगा। यह समिति संबंधित राष्ट्रीय खेल महासंघों के सहयोग से प्रतियोगिता के तकनीकी पहलुओं की निगरानी करेगी।

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होगी कार्यकारी समिति

कार्यकारी समिति का नेतृत्व राज्य के मुख्य सचिव करेंगे और भारत सरकार के खेल सचिव इसके सह-अध्यक्ष होंगे। यह समिति खेलों के सुचारू संचालन और विभिन्न विभागों में समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी निभाएगी।

### 6000 से अधिक खिलाड़ियों की उम्मीद

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में देशभर से 6000 से अधिक खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और अधिकारियों के भाग लेने की संभावना है। विभिन्न समितियों का गठन यह सुनिश्चित करेगा कि आयोजन पारदर्शी, प्रभावी और समयबद्ध तरीके से हो। इस आयोजन से न केवल राजस्थान का स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा, बल्कि प्रदेश को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर नई पहचान भी मिलेगी।

### समिति के कार्यक्षेत्र

- खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 के संचालन की निगरानी व पर्यवेक्षण।
- कार्यान्वयन एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करना।
- आयोजन स्थलों के इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास की निगरानी।
- संबंधित परियोजनाओं की प्रगति पर नजर रखना।
- आयोजन/संयोजन समिति को समय-समय पर कार्यों की जानकारी देना।
- खेल सचिवालय को कार्यक्रम प्रबंधन हेतु दिशा-निर्देश प्रदान करना।
- कार्यकारी समिति की बैठक कम से कम माह में एक बार आयोजित करना।

### चौथा टेस्ट आज से, भारत की निगाहें बराबरी पर

# शार्दुल की वापसी, अंशुल को भी डेब्यू का मौका

**मैच का प्रसारण दोपहर 3.30 बजे से**





मैनचेस्टर। इंग्लैंड और भारत की टीमें बुधवार को जब ओल्ड ट्रैफर्ड के मैदान पर चौथे टेस्ट के लिए उतरेंगी, तो भारत का इरादा ना सिर्फ इस मैदान पर पहली जीत हासिल करने का बल्कि सीरीज में वापसी करने का होगा। भारतीय टीम फिलहाल चोटों से गुजर रही है और टीम के तीन से चार खिलाड़ी चोटिल हैं। हालांकि उनके लिए अच्छी खबर यह है कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पूरी तरह फिट होते दिख रहे हैं, जो लॉर्ड्स टेस्ट में विकेटकीपिंग के दौरान चोटिल हो गए थे।

### अर्शदीप नहीं खेलेंगे

ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी घुटने की चोट के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह शार्दुल ठाकुर वापसी कर सकते हैं, जो पहले टेस्ट में खेले थे। वहीं अर्शदीप सिंह बाएं हथेली की चोट के कारण इस टेस्ट से बाहर हैं, जबकि आकाश दीप भी चोटिल हैं। ऐसे में टीम में बुलाए गए युवा तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज को जगह मिल सकती है।

### इंग्लैंड का इरादा सीरीज पर कब्जा जमाना

वहीं इंग्लैंड की टीम लॉर्ड्स टेस्ट जीतकर आ रही है और उनका इरादा इस मैच को जीतकर पहले एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाना होगा। पिछले मैच में अपनी उंगली तुड़वा बैठे ऑफ स्पिनर बशीर अहमद सीरीज से बाहर हैं और उनकी जगह लियाम डॉसन को अंतिम एकादश में जगह मिली है। इंग्लैंड ने मैच के दो दिन पहले ही अपने एकादश का ऐलान कर दिया है।

### अंशुल पर रहेगी नजर

अंशुल कम्बोज को आनन-फानन में टीम में शामिल किया गया है, लेकिन लाल गेंद के साथ उनका घरेलू क्रिकेट का अनुभव उन्हें बड़े स्तर के लिए तैयार बनाता है। उन्होंने हाल ही में इंडिया ए की तरफ से इंग्लैंड का दौरा किया था और दो मैचों की तीन पारियों में पांच विकेट लिए थे, साथ ही बल्ले के साथ भी एक अर्धशतक बनाया था। इसके पहले उन्होंने आईपीएल 2025 में आठ मैचों में आठ विकेट लिए थे।

### मैच पर बारिश का खतरा

मैनचेस्टर टेस्ट में बारिश भारत के लिए मुसीबत बन सकती है। मंगलवार को यहां मैनचेस्टर में काफी बारिश हुई। इससे पहले लीड्स और बर्मिंघम में भी बारिश के कारण खेल को रोकना पड़ा था। मौसम रिपोर्ट के अनुसार, मैनचेस्टर में 23 जुलाई को पूरे दिन बादल छाए रहने की संभावना है। दोपहर के बाद हल्की बारिश की हो सकती है जिसके धीरे-धीरे बढ़ने के आसार हैं।

## दिल्ली के स्वर्ण जीतने वाले को मिलेंगे 7 करोड़

नई दिल्ली। दिल्ली के ओलंपिक और पैरालंपिक स्वर्ण पदक के विजेता को 7 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दी जायेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए दिल्ली सचिवालय में कैबिनेट की बैठक में खेल प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं के लिए नकद पुरस्कार राशि में भारी बढ़ोतरी की है। अब दिल्ली देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है, जो अंतरराष्ट्रीय विजेताओं को सर्वाधिक इनामी राशि देने जा रहा है।

# दिव्या सेमीफाइनल में

### हमवतन द्रोणावल्ली हरिका को हराया



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख ने शतरंज विश्वकप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। उन्होंने टाईब्रेकर में हमवतन द्रोणावल्ली हरिका को हराया। 19 साल की दिव्या ने टाईब्रेकर की पहली बाजी सफेद मोहरों से, जबकि दूसरी बाजी काले मोहरों से जीती। दोनों के बीच क्लासिकल प्रारूप की बाजियां बराबरी पर छूटी थीं। दिव्या पहली बार विश्वकप में खेल रही हैं। दिव्या से पहले 37 वर्षीय कोनेरू हंपी भी सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। दिव्या की सेमीफाइनल में चीन की तान जोंगयी से और हंपी की चीन की ही ली टिंग जी से टक्कर होगी। यह पहली बार है जब दो भारतीय खिलाड़ियों ने विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। हंपी और दिव्या के पास कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने का बेहतरीन मौका है। शीर्ष तीन खिलाड़ियों को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में प्रवेश मिलना है।

### आज संसद में पेश होगा राष्ट्रीय खेल विधेयक

# अन्य राष्ट्रीय खेल संघों की तरह बीसीसीआई भी होगा दायरे में

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को राष्ट्रीय खेल विधेयक के दायरे में लाया जाना तय है। राष्ट्रीय खेल विधेयक बुधवार को संसद में पेश किया जाना है।

खेल मंत्रालय के एक सूत्र के अनुसार इस विधेयक के पारित होने के बाद बीसीसीआई को अन्य राष्ट्रीय खेल महासंघों की तरह देश के कानून का पालन करना होगा।

क्रिकेट को 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेलों में शामिल किए जाने के बाद बीसीसीआई भी ओलंपिक आंदोलन का हिस्सा बन गया है। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने मंगलवार को बताया कि बीसीसीआई बुधवार को संसद में पेश किए जाने वाले नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नन्स बिल में शामिल होगा। सूत्रों के अनुसार सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों की तरह, बीसीसीआई को भी इस विधेयक के अधिनियम बन जाने के बाद देश के कानून का पालन करना होगा। राष्ट्रीय खेल विधेयक समय पर चुनाव, प्रशासनिक जवाबदेही और खिलाड़ियों के कल्याण के लिए एक मजबूत ढांचे को संस्थागत रूप देने का प्रयास करता है।

बीसीसीआई साल 1926 में इंपीरियल क्रिकेट सम्मेलन में शामिल हो गया था, जो बाद में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल बनी। बीसीसीआई एक स्वायत्त निजी संगठन है। बीसीसीआई भारत सरकार के राष्ट्रीय खेल महासंघ के दायरे में नहीं आता है।

## टोरंटो मास्टर्स टेनिस से हटे कार्लोस अल्कारेज



टोरंटो। विश्व के दूसरे नंबर के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने टोरंटो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। अल्कारेज पहले ऐसे खिलाड़ी नहीं है जिन्होंने इस टूर्नामेंट से नाम वापस लिया है। अल्कारेज से पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर, छठे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और पांचवें नंबर के खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने अगले सप्ताह शुरू होने वाली इस हार्ड कोर्ट प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया था। पांच बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्कारेज विंबलडन के फाइनल में सिनर से हार गए थे।

### आरसीए और परिषद के बीच बनी सहमति

# मुख्य मैदान का किराया एक लाख, छोटे ग्राउण्ड का 50 हजार होगा

खेप्र/नवज्योति, जयपुर। राजस्थान खेल परिषद और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) के बीच सवाई मानसिंह स्टेडियम के ग्राउण्ड को लेकर सहमति बन गई है। परिषद के अध्यक्ष डॉ. नीरज कुमार पवन ने मंगलवार को कहा कि आरसीए पदाधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत के बाद सहमति बन गई है।

खेल परिषद आरसीए की ओर से बीसीसीआई के मैचों और घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंटों का कार्यक्रम आने के बाद सशुल्क ग्राउण्ड का आवंटन कर देगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में परिषद की ओर से आज ही एक पत्र भेजकर आरसीए को इसकी जानकारी दे दी है।

आरसीए ने खेल परिषद से रणजी ट्रॉफी सहित बीसीसीआई के मैचों के आयोजन के लिए एसएमएस स्टेडियम के मुख्य ग्राउण्ड के साथ छोटा ग्राउण्ड 20 जुलाई 2025 से मार्च 2026 तक उपलब्ध कराने की मांग की थी। परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया की ओर से मंगलवार को आरसीए को भेजे पत्र में कहा गया है कि मैचों के आयोजन का कार्यक्रम स्पष्ट भिजवाया जाए ताकि ग्राउण्ड का आवंटन किया जा सके। परिषद के पत्र के अनुसार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए एसएमएस स्टेडियम के मुख्य ग्राउण्ड का किराया एक लाख रुपए प्रतिदिन देना होगा, जबकि आरसीए के घरेलू टूर्नामेंटों के लिए रियायती दर पर 50 हजार रुपए प्रतिदिन के हिसाब से ग्राउण्ड उपलब्ध कराया जाएगा। इसी तरह छोटे ग्राउण्ड का किराया 25 हजार रुपए प्रतिदिन तय किया गया है। वहीं भवन के तृतीय फ्लोर पर चल रहे आरसीए कार्यालय का किराया भी 50 हजार रुपए प्रतिमाह तय किया गया है।

## बांग्लादेश ने टी-20 में पाक को 8 रन से हराया

मीरपुर। जाकेर अली (55) के अर्द्धशतक के बाद शोरिफुल इस्लाम (17 पर 3) और मेहदी हसन (25 पर 2) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत बांग्लादेश ने पाकिस्तान को दूसरे टी-20 मैच में 8 रन से हराकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। मीरपुर में मंगलवार को पाकिस्तान ने टॉस जीत पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 133 रन बनाए। जवाब में मेहमान टीम 19.2 ओवर में 125 रन बनाकर सिमट गई।

### जाकेर अली ने फिफ्टी लगाई

टॉस हराकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही। मोहम्मद नईम 3, कप्तान लिट्टन दास 8 और परवेज हसन इमोन 13 रन बनाकर आउट हो गए। तौहिद हदॉय खाता भी नहीं खोल सके। जाकेर अली ने फिर मेहदी हसन के साथ पारी संभाली। जाकेर ने 55 और मेहदी ने 33 रन बनाकर टीम को 80 के पार पहुंचा दिया।

## प्रणय चाइना ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में

चांगझोउ। एचएस प्रणय ने शानदार वापसी करते हुए चाइना ओपन 2025 के पुरुष एकल राउंड-ऑफ-16 में प्रवेश किया। यह बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट मंगलवार को चांगझोउ के ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में शुरू हुआ। विश्व के 18वें नंबर के खिलाड़ी जापान के कोकी वतनबे का सामना करते हुए, प्रणय ने धीमी शुरुआत के बाद वापसी करते हुए महज एक घंटे के अंदर 8-21, 21-16, 23-21 से रोमांचक जीत दर्ज की। पहला गेम हारने के बाद प्रणय ने दूसरे गेम में लय हासिल की और निर्णायक गेम में नाटकीय वापसी की, जहां वह नौ अंकों से पीछे थे और जीत हासिल करने से पहले उन्होंने पांच मैच पॉइंट बचाए।

### जयपुर में हुए वीएफआई एथलीट्स कमीशन के चुनाव

# प्रिया, गुरिंदर, चैतन्य और ललिता देवी वीएफआई कार्यकारिणी में शामिल



खेप्र/नवज्योति, जयपुर। वालीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया (वीएफआई) के एथलीट कमीशन के चुनाव जयपुर में संपन्न हुए। दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश की अनुपालना में गुप्त मतदान के जरिए कराए चुनाव में महिला वालीबाल में प्रिया चौधरी (16 वोट), पुरुष वालीबाल में गुरिंदर सिंह (17 वोट), पुरुष बीच वालीबाल में पी. कृष्ण चैतन्य (17 वोट) और महिला बीच वालीबाल में येन्दमूरी ललिता देवी (18 वोट) निर्वाचित हुए। एथलीट कमीशन की ओर से चारों निर्वाचित खिलाड़ी वीएफआई की कार्यकारिणी में शामिल होंगे। वीएफआई के महासचिव रामानन्द चौधरी ने बताया कि इन सभी को गुप्त मतदान के माध्यम से चुना गया, जिसमें कुल 23 पात्र उम्मीदवारों ने भाग लिया। चुनाव की प्रक्रिया रिटर्निंग ऑफिसर रिटायर्ड आरएएस राधेश्याम शर्मा की निगरानी में पूर्ण पारदर्शिता और वीडियोग्राफी के साथ सम्पन्न हुई।

चौधरी ने बताया कि वीएफआई कार्यकारिणी की 30 जून को दिल्ली में हुई बैठक में एथलीट्स कमीशन के गठन को मंजूरी दी गई और फिर 4 जुलाई को अधिसूचना जारी कर खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किए गए। चौधरी ने बताया कि वीएफआई के संविधान के अनुसार चार खिलाड़ियों को एथलीट कमीशन में नामित किया गया है। इनमें चिराग सुरेश यादव, अनुश्री घोष, एमसीआर कृष्णम राजू और पी. नर्मदा शामिल हैं। विजयी उम्मीदवारों को वीएफआई के अध्यक्ष वीरेन्द्र कंवर ने बधाई दी।

# विनीत मेहता गोल्फ में गिर्राज सिंह बने प्रोफेशनल वर्ग के ग्रॉस विनर




खेप्र/नवज्योति, जयपुर। रामबाग गोल्फ क्लब में आयोजित दो दिवसीय विनीत मेहता मेमोरियल गोल्फ टूर्नामेंट के प्रोफेशनल कैटेगरी में गिर्राज खड़ाका ग्रॉस विनर रहे, जबकि अभ्युदय रावत उपविजेता रहे। अमेच्योर कैटेगरी का खिताब मनोविराज शेखावत ने जीता, जबकि नितेश बन्दावला और रोहित गोठवाल को संयुक्त रूप से उपविजेता घोषित किया गया।

समापन में स्व. विनीत मेहता की पत्नी और खुद गोल्फर रहीं मुक्ता मेहता और बेटी दीप्ति मेहता ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। क्लब के कैप्टन योगेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष गिर्राज अग्रवाल और टूर्नामेंट कमेटी के संयोजक डा. हिमांशु शर्मा भी मौजूद थे। हैंडीकैप 0-9 कैटेगरी में रुद्र राजेश्वर विजेता और दुशवराज उपविजेता, 10-16 कैटेगरी में मनीष कुमावत (जूनियर) विजेता और अनुरोध सबलावत उपविजेता तथा 17-24 हैंडीकैप कैटेगरी में ओमप्रकाश सारस्वत विजेता और डा. राकेश थापर उपविजेता रहे। बेस्ट सीनियर गोल्फर का खिताब प्रताप सिंह, बेस्ट सुपर सीनियर गोल्फर का एनएस राठौड़ और बेस्ट लेडी गोल्फर का खिताब डा. अंजली जैन ने जीता। नियरेस्ट टू पिन के विजेता अहसास खानिजाऊ, लांगेस्ट ड्राइव के विजेता देवव्रत सिंह, वेटरन लांगेस्ट ड्राइव के विजेता निरंकार सिंह, लेडीज लांगेस्ट ड्राइव की विजेता मोनिषा सामरिया और स्ट्रेटेस्ट ड्राइव के विजेता अर्चित गोयल रहे।

**सर्राफा**



| | | | |
|---|---|---|---|
| चांदी | 1,17,000 | ↑ | 1200 |
| शुद्ध सोना | 1,02,000 | ↑ | 600 |
| जेवराती सोना | 95,000 | ↑ | 600 |
| 18 कैरेट गोल्ड | 79,500 | ↑ | 500 |
| 14 कैरेट गोल्ड | 63,200 | ↑ | 600 |

### चांदी 1200 रुपए और सोना 600 रुपए महंगा

ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। लगातार तेजी पर सवार शुद्ध सोना 600 रुपए की छलांग लगाकर 1,02,000 रुपए प्रति दस ग्राम रहा। जेवराती सोना 600 रुपए बढ़कर 95,000 रुपए प्रति दस ग्राम रहा। चांदी 1200 रुपए की छलांग लगाकर 1,17,000 रुपए प्रति किलो रही। हाजिर बाजार में खरीदारी की रफ्तार धीमी पड़ी। निवेशक मुनाफावसूली में जुट गए हैं। तेजी की मुख्य वजह वैश्विक बाजार में जारी उथल पुथल है।

# चौतरफा बिकवाली के बीच प्रमुख सूचकांकों में गिरावट



एजेंसी/नवज्योति, मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को शुरुआती तेजी के बाद बिकवाली हावी हो गयी और सीमित कारोबार के बीच प्रमुख सूचकांकों में हल्की गिरावट दर्ज की गयी। हालांकि अच्छे तिमाही परिणाम के दम पर सेंसेक्स में शामिल इटरनल का शेयर 10 प्रतिशत की जोरदार उछाल के साथ बंद हुआ। सुबह के सत्र में पिछले कारोबारी दिवस की तेजी को बरकरार रखते हुये बीएसई का सेंसेक्स 327.09 अंक की तेजी के साथ 82,527.43 अंक पर खुला और 82,538.17 अंक तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बाजार में बिकवाली शुरू हो गयी और दोपहर के करीब सेंसेक्स 82,110.63 अंक तक उतर गया था। अंत में यह 13.53 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की हल्की गिरावट में बंद हुआ।

### इटरनल का मुनाफा 28% बढ़ा

ऐप आधारित फूड डिलिवरी ब्रांड जोमैटो की प्रवर्तक कंपनी इटरनल का मुनाफा 28% बढ़ने से इसका शेयर आज जबरदस्त उछाल पर था। यह सेंसेक्स में सबसे ज्यादा 10.56% चढ़ा। टाइटन में भी 1.08% की बढ़त रही।

### सबसे ज्यादा टाटा टूटा

रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस और एलएंडटी के शेयरों में गिरावट रही। सेंसेक्स में टाटा मोटर्स के शेयर सबसे ज्यादा 2.04 प्रतिशत टूटे। अडानी पोर्ट्स के शेयर भी दो प्रतिशत की गिरावट में रहे।

### चीन का शंघाई कंपोजिट बढ़ा

विदेशी बाजारों में मिश्रित रुख देखा गया। एशिया में जापान का निक्केई 0.11% टूट गया। हांगकांग का हैंगसेंग 0.54% और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.62 फीसदी की बढ़त में बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.07% ऊपर कारोबार कर रहा था जबकि जर्मनी का डैक्स 0.82% नीचे था।

## सेलीरैप इंडस्ट्रीज लिमिटेड का आईपीओ 25 को खुलेगा

एजेंसी/नवज्योति,नई दिल्ली। सेलीरैप इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की घोषणा की है, जो 25 जुलाई 2025 को खुलेगा और 29 जुलाई 2025 को बंद होगा। इसका लिस्टिंग प्रस्ताव 01 अगस्त 2025 को एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर किया गया है। यह आईपीओ 36,48,000 इक्विटी शेयरों के नए निर्गम का होगा। 1983 में सुशील कुमार पोद्दार द्वारा एक प्रोप्राइटरशिप फर्म के रूप में स्थापित और 2004 में एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रूप में शामिल की गई सेलीरैप इंडस्ट्रीज ने चार दशकों में स्वयं को एक विश्वसनीय निर्माता के रूप में स्थापित किया है, जो चिपकने वाले और गैर-चिपकने वाले दोनों प्रकार के प्रोसेस्ड कंपोनेंट्स बनाती है। कंपनी की उपस्थिति गुरुग्राम, रानीपेट, कांचीपुरम और पुणे में फैली हुई है।

# हुण्डई क्रेटा-ट्रस्ट, इनोवेशन और अनडिस्प्यूटेड लीडरशिप का एक दशक

**2015 में लॉन्च के बाद से सबसे ज्यादा बिकने वाली मिड साइज एसयूवी**

**12 लाख से ज्यादा ग्राहकों के साथ क्रेटा लाखों परिवारों का भरोसेमंद ब्रांड**



एजेंसी/नवज्योति,गुरुग्राम। गर्व, विरासत और भावनाओं में डूबे खास पलों के साथ हुण्डई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने भारत में हुण्डई क्रेटा के 10 शानदार साल पूरे कर लिए हैं। जुलाई, 2015 में एच एम आई एल ने मिड.एसयूवी सेगमेंट में एक बड़ा कदम उठाया था, जो आज 12 लाख से ज्यादा भारतीय परिवारों में पावर, स्टाइल एवं एस्पिरेशन का पर्यायवाची बन गया है। इसने मिड-साइज एसयूवी सेगमेंट पर ऐसा प्रभाव डाला है कि देश में इस सेगमेंट को अक्सर क्रेटा सेगमेंट कह दिया जाता है। 2015 में लॉन्च के बाद से हर साल देश में सबसे ज्यादा बिकने वाली मिड.साइज एसयूवी बनी हुई है।



हुण्डई के मैनेजिंग डायरेक्टर उन्सू किम ने कहा कि हुण्डई क्रेटा का यह सफर बहुत भावनात्मक रहा है, यह भी सिर्फ हमारे लिए नहीं, बल्कि हर उस जीवन का हिस्सा बनाने वाले हर ग्राहक के लिए। यह सपनों, आजादी और प्रगति का प्रतीक है। क्रेटा सिर्फ एक प्रोडक्ट नहीं है, बल्कि यह रिवॉल्यूशन ऑन व्हील्स है। पिछले 10 साल में यह भारत में एसयूवी खरीदारों के लिए गोल्ड स्टैंडर्ड बन गई है। क्रेटा के 10 साल पूरे होने के मौके पर हुण्डई मोटर इंडिया लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक एवं चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर तरुण गर्ग ने कहा कि हुण्डई क्रेटा, सिर्फ एक मॉडल नहीं है, बल्कि यह केयर के साथ तैयार की गई, टेक्नोलॉजी के साथ निखारी गई और लाखों ग्राहकों के भरोसे से बनाई गई विरासत है। हुण्डई क्रेटा महत्वाकांक्षा, प्रगति एवं भरोसे का प्रतीक है।



## अमारा पार्टनर्स को ओवरसब्सक्रिप्शन

एजेंसी/नवज्योति,मुंबई। मिड.मार्केट प्राइवेट इक्विटी फर्म अमारा पार्टनर्स, जिसे प्रमुख निवेशक आनंद महिंद्रा का समर्थन प्राप्त है, ने घोषणा की है कि उसे 600 करोड़ के बेस फंड के लिए अपेक्षा से अधिक निवेश प्रतिबद्धताएं प्राप्त हुई हैं। यह निवेशकों के भरोसे को दर्शाता है कि फर्म भारत के अगली पीढ़ी के मिड-मार्केट चैंपियनों का समर्थन करने की रणनीति पर कायम है। इस फंड में भारत भर के प्रतिष्ठित संस्थागत निवेशकों की भागीदारी रही है। अब अमारा 200 करोड़ तक के ग्रीन शू ऑप्शन का उपयोग कर रहा है। ग्रीन शू ऑप्शन के हिस्से के रूप में, अमारा लीडरशिप सर्कल की शुरुआत की गई है। यह एक विशेष निवेशक समूह है, जिसमें भारत और वैश्विक कंपनियों के सीईओ और सीनियर लीडर्स शामिल हैं।

## मारुति के जापान-इंडिया इंस्टीट्यूट फॉर मैन्युफैक्चरिंग में प्रवेश शुरू

एजेंसी/नवज्योति, नई दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने हरियाणा के सोनीपत स्थित मास्टर अतुल सरकारी आईटीआई में अपने नव-स्थापित जेआईएम में पहले बैच के लिए प्रवेश शुरू कर दी हैं। जे आई एम सोनीपत के पहले बैच में चार ट्रेडों, मैकेनिक मोटर व्हीकल (एमएमवी) मशीनिस्ट, वेल्डर और फिटर में 100 से अधिक छात्र प्रवेश ले सकेंगे। पहला सत्र सितंबर 2025 में शुरू होगा। मारुति सुजुकी ने जे आई एम सोनीपत की स्थापना के लिए 10 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की है। राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीटी) से संलग्नित और मिनिस्ट्री ऑफ इकोनॉमीए ट्रेड एंड इंडस्ट्री (एमईटीआई) जापान द्वारा मान्यता प्राप्तए जे आई एम सोनीपत प्रशिक्षण की एक दोहरी प्रणाली का पालन करेगा जो सैद्धांतिक शिक्षा को व्यावहारिक कार्यस्थल प्रशिक्षण (ऑन द जॉब ट्रेनिंग) के साथ जोड़ता है। यह कार्यक्रम एनसीवीटी पाठ्यक्रम का पालन करेगा। इसके अलावा, इसमें सुरक्षा, गुणवत्ता, अनुशासन, काइजन और ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री से संबंधित जापान के मैन्युफैक्चरिंग के अन्य चर्चित तौर-तरीकों के जरूरी प्रशिक्षण शामिल होंगे।



## वी ने जयपुर में लॉंच की 5जी सर्विसेज

ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। वोडाफोन आइडिया (वी) कल से जयपुर में अपनी 5जी सर्विसेज का लॉंच कर रहा है। यह विस्तार वी की योजनाओं के मुताबिक 23 शहरों में 5जी रोलआउट के तहत किया गया है, जिसके तहत 17 प्रायोरिटी सर्किल्स को कवर किया जाएगा, जहां वी ने 5जी स्पैक्ट्रम का अधिग्रहण किया है।

इससे पहले वी ने मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, बैंगलोर, मैसुरू, चण्डीगढ़, पटना और नागपुर सहित मुख्य शहरों में 5जी सर्विसेज की शुरुआत की थी, कंपनी देशभर में अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक अपनी 5जी सर्विसेज का विस्तार जारी रखे हुए है। जयपुर में वी के यूजर, जिनके पास 5जी इने बल्ड डिवाइसेज हैं, वे कल से 5जी सर्विसेज का लाभ उठा सकते हैं। इंटरोडक्टरी ऑफर के तहत वी 299 रु. से शुरू होने वाले प्लान्स पर अनलिमिटेड 5जी डेटा भी लेकर आया है। उपभोक्ता हाई-डेफिनिशन स्ट्रीमिंग, गेमिंग, वीडियोकॉन्फ्रेन्सिंग, फास्ट डाउन लोड्स और रियल टाईम क्लाउड एक्सेस का लाभ उठा सकते हैं।

## महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ आरईवीएक्स सीरीज लॉंच, शुरुआती कीमत 8.94 लाख रुपए

ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने अपने अत्याधुनिक एक्सयूवी 3एक्सओ आरईवीएक्स सीरीज के लॉंच की घोषणा की, जिसकी शुरुआती कीमत आकर्षक रूप से 8.94 लाख (एक्स-शोरूम) रखी गई है। यह शानदार लॉंच समारोह के.एस मोटर्स, जयपुर में आयोजित किया गया, जिसमें उद्योग के प्रमुख हस्तियों और उत्साही ग्राहकों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को विशेष बनाया। लॉन्च के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में केएस गहलोत, करण गहलोत (डीलर प्रिंसिपलए केएस मोटर्स) और निकित शाह क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, राजस्थान उपस्थित रहे, जिन्होंने इस नए मॉडल की विशेषताओं और इसके बाजार में संभावित प्रभाव पर प्रकाश डाला।



एक्सयूवी 3एक्सओ आरईवीएक्स ने पिछले एक साल में एक लाख से अधिक वाहनों की बिक्री का शानदार मील का पत्थर हासिल किया है, जो इसके ग्राहकों के बीच लोकप्रियता और विश्वसनीयता को दर्शाता है। नई आरईवीएक्स सीरीज को प्रीमियम फीचर्स, बोल्ड स्टाइलिंग और सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ पेश किया गया है, जो आधुनिक ग्राहकों की बदलती जरूरतों और उनकी अनूठी व्यक्तित्व को प्रतिबिंबित करने की इच्छा को पूरा करता है। महिंद्रा के इस नए ऑफरिंग के साथ, अलग होना ही स्टाइल है, का संदेश दिया गया है, जो युवा और साहसी खरीदारों के लिए एकदम सही विकल्प है।

### आरईवीएक्स सीरीज की विशेषताएं

**आकर्षक बाहरी डिजाइनः** नया बॉडी कलर्ड ग्रिल, स्टाइलिश ब्लैक अलॉय व्हील्स, ड्युले-टोन रूफ और विशिष्ट बैजिंग जो वाहन को एक अनूठा लुक प्रदान करते हैं।

**प्रीमियम इंटीरियर्सः** 10 लाख रु. से कम कीमत में सी-एसयूवी सेगमेंट में असाधारण मूल्य, जिसमें लेदरेट सीट्स, सनरूफ और उन्नत कंफर्ट फीचर्स शामिल हैं।

## श्री राधा गोविंद, दक्षिणमुखी हनुमान एवं शिव परिवार की मंदिर में प्रतिष्ठा



ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। विराट ग्रुप ने सिर्फ शानदार घरों और समय पर डिलीवरी के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों के लिए भी एक अलग पहचान बनाई है। ग्रुप के प्रमुख प्रोजेक्ट विराट कृष्णाव में 19 जुलाई से शुरू हुए दिव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन भव्य भंडारे और प्रसादी वितरण के साथ हुआ। तीन दिन तक चले इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और पूरा वातावरण भक्ति, आस्था और शांति से भर गया। इस शुभ अवसर पर श्री राधा गोविंद, दक्षिणमुखी हनुमानजीए शिव परिवार और अन्य देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चार, यज्ञ और पूजा विधियों के साथ विधिपूर्वक की गई। कई संतों, यजमानों और स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति से इस आयोजन की महिमा को और बढ़ा दिया। ग्रुप के एमडी विवेक चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।

## बिरला का 'भारत के रंगों का उत्सव' अभियान शुरू

एजेंसी/नवज्योति,नई दिल्ली। अपनी पहली फिल्म, जिसमें गेटवे ऑफ इंडिया दिखाया गया है, की जबरदस्त सफलता के बाद, बिरला ओपस पेंट्स ने आज अपने 'भारत के रंगों का उत्सव' अभियान का अगला चरण शुरू किया। इस एनिमेटेड फिल्म में रंगों के माध्यम से जयपुर के भव्य हवा महल को एक नई कल्पना के साथ दिखाया गया है।

# मेडिकल वैल्यू ट्रेवल पॉलिसी को फोरेन एम्बेसी और इंडियन मिशन में प्रमोट करना होगाः संजय अग्रवाल



ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। सीआईआई राजस्थान के अध्यक्ष संजय अग्रवाल के अनुसार राजस्थान सरकार की ओर से मेडिकल वैल्यू ट्रेवल पॉलिसी (हील इन राजस्थान नीति-2025) का प्रारूप तैयार किया जाना एक स्वागत योग्य कदम हैं। हमें मेडिकल वैल्यू ट्रेवल पॉलिसी (एमवीटी) को राज्य के बाहर फोरेन एम्बेसीज् और इंडियन मिशनस् में प्रभावी तरीके से प्रमोट करना होगा। डॉ. बी.एस. तोमर, संयोजक, सीआईआई राजस्थान पैनल ऑन हेल्थकेयर और अध्यक्ष, निम्स यूनिवर्सिटी एंड हॉस्पिटल ने कहा सीआईआई राजस्थान ने अपने सिफारिश में एमवीटी पोर्टल और मोबाइल एप विकसित करने की अनुशंसा की थी जिसके माध्यम से पर्यटकों को चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी मिलेगी। नितिन गुप्ता, वरिष्ठ निदेशक और राज्य प्रमुख-सीआईआई राजस्थान के अनुसार पर्यटकों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होने पर राजस्थान की मेडिकल वैल्यू ट्रेवल (एम.वी.टी.) डेस्टिनेशन के रूप में एक नई पहचान बनेगी।





# आईसीसी ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उच्चस्तरीय संवाद के लिए मुलाकात की। इस अवसर पर राजस्थान की प्रगति को रणनीतिक निवेश, पर्यटन, ऊर्जा और रोजगार सृजन के माध्यम से गति देने पर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व आईसीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभ्युदय जिंदल ने किया। उनके साथ आईसीसी राजस्थान की चेयरपर्सन डॉ. जयश्री पेरीवाल एवं को-चेयरपर्सन जे. के. जाजू उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के साथ हुई यह संवादात्मक चर्चा बेहद उपयोगी रही, जिसमें औद्योगिक विस्तार, पर्यटन विकास और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।



## सूडोकु नवताल- 6706

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6705 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# प्रीमियम की वापसी के साथ एसबीआई लाइफ का 'स्वाधन सुप्रीम' लाइफ इंश्योरेंस प्लान

एजेंसी/नवज्योति,नई दिल्ली। वित्तीय दुनिया लगातार बदल रही है, और ऐसे समय में लोग कुछ ऐसे विकल्प खोज रहे हैं जो सिर्फ सुरक्षा ही नहीं, बल्कि समय के साथ-साथ कुछ ठोस फायदा भी प्रदान करे। पारंपरिक टर्म इंश्योरेंस सिर्फ जीवन कवर देता हैए जो जरूरी तो है, लेकिन अब कई लोग ऐसे प्लान चाहते हैं जो उनके परिवार को ज्यादा सुरक्षा दें और अगर सब कुछ ठीक रहता है, तो कुछ पैसे वापस भी मिलें।

एसबीआई लाइफ स्मार्ट स्वाधन सुप्रीम खासतौर पर ऐसी ही जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह एक व्यक्तिगत, नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग लाइफ इंश्योरेंस सेविंग प्लान है, जो दो फायदे देती है, पहला अगर जीवन में कोई अनहोनी हो जाए तो बीमा सुरक्षा मिलती है, और दूसरा यदि बीमाधारक पूरी पॉलिसी अवधि तक सुरक्षित रहता है, तो जितना प्रीमियम भरा गया है, वह 100% वापस मिल जाता है।

इस तरह यह प्लान सुरक्षा और बचत दोनों को एक स्मार्ट समाधान में जोड़ता है।

**प्रमुख लाभः 1-लाइफकवरः प्रीमियम का रिटर्नः** अगर पॉलिसी की अवधि के दौरान बीमा धारक की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाती है, तो नॉमिनी को निम्न में से जो भी राशि ज्यादा होगी, वह दी जाती है।

बेसिक सम एश्योर्ड, सालाना प्रीमियम का 11 गुना, मृत्यु की तारीख तक चुकाए गए कुल प्रीमियम का 105%, यदि बीमा धारक पूरी पॉलिसी अवधि तक जीवित रहता है, तो उसे चुकाए गए कुल प्रीमियम की 100% राशि वापस मिलती है।

**2-फ्लेक्सिबल प्रीमियम और पॉलिसी की अवधिः** आप 7, 10, 15 साल या रेगुलर पेमेंट विकल्प में से प्रीमियम भरने की अवधि चुन सकते हैं। पॉलिसी की अवधि 10 से 30 साल के बीच रखी जा सकती है। यह जीवन के हर स्टेज के लिए उपयुक्त है, चाहे आप करियर की शुरुआत कर रहे हों या रिटायरमेंट की योजना बना रहे हों।

**3-एंट्री पॉइंटः** मिनिमम बेसिक सम एश्योर्ड की शुरुआत 25 लाख से होती है। पॉलिसी लेने की आयुरू 18 से 60 वर्ष के बीच, मैच्योरिटी की अधिकतम आयु 75 वर्ष तक।

**4-अतिरिक्त सुरक्षा के लिए ऑप्शनल राइडरः** एसबीआई लाइफ एक्सीडेंट बेनिफिट राइडर।

**विकल्प एः** एक्सीडेंटल डेथ बेनिफिट (एडीबी)

**विकल्प बीः** दुर्घटनावश आंशिक स्थायी विकलांगता लाभ (एपीपीडी)। जीवन को बदल देने वाली अचानक आने वाली घटनाओं के समय अतिरिक्त सुरक्षा के लिए।

जीवन के हर महत्वपूर्ण मोड़ पर, चाहे वह बच्चे का भविष्य हो, आपका रिटायरमेंट हो या सपनों का घर, आप एक ऐसे वित्तीय प्लान के हकदार हैं जो भरोसेमंद भी हो और फायदेमंद भी। एसबीआई लाइफस्मार्ट स्वाधन सुप्रीम सिर्फ सुरक्षा देने वाला प्लान नहीं हैए यह आपको आज पूरी तरह से जीने का आत्मविश्वास देता है, यह जानते हुए कि आपके परिवार का आने वाला कल सुरक्षित है।

## आज का भविष्यफल



श्रावण मास कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि बुधवार विक्रम संवत 2082 राष्ट्रीय शाके 1947 हिजरी 1447 मुस्लिम माह 01मोहर्रम27 सूर्य दक्षिणायन,वर्षा ऋतु। चतुर्दशी तिथि संपूर्ण दिन। आर्द्रा नक्षत्र शाम 05:54 बजे तक तत्पश्चात पुनर्वसु नक्षत्र। व्याघातयोग दोपहर 12:34 बजे तक तत्पश्चात हर्षण योग। विष्टीकरण दोपहर 03:23 बजे तक तत्पश्चात शकुनिकरण। चंद्रमा मिथुन राशि में संपूर्ण दिन।राहुकाल दोपहर12:00 बजे से 01:30 बजे तक। सूर्योदय प्रात 06:03 बजे। सूर्यास्त शाम 07:27 बजे। 23 जुलाई ईस्वी संवत 2025। विशेष श्री तिलक व आजाद जयंती, श्रावण मास शिवरात्रि।

**मेष** (ARIES) (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — मित्रों का सहयोग रहेगा, किन्तु मन अशांत रहेगा। बेवजह की चिंता के कारण आप स्वयं का समय नष्ट करेंगे। शेयर बाजार में निवेश में लाभ मिलेगा। संतान की ओर से शांति व लाभ। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय शुभ है, शिक्षा क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेंगे।

**वृष** (TAURUS) (ई उ ए ओ वा वि वू वे वो) — मानसिक अशांति रहेगी, मन व्यथित रहेगा। रक्तचाप संबंधी परेशानी हो सकती है। खानपान पर नियंत्रण रखें। संतान को समस्या होने की संभावना। जीवनसाथी को सम्मान दें। प्रेम संबंधों में संभल कर रहें, अचानक आए बदलाव से साथी से तकरार संभव है।

**मिथुन** (GEMINI) (का की कू घ ङ छ के को हा) — समय ठीक है। विदेशी व्यापार में लाभ होने की संभावना। शत्रु परास्त होंगे। राज्यपक्ष से लाभ होगा, बुजुर्गों से सहयोग मिलेगा। संतान से लाभ, शिक्षा के लिए विदेश जाने के योग। शेयर बाजार से लाभ होगा। साझेदारी में लाभ, धन निवेश संभल कर करें।

**कर्क** (CANCER) (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी रहेगी। आय से अधिक धन व्यय होगा। दुर्घटना की संभावना है, वाहन सावधानी से चलाएं। राज्यपक्ष से लाभ होगा। पिता व बुजुर्गों से सहायता प्राप्त होगी। घर में शांति का माहौल रहेगा। परिवारजन व मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह** (LEO) (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — शेयर बाजार में निवेश से लाभ। मित्रों से लाभ होगा। नए मित्र बनेंगे। व्यापार में नए सहयोगी मिलेंगे। आय स्थिर रहेगी। राजनीतिज्ञों को नए पद मिलने की संभावना। मन शांत रहेगा। घर में सामंजस्य होने से प्रेम बढ़ेगा। नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** (VIRGO) (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आय के साधन बढ़ेंगे। साझेदारों से सावधान रहें, धोखा मिलने की संभावना। संभलकर निवेश करें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। वाहन सुख मिलेगा। जमीन जायदाद के संबंध में नई योजना बनने की संभावना। स्वभाव में रूखेपन से प्रियजनों को परेशानी होगी।

**तुला** (LIBRA) (रा री रू रे रो ता ती तू ते) — परोपकारी व आध्यात्मिक स्वभाव का लाभ प्राप्त होगा। शत्रु सक्रिय रहेंगे। सहकर्मियों के साथ नई योजनाओं के बारे में वार्ता संभव है। लेनदेन में जल्दबाजी ना करें। आय के लिए नए क्षेत्रों में निवेश का मन बनेगा, भाग्य का साथ रहेगा। मन में शांति रहेगी।

**वृश्चिक** (SCORPIO) (तो ना नी नू ने नो या यी यू) — साझेदारी में हानि की संभावना है। किसी से धोखा प्राप्त हो सकता है, सावधानी बरतें। यात्रा की संभावना, संभल कर वाहन चलाएं। शत्रु सक्रिय रहेंगे। परिवार में खुशी का माहौल बनेगा। कार्यक्षेत्र में चल रहा तनाव अपनी सूझबूझ से दूर कर देंगे। घर में शांति का माहौल रहेगा।

**धनु** (SAGITTARIUS) (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — व्यवसायिक यात्रा की संभावना है। पुराना लेनदेन वसूल करेंगे। लाभ के अवसर मिलेंगे। सुख के साधन जुटाएंगे। राज्य पक्ष से लाभ होगा। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में मांगलिक कार्य होने की संभावना है। व्यवसाय व सामाजिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे।

**मकर** (CAPRICORN) (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — नया वाहन खरीदने का योग है। कार्यक्षेत्र में अधिकारी से मनमुटाव की संभावना। गुप्त शत्रु नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते है। पुराने रोग से परेशान रहेंगे, किसी से कहासुनी हो सकती है, वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यापार सामान्य रहेगा, आय स्थिर रहेगी।

**कुंभ** (AQUARIUS) (गु गे गो सा सी सू से सो दा) — नौकरी में सहकर्मी से लाभ मिलेगा। सुख के साधन जुटेंगे। न्यायिक कार्य पक्ष में हल होंगे। संतान कहे अनुसार कार्य करेगी, लाभ प्राप्त होगा। परिवार के स्वास्थ्य की चिंता दूर होगी। घर में मांगलिक कार्य होने की संभावना। सुख के साधन जुटेंगे। नई योजनाएं बनाएंगे।

**मीन** (PISCES) (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — सामाजिक कार्य में मन बढ़ेगा। थोड़े प्रयास से कार्य बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य करेंगे। धन की प्राप्ति होगी। कारोबार में वृद्धि। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। निवेश के कार्य में लाभ मिलेगा। मित्र व परिवारजन से किसी बात पर कहासुनी हो सकती है।

**टिप्पणी**

सही स्थिति का आकलन तो जन्म कुंडली से ही संभव है,तथापि प्रस्तुत राशिफल परम्परागत लीक से हट कर चन्द्र, नक्षत्र, स्वामी की गोचरस्थ स्थिति के अनुसार दिया गया है। इसमें प्राथमिकता लग्न राशि को दी जानी चाहिए, पश्चात् चन्द्र राशि को।

ज्योतिषाचार्य डॉ. सुषमा दिवाकर, पता: का./नि. 684/ 27, दिवाकर सदन, रामगंज, अजमेर। मो. 9214925494.

## शब्द पहेली - 6206



**बाएँ से दाएँ**

1. गंगा नदी का पानी-4
3. प्राचीन, आदिम, पुराण-4
5. अनुपयोगी, बुरा-3
7. पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर का संसदीय क्षेत्र-3
8. सुगंध-3
10. पशुओं का आहार-2
12. सौभाग्यवती स्त्रियों का एक व्रत जो अपने पति के लिए रखती है-5
14. पहरा, बचाव-2
15. मूल्य, दर, भाव-3
17. एक पिछड़ा प्रांत-3
18. कोमल, मुलायम-3
19. अनुभवी, ज्ञानी-4
20. सिखों के एक बाबा जिन्होंने 'सबका मालिक एक' का नारा दिया था-4

**ऊपर से नीचे**

1. तोते का प्यार से पुकारे जाने वाला नाम-4
2. गैर, बाहरी, इतर, पर, दीगर-3
3. कोतवाली, सिपाही चौकी-3,2
4. दुर्गापूजा के पूर्व के नौ दिन-4
6. चरित्रहीनता-3
9. कर्ता, करतार-5
11. द्वार, कपाट-4
13. रुकना, बेजान होना-3
16. अनुभव-4
17. विक्रयार्थ, बिकने योग्य-3

**शब्द पहेली -6205 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ब | हु | त | ■ | फ | जी | दा | र |
| ति | ल | ■ | र | प | या | र | ■ | फा |
| र | ■ | म | ■ | ल | ■ | स | मी | र |
| प | ट | री | ■ | क | म | ■ | न | ■ |
| ■ | ■ | ज | न | ■ | न | र | ■ | ■ |
| ■ | प | ■ | र | स | ■ | त | रं | ग |
| द | र | गा | ■ | ह | ■ | न | ■ | ठ |
| ह | ■ | ज | ल | ज | ला | ■ | ब | ज |
| न | फ | र | त | ■ | द | ल | र | ■ |

मंगल सैणचा,बैंगलोर

## अंतरराष्ट्रीय मून डे मनाया

नई दिल्ली। गुजरात साइंस सिटी में अंतरराष्ट्रीय मून डे को जोश और वैज्ञानिक ऊर्जा के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने एस्ट्रोनॉमी एंड स्पेस साइंस गैलरी का दौरा किया और चंद्रमा से जुड़ी रोचक और ज्ञानवर्धक जानकारियां प्राप्त कीं। इस कार्यक्रम में (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) के वैज्ञानिक आशीष सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



Scanned with OKEN Scanner



DNA 360154

गुर्जर आरक्षण मांगों पर कैबिनेट सब कमेटी की मीटिंग

# मांगों की तथ्यात्मक रिपोर्ट अगली बैठक में होगी पेश, उसके बाद होगा विचार



ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। अति पिछड़ा वर्ग एवं गुर्जर समाज की विभिन्न मांगों को लेकर बनी कैबिनेट सब कमेटी की बैठक मंगलवार को शासन सचिवालय में हुई। इसमें संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत तथा गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम सहित गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के प्रतिनिधि सहित आला अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में देवनारायण योजना की प्रगति, रोस्टर एवं विभिन्न भर्तियों में आरक्षण, आन्दोलन प्रभावितों को अनुकम्पा नियुक्ति, 5 प्रतिशत अति पिछड़ा आरक्षण को नवीं अनुसूची में शामिल कराने सहित समस्त बिन्दुओं की समीक्षा की गई। कार्मिक विभाग को भर्ती संबंधित विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण करने पर चर्चा हुई। साथ ही गुर्जर आरक्षण समिति द्वारा पिछली बैठक में सुझाएं पर अगली बैठक में तथ्यात्मक रिपोर्ट बनाकर लाने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। गृह विभाग को गुर्जर आरक्षण आंदोलन संबंधित मुकदमों का शीघ्र निस्तारण करने को कहा गया है। बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की एसीएस अपर्णा अरोड़ा, निदेशक आशीष मोदी, गृह विभाग एसीएस भास्कर ए. सावंत, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा गायत्री राठौड़, शासन सचिव, कार्मिक विभाग डॉ. कृष्णा कान्त पाठक, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल मौजूद रहे।

## डिप्टी सीएम ने राज्यपाल को तीज महोत्सव का दिया आमंत्रण



ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से राजभवन पहुंचकर मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान राज्यपाल को उन्होंने जयपुर में मनाए जाने वाले तीज महोत्सव का आमंत्रण भी दिया।



DNA 361652

# निर्माण कार्यों में पारदर्शिता के लिए लागू होगा नया सिस्टम

**25 से बजट प्रबंधन के सभी मॉड्यूल्स का आईएफएमएस-3.0 पर संचालन**

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। वित्त विभाग ने निर्माण कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित करने के लिए एक नई प्रक्रिया लागू की है। इस निर्णय के तहत अब 25 जुलाई से बजट प्रबंधन के सभी मॉड्यूल्स का संचालन आईएफएमएस-3.0 पर किया जाएगा। इसके जरिए विभिन्न निर्माण कार्यों, विशेषकर वृहद निर्माण कार्यों में प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति के लिए एकीकृत प्रक्रिया अपनाई जाएगी। विभाग के आदेश के अनुसार प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के बिना कोई भी निर्माण कार्य स्वीकृत नहीं किया जाएगा। पोर्टल पर स्वीकृति के लिए एक ही आईडी जारी की जाएगी, जिससे अनुमोदन प्रक्रिया सरल और तकनीकी रूप से ट्रैक की जा सके। स्वीकृति मिलने के बाद ही कार्य का बिऑक्यु तैयार होगा और इसकी ऑनलाइन एंट्री की जाएगी। निर्माण एजेंसी को कार्य प्रारंभ करने से पहले सभी स्तर की मंजूरी प्राप्त करनी होगी।

### एस्ट्रा आइटम की पारदर्शिता से अनुमति

विभागीय एसओपी के तहत अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। वृहद निर्माण कार्यों में वित्त विभाग से विशिष्ट सहमति लेना आवश्यक किया है। माप पुस्तिका को अब आईएफएमएस 3.0 से जोड़ दिया गया है, जिससे एस्ट्रा आइटम की अनुमति पारदर्शिता से दी जा सके।

### निगरानी में डिजिटल प्लेटफॉर्म

यह नई व्यवस्था निर्माण कार्यों में वित्तीय अनियमितताओं को रोकने, समयबद्ध कार्यान्वयन और बजट के प्रभावी उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार का उद्देश्य प्रत्येक परियोजना की निगरानी को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाना है, ताकि योजनाओं की प्रगति का ट्रैक रखा जा सके और जवाबदेही तय की जा सके।

# धनखड़ के अचानक इस्तीफे ने चौंकाया राजस्थान को लगा बड़ा धक्का: गहलोत



ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफा देने पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रतिक्रिया दी है।

गहलोत ने जारी बयान में कहा है कि उपराष्ट्रपति का इस्तीफा क्यों हुआ, यह केवल भाजपा के नेता ही बता सकते हैं, उनसे बेहतर कोई नहीं जानता है। इस्तीफे घटना ने पूरे देश को चौंका दिया है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि आजादी के बाद में उपराष्ट्रपति के पद से पहली बार इस्तीफा हुआ है। स्वास्थ्य कारणों का हवाला देने की बात कही जा रही है, लेकिन आम लोगों को और किसी को भी इसमें सच्चाई नहीं लग रही है। यह घटना ऐसे वक्त पर हुई है जब पीएम मोदी विदेश दौरे पर जा रहे हैं और अचानक उपराष्ट्रपति का इस्तीफा होता है। धनखड़ राजस्थान के रहने वाले हैं, इसलिए राजस्थान को इससे बड़ा धक्का लगा है। वह किसानों की बात करते थे, चाहे वो संसद के अंदर हो चाहे वो बाहर हो। मैंने पहले भी कहा है कि लोकसभा के स्पीकर और राज्यसभा के चेयरमैन दबाव में काम करते हैं और वो सच्चाई आज सामने आ गई है। दबाव में काम करने वाला व्यक्ति ही इस तरह से अचानक इस्तीफा दे सकता है। सोमवार को दिनभर सदन की कार्यवाही चली है, बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक हुई है। अचानक शाम को इस्तीफा हुआ तो चौंकाने वाली घटना तो है। अब इसमें सच्चाई क्या है वो आने वाले दिनों में पता चलेगी। धनखड़ के परिवार से मेरे 50 साल पुराने रिश्ते हैं। मुझे बहुत दुख हुआ है कि उनका इस्तीफा हुआ है।

### दिलावर आज शिक्षा अधिकारियों से करेंगे संवाद

ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर बुधवार को शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ संवाद करेंगे। संवाद कार्यक्रम में जयपुर जिले के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य और इससे ऊपर के अधिकारी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम सुबह 11 बजे माहेश्वरी पब्लिक स्कूल प्रतापनगर में होगा।

स्वामित्वाधिकारी नवज्योति प्रिंटिंग प्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक, प्रकाशक दीनबंधु चौधरी के द्वारा नवज्योति प्रिंटिंग प्रेस, जोबनेर बाग, स्टेशन रोड एवं दैनिक नवज्योति टॉवर, आम्रपाली सर्किल, वैशाली नगर जयपुर, से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक दीनबंधु चौधरी, स्थानीय सम्पादक सुबोध कुमार पारीक। फोन नं. 0141-2206661, 2206662, 2206663, फैक्स नं. 0141-2206373, ई-मेल: news.jaipur@dnavajyoti.com, advt.jaipur@dnavajyoti.com, RNI-6624/60, Postal Reg. No. Jaipur city/003/2024-26, अजमेर कार्यालयः नवज्योति कॉम्पलेक्स, केसरगंज एवं दीपक नगर, आई.जी. ऑफिस के पास, कांकरदा, जयपुर रोड, अजमेर। फोन नं. 0145-2426636, 2429516, 2627973, 2622925, 2426170 (36 Ext.Lines), फैक्स नं. 0145-2425873, 2625455, ई-मेल: news.ajmer@dnavajyoti.com, advt.ajmer@dnavajyoti.com, कोटा कार्यालयः 2, नया भाटा रोड, कोटा फोन नं.-0744-2941756, 757, 758, 759 फैक्स नं. 0744-2941759 ई-मेल: news.kota@dnavajyoti.com, advt.kota@dnavajyoti.com, जोधपुर कार्यालयः दैनिक नवज्योति टावर, खसरा नं. 91, अणदाराम स्कूल के पास, नहर रोड, जोधपुर। फोन नं. 0291-2949300, 2944630, 3554974 ई-मेल: news.jodhpur@dnavajyoti.com, advt.jodhpur@dnavajyoti.com, उदयपुर कार्यालयः 1810, पर्वेरियों की मादड़ी, सविना बाईपास रोड, डॉ. गिरिजा व्यास पेट्रोल पम्प के पास, उदयपुर। फोन नं. 0294-2488381, 2488382, 2488383, फैक्स नं. 0294-2488384 ई-मेल: news.udaipur@dnavajyoti.com, advt.udaipur@dnavajyoti.com,

Scanned with OKEN Scanner

# परिवेश

दैनिक नवज्योति
आपके लिए, आपके साथ
dnavajyoti.com
बुधवार, 23 जुलाई, 2025

हरियाली तीज
27 जुलाई





## घेवर बिना फीकी तीज

**घर पर बनाएं, खास मलाई घेवर, आसान रेसिपी आपके लिए....**

### मलाई घेवर

**जरूरी चीजें**

- घेवर के लिए- मैदा 2 कप, जमा हुआ घी, ठंडा दूध - आधा-आधा कप, घी या रिफाइंड तेल - तलने के लिए
- चाशनी के लिए- चीनी - डेढ़ कप, पानी - एक कप, केसर या इलायची पाउडर
- मलाई के लिए- मावा- एक कप, दूध- चौथाई कप, पिसी चीनी - दो चम्मच, केसर और इलायची, बादाम-पिस्ता



**तरीका :** बर्तन में ठंडा घी डालें, बर्फ के टुकड़े डाल फेंटें। अब मैदा मिलाएं, धीरे-धीरे दूध डालें। पानी डाल पतला घोल तैयार करें। कढ़ाही में घी/तेल गरम करें। एक स्टील के छेद वाले घेवर मोल्ड (या गहरा छोटा भगोना) इस्तेमाल करें। गरम घी में बीच से धीरे-धीरे घोल डालें, जिससे घेवर की जालीदार परत बने। सुनहरा होने तक तलें। निकाल कर ठंडा करें।

अब चाशनी की सारी सामग्री मिलाकर एक तार की चाशनी बनाएं। अब मलाई के लिए मावा व दूध पकाएं फिर बाकी चीजें मिला ठंडा करें। अब घेवर को चाशनी में डुबाकर मलाई फैलाएं, पिस्ता-बादाम और केसर से सजाएं।

# सिंगार, सावन और स्त्री मन का उत्सव

**हरियाली तीज केवल एक पर्व नहीं है, यह स्त्री मन की अभिव्यक्ति भी है। मायके की सोंधी महक, ससुराल के रिश्तों की नमी और झूलों संग झूमता है जीवन...**

सावन की फुहारें जब धरती को भीगने लगती हैं, पेड़ों की डालियां हरी चुनर ओढ़ लेती हैं, उसी मौसम में स्त्रियों का एक उत्सव हरियाली तीज के नाम से जीवन में रंग भरता है। यह पर्व भले ही पारंपरिक रूप से धार्मिक व्रत के रूप में जाना जाता हो, पर असल में यह स्त्री जीवन के सौंदर्य, उसकी सामाजिक भूमिका और रिश्तों की बुनावट का उत्सव है।



### सिंगार और सौंदर्य का महीना

हरियाली तीज दरअसल शृंगार और आत्म-प्रेम का पर्व है। यह वह समय होता है जब स्त्रियां अपनी दिनचर्या से निकलकर खुद को सजाती-संवारती हैं। मेहदी की गंध, चूड़ियों की खनक, लहरिया परिधान और बारिश की बूंदें इन सबका सामूहिक सौंदर्य इस त्योहार की आत्मा है। राजस्थान में इस पर्व पर लहरिया पहनने की परंपरा बहुत खास है। लहरिया न केवल सावन के झूले का हस्यात्मक प्रतीक है, बल्कि मानसून के हिलोरते मनोभावों को भी दर्शाता है। लहरिया में रंगों की लहरें जीवन की विविधता और स्त्री मन के भावुक स्पंदनों की तरह दिखाई देती हैं।

### तीज और रिश्तों की मिठास

इस पर्व की खास बात यह है कि यह केवल स्त्री और उसके सिंगार तक सीमित नही है। यह उसके दोनो घरो, मायके और ससुराल, के बीच पुल का काम करता है। एक ओर ससुराल से मायके उपहार आते हैं जिन्हे सिंजारा कहा जाता है, तो दूसरी ओर विवाहिता स्त्रियां मायके जाकर अपनी बहनों, सहेलियों और मां के साथ उन दिनों को वह फिर से जीती हैं, जो उसके जीवन की सबसे अनमोल पूंजी है।

### सामूहिकता का पर्व

इस दिन का उल्लास सिर्फ नाच-गाने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसमें शामिल होती है सामूहिकता। एक साझा स्त्री-संसार, जहां दुख, प्रेम, चाहतें और हंसी सब एक साथ बहते हैं। गांवों की औरतें पीपल की छांव में झूले डालती हैं, लोकगीत गाती हैं वहीं शहरों में भी स्त्रियां मिलने-मिलाने का सिलसिला शुरू कर देती हैं।

### मौसम और मन का संगम

हरियाली तीज प्रकृति के सबसे खूबसूरत रूप 'सावन' के साथ स्त्री मन के भावनात्मक पक्ष को जोड़ती है। धरती जब हरियाली से लहलहा उठती है, स्त्री भी अपने भीतर के जीवन को नये रंगों से भर लेती है। यह कृतज्ञता का पर्व है—प्रकृति के प्रति, जीवन के प्रति और उन रिश्तों के प्रति जो उसे संबल देते हैं।

# कुछ नजारे कैमरे में नहीं आते वो मन के फ्रेम में बसते हैं

**बरसात के मौसम में सैर करना केवल एक दृश्यात्मक अनुभव नही होता, वह आत्मा के भीतर उतरने की एक रूहानी क्रिया बन जाती है, पर ऐसा तब होता है जब आप डूबकर इन नजारों को देखते हैं, हर लम्हे को रील और सेल्फी में समेटने की चाहत आपको भीतर से रुखा छोड़ सकती है...**



कितना सुखद एहसास है पानी से भरे काले बादलों को देखना। जब मेघ अपना प्रेम बरसाता है और धरती इसे समेटती हुए खिल उठ जाती है। सब कुछ रूहानी रूहानी। ऐसे में प्रकृति की गोद में खुद को सौंप कर मुक्त, शांत और निस्पृह हो जाना होता है। पर हम नहीं होते ऐसे, खुद को नहीं सौंपते, बल्कि मोबाइल में समेट लेना चाहते हैं कुदरत को। और सिर्फ कुदरत को नहीं, हमारा फोकस खुद पर होता है, हम भीग रहे हैं, नाच रहे हैं, गा रहे हैं, घूम रहे हैं, रील पर रील बना रहे हैं और सकुनू से दूर जा रहे हैं।

जबकि इंस्टाग्राम के फिल्टर से परे बारिश की सैर कोई तस्वीरबाजी का पल भर नहीं। यह उन क्षणों का संग है, जब बूंदें हथेली पर गिरती हैं और ऐसा लगता है जैसे परमात्मा ने कोई संदेश भेजा हो। हर बूंद मन पर पड़ती है जैसे कोई पुरानी याद सजीव हो उठी हो, कोई अधूरी कविता पूरी हो गई हो। भीगे पेड़ों के नीचे से गुजरते हुए जब हवा सिहरन देती है, तो वह केवल त्वचा को नहीं छूती, आत्मा को भी नम कर देती है। मिट्टी की सौंधी गंध, वह जो सिर्फ बारिश में ही आती है, एक अलौकिक सुरभि बन जाती है। वह घर की खिड़की से नहीं आती, वह आती है तब, जब कोई इन बूंदों के बीच खुद को समर्पित कर देता है।

एकांत की यात्रा, भीड़ से दूर शहर की चिल्लाहट थमती है, और प्रकृति की कानों में फुसफुसाती भाषा सुनाई देने लगती है। उस पल जब आप बिना छतरी, बिना जल्दबाजी, केवल अपने भावों के साथ चल रहे होते हैं, तब समझ आता है कि सुकून दिखाने की चीज नहीं, महसूस करने की विधा है। जीवन की पुनरावृत्ति बारिश में सैर करना किसी तपस्या से कम नहीं। यह भीतर की धूल को धो देता है। यह अहसास कराता है कि जिंदगी सिर्फ लक्ष्य पाने की दौड़ नहीं, बल्कि उन पलों को पकड़ने की कला है, जिनमें कुछ नहीं होते हुए भी सब कुछ होता है। तो अगली बार बारिश हो तो बस निकल जाइए बाहर और आंखों में नजारे भर लीजिए।



# पूरी दुनिया पर चढ़ा रंग मेहदी का

**मेहदी का इतिहास करीब 5000 साल पुराना है, इसके भीतर छिपी रंगत ने इसे पूरी दुनिया में लोकप्रिय और सिंगार का जरूरी हिस्सा बनाया है...**

प्राचीन मिस्त्र को मेहदी का जन्मस्थान माना जाता है। किंवदंती है कि महारानी क्लियोपेट्रा अपने शरीर को सजाने के लिए मेहदी का उपयोग करती थीं। वहीं मिस्त्र की ममीज के नाखूनों और बालों में मेहदी का प्रमाण मिलता है यानी उस युग में भी यह एक खास सांस्कृतिक और सौंदर्य परंपरा थी। मेहदी सिर्फ मिस्त्र तक सीमित नहीं रही। इसका विस्तार मध्य एशिया, उत्तरी अफ्रीका और भारत तक हुआ। माना जाता है कि वैदिक काल से ही मेहदी का उपयोग हो रहा है। मेहदी एक झाड़ी से मिलती है, जो कि अफ्रीका, उत्तरी ऑस्ट्रेलिया और दक्षिणी एशिया के उष्णकटिबंधी जलवायु में उगती है, ऐसे ठीक ठीक अनुमान नहीं लगा सकते कि इसका सौंदर्य के रूप में पहले इस्तेमाल किसने किया। प्रमाण इसके जरूर मिलते हैं कि दुनियाभर में विभिन्न धर्मों के लोग किसी न किसी रूप में इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। इसकी ठंडी तासीर ने इसे लोकप्रिय बनाया। पुराने समय में ठंडक के लिए और बालों पर रंग चढ़ाने के लिए मेहदी का प्रयोग स्त्री-पुरुष दोनों करते रहे हैं।



# यह बांध पर चादर चलने के दिन हैं...

**सावन की बारिश की तरह किशोर मन भी कभी थमता नहीं, बहता है—तेज, बेलगाम और बगैर चेतावनी के। यह वह उम्र है जब न सिर्फ शरीर बदलता है, बल्कि सोच, भावनाएं और सीमाओं का अर्थ भी बदलने लगता है। ऐसे में माता-पिता के लिए यह समझना जरूरी है कि बच्चों को कैसे संभाला जाए, रोकना टोकना नहीं, उन्हें समझना जरूरी है...**

बारिश ने सबकुछ लबालब भर दिया है, नदी, तालाब छलकने लगे हैं। बांध पर चादर चल रही है। सावन की यही तस्वीर किशोर मन की भी होती है, भीतर तक भरा हुआ, बंधनों को तोड़ने को आतुर और खुद से भी लड़ता हुआ।

किशोरावस्था एक ऐसा दौर है जब शरीर और मन दोनों में बदलाव की बाढ़ आ जाती है। यह उम्र का सबसे नाजुक मोड़ होता है। बच्चों के भीतर खुद से एक जिद होती है, अपने बदलते शरीर, अपनी बदलती भावनाओं को समझने और स्वीकार करने की। वे उलझते हैं, सवालों में घिरते हैं और बहुत बार सही-गलत का फर्क भी भूल जाते हैं।

ऐसे में अगर माता-पिता उन्हें रोकने-टोकने में जुटे रहें, तो ये भावनाएं और भी तीव्र हो जाती हैं, जैसे बांध पर अतिरिक्त दबाव बढ़ता है।



### पानी बहता है, बच्चे भी

हम पानी को पूरी तरह रोक नहीं सकते, लेकिन सही दिशा में मोड़ सकते हैं, सहेज सकते हैं। बिल्कुल वैसे ही, किशोर बच्चों को भी पूरी तरह रोका नहीं जा सकता, लेकिन सही संवाद, सहयोग और सहमति से उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा दी जा सकती है।

माता-पिता को चाहिए कि वे अपने डर, आशंकाओं और नियंत्रण की भावना को थामें। जरूरत है एक भरोसेमंद रिश्ता बनाने की, जहां बच्चा खुद आकर कहे—'मुझे समझ नहीं आ रहा', 'मैं गुस्से में हूं', 'मुझे अकेला छोड़ दो' या 'मेरी मदद करो', बच्चे जब खुद चलकर आएंगे तो निश्चित रूप से वे आपकी सलाह सुनेंगे भी और मानेंगे भी।

**कैसा हो व्यवहार बच्चों के साथ**

- **सुनना सबसे जरूरी:** बिना टोके, बिना जजमेंट के सुनें।
- **रोकने से पहले संवाद करें:** बच्चा क्यों कर रहा है, ये जानने की कोशिश करें।
- **नियम तय हों लेकिन लचीले:** जैसे बांध में गेट होते हैं, उसी तरह सीमाएं हों लेकिन कठोर नहीं।
- **शरीर और भावनाओं पर बात करें:** उन्हें समझाएं कि बदलाव स्वाभाविक हैं और शर्म का कारण नहीं।
- **खुद को अपडेट करें:** आज की पीढ़ी के तकनीकी और सामाजिक बदलावों को समझें।

याद रखें, अच्छी बारिश ही आगे के मौसमों के लिए जरूरी पानी और हरियाली छोड़ती है, वैसे ही अच्छी किशोरवय आगे जीवन की दिशा तय करती है।

## व्रत त्योहार

16 जुलाई से 22 जुलाई 2025 तक।

**23 जुलाई — मास शिवरात्रि**

चतुर्दशी के स्वामी शिवजी हैं। अतः उनकी रात्रि मे व्रत किया जाने से इस व्रत का नाम शिवरात्रि है। इस दिन पूरे दिन निराहार रहकर, इनके व्रत का पालन करना चाहिए। पंचाक्षरी मंत्र का जाप करना चाहिए।

**24 जुलाई — हरियाली अमावस्या**

श्रावण कृष्ण अमावस्या को हरियाली अमावस्या भी कहते हैं। सावन का महीना भगवान भोलेनाथ को अत्यंत प्रिय है। इस दिन पूर्वजों के निमित्त पिंडदान एवं दान-पुण्य के कार्य किए जाते हैं। मान्यता है कि श्रावणी अमावस्या के दिन वृक्षारोपण करने से जीवन के सारे कष्ट दोष दूर हो जाते हैं।

**27 जुलाई — हरियाली तीज**

हरियाली तीज का उत्सव श्रावण मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। यह उत्सव महिलाओ का उत्सव है। राजस्थान मे इस दिन कुमारी कन्याएं और सुहागन महिलाएं गौरीजी की पूजा करती हैं। व्रत रखती है।

**28 जुलाई — दूर्वा गणपति व सोमवार व्रत**

इस दिन प्रातः स्नान आदि करके सर्वतोभद्र मण्डल पर कलश स्थापना करके उसमें स्वर्णमय दूर्वा लगाकर उस पर स्वर्ण निर्मित गणेशजी को स्थापित किया जाता है। उनकी पूजा अर्चना करते है। सावन सोमवार का व्रत भक्त अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए रखते है।

- ज्योतिषाचार्य गोकुल चन्द सैनी

Scanned with OKEN Scanner

दुनिया के सबसे सुरक्षित देशों की लिस्ट जारी, टॉप पर अंडोरा

# ब्रिटेन और अमेरिका से ज्यादा सुरक्षित है भारत

अंडोरा लावेला। मौजूदा साल यानी 2025 के लिए न्यूमबेओ सेफ्टी इंडेक्स ने दुनिया के सबसे सुरक्षित देशों की लिस्ट जारी की है। न्यूमबेओ सेफ्टी इंडेक्स में यूरोपीय देश अंडोरा को दुनिया का सबसे सुरक्षित देश माना गया है। अंडोरा फ्रांस और स्पेन के बीच पाइरेनीज पर्वतमाला में बसा एक छोटा सा देश है। इस लिस्ट में शीर्ष पांच देशों में तीन अरब मुल्क शामिल हैं। वहीं भारत को अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों से ज्यादा सुरक्षित माना गया है। इस लिस्ट में कुल 147 देशों को शामिल किया गया है। लिस्ट में खाड़ी के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कतर और ओमान को ताइवान के साथ सबसे कम अपराध दर और मजबूत सुरक्षा ढांचे वाले दुनिया के शीर्ष पांच देशों में शामिल किया गया है। भारत इस लिस्ट में (स्कोरः 55.7) 66वें स्थान पर है। वहीं ब्रिटेन 87वें (स्कोरः 51.7) और अमेरिका 89वें (स्कोरः 50.8) स्थान पर है।



भारत इस लिस्ट में 66वें स्थान पर

### चीन-पाक से पिछड़ा भारत

भारत के पड़ोसी देशों की बात की जाए तो चीन इसमें सबसे बेहतर स्थिति में है। चीन ने लिस्ट में (स्कोरः 76.0) 15वां स्थान हासिल किया है। इस लिस्ट में श्रीलंका (स्कोरः 57.9) 59वें स्थान पर और पाकिस्तान (स्कोरः 56.3) 65वें स्थान पर है। ये दोनों देश भारत के आसपास ही जगह पाए है। वहीं राजनीतिक उथलपुथल से गुजर रहा बांग्लादेश (स्कोरः 38.4) 126वें स्थान पर है। आंकड़ों के अनुसार, दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला 2025 में सबसे असुरक्षित देश के रूप में उभरा है। वेनेजुएला दुनिया का सबसे कम सुरक्षित देश है। अफगानिस्तान की स्थिति भी काफी खराब है। तालिबान शासित अफगानिस्तान 144वें स्थान पर है। लगातार गृहयुद्ध और हिंसा से जूझ रहा सीरिया 140वें स्थान पर है।

### कैसे किया गया सर्वेक्षण

न्यूम्बियो सुरक्षा सूचकांक यूजर्स की ओर से दिए गए आंकड़ों को जमा करके तैयार किया गया है। यह आधिकारिक सरकारी आंकड़ो से भिन्न हो सकते हैं। इस सूचकांक में अपराध दर, सार्वजनिक सुरक्षा की धारणा, सामुदायिक पुलिसिंग में चुनौतियों और व्यक्तिगत सुरक्षा चिंता के कारकों का उपयोग किया गया है।

### 10 सबसे सुरक्षित देश

- 1-अंडोरा (84.7 सुरक्षा स्कोर)
- 2-संयुक्त अरब अमीरात (84.5 सुरक्षा स्कोर)
- 3-कतर (84.2 सुरक्षा स्कोर)
- 4- ताइवान (82.9 सुरक्षा स्कोर)
- 5- ओमान (81.7 सुरक्षा स्कोर)
- 6-आइल ऑफ मैन (आयरिश सागर में स्वशासित ब्रिटिश क्राउन डिपेंडेंसी)- 79 सुरक्षा स्कोर
- 7-हांगकांग (78.5 सुरक्षा स्कोर)
- 8- आर्मेनिया (77.9 सुरक्षा स्कोर)
- 9-सिंगापुर (77.4 के सुरक्षा स्कोर)
- 10- जापान (77.1 के सुरक्षा स्कोर)

### 10 सबसे असुरक्षित देश

- 147- वेनेजुएला (19.3 सुरक्षा स्कोर)
- 146-पापुआ न्यू गिनी (19.7 सुरक्षा स्कोर)
- 145- हैती (21.1 सुरक्षा स्कोर)
- 144- अफगानिस्तान (24.9 सुरक्षा स्कोर)
- 143- दक्षिण अफ्रीका (25.3 सुरक्षा स्कोर)
- 142- होंडुरास (28.0 सुरक्षा स्कोर)
- 141-त्रिनिदाद और टोबैगो (29.1 सुरक्षा स्कोर)
- 140-सीरिया (31.9 सुरक्षा स्कोर)
- 139-जमैका (32.6 सुरक्षा स्कोर)
- 138- पेरू (32.9 सुरक्षा स्कोर)

संक्षिप्त समाचार

## अनुदान मामले में हार्वर्ड और ट्रम्प प्रशासन के वकीलों में जमकर तकरार

एजेंसी/वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हार्वर्ड शिक्षा कार्यक्रमों के लिए अरबों डॉलर के सरकारी अनुदान को बंद करने के फैसले पर हार्वर्ड विश्वविद्यालय और ट्रंप प्रशासन के वकीलों में बोस्टन की एक अदालत में सोमवार को जोरदार बहस हुई। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश यहूदी-विरोधी भावना से लड़ने के लिए विश्वविद्यालय को दो अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के संघीय अनुदान रोकने पर संशय में दिखे। न्यायाधीश एलिसन बरोज ने सरकार के दावों को अजीब बताते हुए पूछा कि आखिर चिकित्सा अनुसंधान के लिए आवंटित धन न देने से यहूदी-विरोधी भावना कैसे रुकेगी। वहीं दूसरी ओर ट्रम्प के वकीलों ने तर्क दिया कि यहूदी-विरोधी पूर्वाग्रह से निपटने के लिए यह कटौती उचित और आवश्यक है। हार्वर्ड के वकीलों ने न्यायाधीश से सरकारी अनुदान के मसले पर तीन सितंबर तक फैसला सुनाने का अनुरोध किया है। यह समय सीमा ट्रम्प प्रशासन के विश्वविद्यालय को संघीय अनुदान संबंधी वित्तीय दायित्व पूरा करने को निर्धारित की गई है।

## रूस के खिलाफ फ्रांस लगाएगा नए प्रतिबंध

एजेंसी/पेरिस। फ्रांस ने रूस के खिलाफ नए प्रतिबंध लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट ने मंगलवार को फ्रांस इंटर रेडियो से बातचीत करते हुए कहा कि उनके मंत्रालय ने रूस के खिलाफ यूरोपीय प्रतिबंधों का एक नया पैकेज तैयार करना शुरू कर दिया है। बैरोट ने फ्रांस इंटर रेडियो से कहा, हम और भी आगे बढ़ेंगे, क्योंकि मैंने अपनी टीम को प्रतिबंधों का अगला नया पैकेज तैयार करने के लिए पहले ही कह दिया है, जो पहले से भी सख्त होगा। उन्होंने कहा कि अगर रूस युद्धविराम पर सहमत नहीं होता है, तो नये प्रतिबंध पैकेज को जल्द से जल्द मंजूरी दी जा सकती है।

## जून में इजरायल के हमले में ईरान के एक सौ एथलीट मारे गए

एजेंसी/तेहरान। जून में ईरान पर इजरायली हमलों में ईरान के 100 एथलीट मारे गए। तस्नीम समाचार एजेंसी ने ईरानी खेल उप मंत्री मोहम्मद शेरविन असबाकियान के हवाले से यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह ईरान के शहीद और पूर्व सैनिक मामलों के फाउंडेशन के प्रमुख सईद ओहादी ने कहा कि इजरायल के जून के हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,062 हो गई है और 5,800 अन्य घायल हुए है। तेरह जून को इजरायल ने ईरान पर गुप्त रूप से परमाणु हथियार बनाने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया। हवाई हमलों में परमाणु प्रतिष्ठानों, सैन्य नेतृत्व और हवाई अड्डों को निशाना बनाया गया और कई सैन्य कमांडरों और परमाणु वैज्ञानिकों की मौत हो गई। ईरान ने आरोपों को खारिज कर दिया और जवाबी कार्रवाई की।

पासपोर्ट पावर इंडेक्स में भारत की सबसे बड़ी छलांग

# अब भारतीयों की 59 देशों में वीजा-फ्री एंट्री



पेरिस। भारत ने हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में सबसे बड़ी छलांग लगाई है। पिछले छह महीनों में भारत 85वें स्थान से 77वें स्थान पर पहुंच गया है। यह इंडेक्स दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्टों को इस आधार पर रैंक करता है कि किसी देश का पासपोर्ट धारक कितने देशों में बिना वीजा के प्रवेश कर सकते हैं। भारत की यह छलांग हाल के वर्षों में एक प्रवृत्ति का हिस्सा है जहां पारंपरिक रूप से शक्तिशाली देश जैसे- अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम गिरावट की ओर बढ़ रहे हैं और भारत और सऊदी अरब जैसे अन्य देश लगातार ऊपर की ओर बढ़ रहे हैं।

### अमेरिका-ब्रिटेन की नीतियों का असर

हेनले एंड पार्टनर्स के सीईओ डॉ जुएर्ग स्टीफन ने कहा कि यह अमेरिका और यूके की बदलती नीतियों से प्रभावित माइग्रेशन के नए स्वरूप का परिणाम है। एक प्रेस विज्ञप्ति में स्टीफन के हवाले से कहा गया कि अमेरिकी अब दुनिया भर में वैकल्पिक निवास और नागरिकता विकल्पों की मांग में सबसे आगे हैं और ब्रिटिश नागरिक भी दुनिया भर में शीर्ष पांच में शामिल हैं। जैसे-जैसे अमेरिका और ब्रिटेन अंतर्मुखी नीतियां अपना रहे हैं, हम उनके नागरिकों को वैश्विक पहुंच और सुरक्षा की चाहत में उल्लेखनीय वृद्धि देख रहे हैं।

### सिंगापुर का पासपोर्ट सबसे शक्तिशाली

पासपोर्ट सूचकांक के अनुसार, सिंगापुर अभी भी दुनिया का सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट बना हुआ है। यहां के नागरिक दुनिया के 227 गंतव्यों में से 193 में वीजा-फ्री एंट्री ले सकते हैं। जबकि, अफगानिस्तान दुनिया का सबसे खराब पासपोर्ट बना हुआ है, जहां 25 देशों के केवल 25 गंतव्यों तक वीजा-फ्री पहुंच उपलब्ध है।

### भारत की स्थिति में कैसे हुआ सुधार

भारत पासपोर्ट इंडेक्स में 77वें स्थान पर पहुंच गया है और उसके पास 59 गंतव्यों तक वीजा-मुक्त पहुंच उपलब्ध है। प्रमुख कारण अमेरिका और ब्रिटेन के पासपोर्ट का कमजोर होना है। सीईओ स्टीफन ने कहा कि किसी देश के पासपोर्ट की स्थिति अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में उसके प्रभाव को दर्शाती है। स्टीफन ने कहा, आपका पासपोर्ट अब सिर्फ एक यात्रा दस्तावेज नहीं रह गया है- यह आपके देश के राजनयिक प्रभाव और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों का प्रतिबिंब है।

### सऊदी बढ़ा, अमेरिका-ब्रिटेन लुढ़के

पासपोर्ट इंडेक्स में सऊदी अरब ने पिछले छह महीनों में सबसे ज्यादा लंबी छलांग लगाई है और अपनी वीजा-मुक्त सूची में चार और गंतव्यों को जोड़ा है। दूसरी ओर अमेरिका और ब्रिटेन, दोनों एक-एक स्थान नीचे खिसक गए हैं। ब्रिटेन छठे स्थान पर और संयुक्त राज्य अमेरिका दसवें स्थान पर है। हेनली एंड पार्टनर्स ने एक विज्ञप्ति में कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका पहली बार शीर्ष 10 देशों से बाहर होने का जोखिम उठा रहा है।

## पहाड़ियों पर लगी आग



इंडोनेशिया के रियाऊ प्रांत की रोकन पहाड़ियों पर लगे दावानल का हेलिकॉप्टर से लिया गया चित्र।

## तेलंगाना सरकार आरटीसी की बसों में महिलाओं की 200 करोड़ मुफ्त यात्रा का जश्न मनाएगी

एजेंसी/हैदराबाद। तेलंगाना सरकार राज्य परिवहन निगम (आरटीसी)की बसों में महिलाओं की मुफ्त यात्रा की संख्या 200 करोड़ पार करने की खुशी में बुधवार को राज्य भर में जश्न मनाएगी। गौरतलब है कि तेलंगाना सरकार महिलाओं को मुफ्त में बस यात्रा की सुविधा मुहैया कराने के लिए महालक्ष्मी मुफ्त यात्रा योजना चलाती है। राज्य के परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने इस योजना की सफलता को लेकर बुधवार को राज्यव्यापी समारोह आयोजित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ये समारोह तेलंगाना भर में 97 आरटीसी डिपो और 341 बस अड्डों पर आयोजित किया जाएगा। यहां मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस मौके पर विशेष कार्यक्रम और सार्वजनिक बैठकें आयोजित होंगी जो इस योजना की सफलता और महिलाओं के सशक्तिकरण पर इसके प्रभाव को उजागर करेंगी।

## ओबीसी आरक्षण को लेकर कल्याण मंत्री ने राज्य के भाजपा सांसदों से इस्तीफा मांगा

एजेंसी/हैदराबाद। तेलंगाना के पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने प्रदेश के 42 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग आरक्षण कानून को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए केन्द्र में सत्तारूढ़ जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार पर दबाव बनाने के ख्याल से राज्य के भाजपा सांसदों के इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष एन रामचंदर राव की इस कथित टिप्पणी के लिए कड़ी आलोचना की कि संविधान की नौवीं अनुसूची में 42 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग आरक्षण शामिल करना संभव नहीं है।

## यूनेस्को से हटेगा अमेरिकाः ट्रम्प



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) से हटाने का फैसला किया है। उन्होंने इस संगठन पर ऐसे मसलों को समर्थन देने का आरोप लगाया है जो विभाजनकारी होते हैं। न्यूयॉर्क पोस्ट अखबार ने व्हाइट हाउस की उप प्रवक्ता अन्ना केली के हवाले से कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने यूनेस्को से अमेरिका को हटाने का फैसला किया है। संयुक्त राष्ट्र का यह संगठन विभाजनकारी सांस्कृतिक और सामाजिक मुद्दों का समर्थन करता है और उन सामान्य नीतियों से पूरी तरह अलग है जिनके लिए अमेरिकियों ने नवंबर में मतदान किया था।

## सीटी रवि ने पूर्वाग्रह से ग्रसित होने के खिलाफ दी चेतावनी

बेंगलुरु। कर्नाटक में भाजपा के पूर्व मंत्री सीटी रवि ने धर्मस्थल मामले में एसआईटी गठित करने के राज्य सरकार के फैसले का समर्थन तो किया लेकिन बिना उचित प्रक्रिया के एक प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था की सोशल मीडिया पर चल रही सुनवाई और मानहानि के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी। रवि ने कहा कि उनकी पार्टी किसी भी गलत काम की पारदर्शी, निष्पक्ष और ईमानदार जाँच का स्वागत करती है।

## भाजपा ने उत्तर प्रदेश को बना दिया है हत्या प्रदेश : अखिलेश



लखनऊ। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हर तरफ अराजकता का माहौल है। अपराधी जहां चाहे वहां हत्याएं कर रहे हैं वहीं महिलाओं के साथ अपराध की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है। अपराधी खुलेआम हत्याएं कर रहें है। भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को हत्या प्रदेश बना दिया है।

## मूर्ति निर्माण की कला



कोलकाता के कुमारटोली में माता दुर्गा की मूर्ति निर्माण के लिए मिट्टी से बने सिरों को सूखने के लिए आग के निकट रखा गया है। यह मूर्ति निर्माण की पारम्परिक कला का अंग है।

रूस का पुतिन की भारत यात्रा से पहले बड़ा दांव

# रूस ने भारत को दुनिया के सबसे शक्तिशाली टैंक टी-14 अमार्टा का दिया ऑफर

मास्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस साल भारत की यात्रा पर आ रहे हैं। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार हो रही इस यात्रा से पहले रूस ने भारत को सुखोई-57 स्टील्थ फाइटर जेट को भारत में बनाने का प्रस्ताव दिया है। इस बीच अब यह भी खुलासा हुआ है कि रूस भारत में अपने आधुनिक टैंक टी-14 अमार्टा को बनाने के लिए तैयार है। इसे दुनिया के सबसे शक्तिशाली टैंक में शामिल किया जाता है। रूस भारतीय सेना को ध्यान में रखकर टी-14 टैंक का स्पेशल वेरिएंट देने के लिए तैयार है। इस टैंक को बनाने वाली रूसी कंपनी भारतीय कंपनी के साथ ज्वाइंट वेंचर के तहत टी-14 टैंक को बनाना चाहती है। भारतीय सेना को अगली पीढ़ी के टैंक की सख्त जरूरत है। भारत दशकों से रूस से टैंक लेता रहा है, फिर चाहे वह टी-72 हो या फिर आधुनिक टी-90 टैंक।



### अभी टी-90 टैंक भारतीय सेना के मुख्य युद्धक टैंक

रूस भारत को अमार्टा टैंक की तकनीक साझा करके संयुक्त रूप से उत्पादन करना चाहता है। भारत में ऐसे ही टी-90 टैंक भी बनते हैं जो अभी भारतीय सेना के मुख्य युद्धक टैंक हैं। इस टैंक में पूरी तरह से डिजिटल सिस्टम लगा हुआ है और इसके बुर्ज या टुरेट में किसी भी सैनिक के बैठने की जरूरत नहीं होती है। इसे एआई तकनीक से भी लैस किया गया है। इसको चलाने वाले सैनिक चारों ओर से घिरे आर्मर्ड कैप्सूल के अंदर सुरक्षित होते हैं। रूसी सेना के तकनीकी अधिकारी व्लादिमीर द्रोझझोव ने साल 2023 में ही कहा था कि रूस यह तकनीक भारत को साझा करने के लिए तैयार है। अब पुतिन की यात्रा से पहले इस टैंक को लेकर फिर से बातचीत शुरू हो गई है।

### भारत और रूस के रिश्ते से ट्रंप भड़के

भारत और रूस के बीच पिछले कई साल से इसको लेकर बातचीत चल रही है। भारत के वर्तमान टैंक टी-72 और टी-90 अब काफी पुराने होते जा रहे हैं और आधुनिक पीढ़ी के टैंक की सख्त जरूरत है। वह भी तब जब चीन और पाकिस्तान भी लगातार अपनी टैंक ताकत को बढ़ा रहे हैं। भारत माना जा रहा है कि जल्द ही एक अंतरराष्ट्रीय टेंडर जारी कर सकता है। यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि क्या भारत पुतिन के इस ऑफर को मानेगा या नहीं। इसके पीछे एक बड़ी वजह पश्चिमी देशों का रूस के खिलाफ लगाया गया प्रतिबंध है। वहीं पश्चिमी देश भारत और रूस की दोस्ती को लेकर लगातार धमका रहे हैं। ट्रंप तो रूस तेल लेने पर भारत के खिलाफ 125 फीसदी टैरिफ लगाने की चेतावनी दे रहे हैं। रूस चाहता है कि भारत अपने फ्यूचर रेडी कॉम्बैट वीइकल प्रोजेक्ट के लिए टी-14 को मंजूरी दे। भारत का टी-72 टैंक 40 साल से भी ज्यादा पुराना है। भारत ने अपना स्वदेशी अर्जुन टैंक बनाया है लेकिन उसको बहुत कम संख्या में शामिल किया जा रहा है।

### रूस का टी-14 टैंक भारत के लिए कितना फायदेमंद ?

रूस ने अपने टी-14 टैंक के डिजाइन में काफी बदलाव किया है। टी-14 टैंक 55 टन वजनी है। यह पहला रूसी टैंक है जिसका Turret बिना किसी सैनिक के होगा। इस टैंक को चलाने के लिए 3 सैनिकों के चालक दल की जरूरत है। इसे इस तरह से बनाया गया है कि टैंक के अंदर मौजूद सैनिक दुश्मन के हमले में बचे रहें। इस टैंक को रूसी कंपनी Uralvagonzavod ने बनाया है। इसे सबसे पहले साल 2015 में विक्ट्री डे परेड के दौरान दुनिया के सामने प्रदर्शित किया गया था। इसमें 125एमएम 2ए82-1एम की गन लगी है। इस गन से लेजर गाइडेड मिसाइलों को भी दागा जा सकता है। यह टैंक माइनस 50 के तापमान में भी काम कर सकता है। इससे यह टैंक लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश के ठंडे इलाके में आसानी से काम कर सकेगा। साथ ही भारत चीन को करारा जवाब दे सकेगा। चीन का दावा है कि उसका वीटी-4 टैंक दुनिया के सबसे अच्छे टैंक में शामिल है।

Scanned with OKEN Scanner